सुप्रभात
रांची, रविवार
15.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 330



12 भारतीय सेना को मिले 419 जांबाज अफसर

## न्यूज डायरी

### एक्सिओम-4 मिशन की लॉन्चिंग अब 19 जून को

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-4 वाणिज्यिक मिशन अब 19 जून को लॉन्च होगा। यह मिशन भारत के लिए गर्व का क्षण होगा, क्योंकि शुभांशु शुक्ला, राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय होंगे, जो आंतरिक्ष पर जायेंगे। हालांकि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले शुभांशु शुक्ला पहले भारतीय होंगे। इससे पहले शुभांशु का एक्सिओम-4 मिशन कई बार टल चुका है।

### ईडी ने 42.85 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की

**रांची।** ईडी ने पेयजल घोटाले में संतोष कुमार की 42.85 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। पेयजल विभाग ने दो करोड़ की फर्जी निकासी के मामले में लिपिक संतोष कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। ईडी की ओर से जब्त संपत्ति संतोष कुमार और उसकी पत्नी ललिता देवी के नाम पर है। जब्त की गयी 42.85 लाख रुपये की संपत्तियों में बैंक में जमा राशि, म्युचुअल फंड, बीमा और शेयर के रूप में किया गया निवेश शामिल है।

### खूंटी से 1.48 करोड़ का अफीम-डोडा बरामद

**खूंटी।** बेडाहातु गांव के पास निमार्णाधीन पुल के पास शुकवार की देर रात पुलिस ने छापेमारी कर एक करोड़ 48 लाख 65 हजार रुपये मूल्य का अफीम-डोडा बरामद किया है। ट्रैक्टर पर लदे डोडा का वजन 991.01 किलोग्राम है। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर में डोडा लदे होने की सूचना 13 जून की देर रात मिली थी।

### ईरान में भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ईरान में भारतीय नागरिक और भारतीय मूल के लोगों को मदद के लिए भारतीय दूतावास के आपातकालीन नंबरों +98 9128109115 और +98 9128109109 पर संपर्क करने को कहा है। दूतावास ने सभी भारतीय लोगों को सतर्क रहने, अनावश्यक गतिविधियों से बचने, दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट को फॉलो करने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया है।

### विमान हादसे में लड्डू गोपाल सुरक्षित मिले



**अहमदाबाद।** विमान हादसे से पूरा देश जहां शोक में डूबा है, वहीं मलबे से आस्था का एक ऐसा चमत्कार सामने आया जिसने लोगों को भावुक कर दिया। बचाव दल को विमान के जले हुए टुकड़ों के बीच भगवान श्रीकृष्ण के बालरूप लड्डू गोपाल की एक मूर्ति पूरी तरह सुरक्षित हालत में मिली। वीडियो देखने के बाद लोग इसे आस्था की जीत मान रहे हैं। इससे पहले भी जलते विमान के अंदर भगवद् गीता की एक प्रति भी मलबे से सही-सलामत मिली थी।

## एनटीए ने नीट-यूजी 2025 परीक्षा के नतीजे जारी किये

# राजस्थान के महेश केसवानी को शीर्ष रैंक, हिमांशु झारखंड टॉपर

**प्रवेश परीक्षा परिणाम**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को नीट यूजी 2025 के नतीजे घोषित कर दिए। राजस्थान के हनुमानगढ़ के रहने वाले महेश केसवानी ने 720 में से 686 अंक हासिल कर देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा में मध्य प्रदेश के इंदौर के उत्कर्ष अवधिया ने सेकेंड रैंक और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी ने तीसरा रैंक हासिल किया है, जबकि झारखंड के हिमांशु को 134वां रैंक मिला है। वे इस रैंक के साथ झारखंड टॉपर बने हैं। इस बार परीक्षा में पूरे देश के 20 लाख से ज्यादा छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 12.36 लाख स्टूडेंट्स क्वालिफाई हुए हैं।

नीट यूजी 2025 का रिजल्ट फाइनल आंसर की के साथ वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवार लॉगिन आइडी की मदद से विषयवार अंक, कुल स्कोर, प्रतिशत रैंक और अपनी योग्यता स्थिति वेबसाइट पर देख सकते हैं। एनटीए जल्द ही एमबीबीएस और बीडीएस में दाखिले के लिए जरूरी कट-ऑफ अंक भी जारी कर सकता है। पिछले साल, सामान्य श्रेणी के लिए कट-ऑफ 50 प्रतिशत था, जबकि ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के लिए यह 40 प्रतिशत था। इस साल की कट-ऑफ भी ऑल इंडिया मेरिट लिस्ट में मिले उच्चतम अंकों के आधार पर तय की जायेगी। नीट यूजी 2025 में पास होने वाले छात्र एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए होने वाली केंद्रीकृत काउंसलिंग में शामिल होने के योग्य होंगे।

**पिछले साल से घट गया कट-ऑफ :** 2024 में अनारक्षित कैटेगरी के लिए कट-ऑफ स्कोर 162 था, जो इस साल घटकर 144 हो गया। बीते साल ऑल इंडिया रैंक-1 पर 17 स्टूडेंट्स थे। इन सभी ने 720 में से 720 स्कोर किए थे। इस साल मुश्किल पेपर की वजह से टॉपर का स्कोर और कट-ऑफ नीचे आ गया है।

### आर्ट्स लेकर यूपीएससी करना चाहते थे महेश



**ऑल इंडिया रैंक-1** हासिल करने वाले हनुमानगढ़ के महेश केसवानी ने बताया कि 10वीं के बाद वो आर्ट्स लेकर यूपीएससी की तैयारी करना चाहते थे। मगर एक टीचर के समझाने से उन्होंने साइंस ली और नीट की तैयारी करने लगे। उनकी इस सफलता ने न सिर्फ उनके परिवार और गांव को गर्व महसूस कराया है, बल्कि यह सीकर के लिए भी एक और बड़ी उपलब्धि है।

### एमपी के उत्कर्ष सेकेंड महाराष्ट्र के कृषांग थर्ड



इंदौर के उत्कर्ष अवधिया ने सेकेंड और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी ने तीसरा रैंक हासिल किया है। टॉप 10 में केवल एक लड़की है। दिल्ली की अविका अग्रवाल को फीमेल कैटेगरी में पहला स्थान मिला है।

### ब्रदर्स एकेडमी के हिमांशु 134वें रैंक के साथ बने झारखंड के टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी के हिमांशु नीट-यूनी 2025 की प्रवेश परीक्षा में झारखंड टॉपर बने हैं। उन्हें ऑल इंडिया रैंक 134 हासिल हुआ है। हिमांशु का मानना है कि एक औसत छात्र भी अपने दृढ़ संकल्प, आत्मबल, धैर्य और सघन परिश्रम के बल पर अपना एमबीबीएस करने का सपना पूरा कर सकता है। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेन्दु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है।



निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगे की जीवनयात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। संस्थान के सफल छात्रों के अभिभावकों ने सफलता के लिए छात्रों के अथक परिश्रम और एकेडमी के शिक्षकों को दिया है।

## विस्फोट में सीआरपीएफ जवान शहीद राज्यपाल और सीएम ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान नक्सलियों ने शनिवार को सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया, जिसमें सीआरपीएक 134 बटालियन के सत्यवान कुमार सिंह शहीद हो गये। जवान को इलाज के लिए ओड़िशा के राउरकेला अस्पताल भेजा गया। वहीं इलाज के दौरान जवान ने दम तोड़ दिया। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जवान के शहादत की पुष्टि की।

प. सिंहभूम पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ सारंडा के बीहड़ जंगलों में नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड एवं ओड़िशा के सीमावर्ती क्षेत्र के राउरकेला जिला के बोलांग थानान्तर्गत में अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में ये हादसा सुबह 6.30 बजे हुआ। नक्सलियों के खिलाफ अभियान अब भी जारी है।



इधर शहीद जवान का पार्थिव शरीर रांची लाया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को सेक्टर-2, धुर्वा के 133 बटालियन स्थित शहीद स्मारक उद्यान पहुंचकर शहीद जवान सत्यवान कुमार सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### विनय चौबे की याचिका पर 20 जून को सुनवाई

**रांची।** झारखंड शराब घोटाला के आरोपी व राज्य के वरीय आइएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में 20 जून को सुनवाई होगी। शुक्रवार को उनके केस की सुनवाई होनी थी और उनका मामला हाईकोर्ट में सूचीबद्ध भी था, लेकिन समय के अभाव के कारण उनके केस की सुनवाई नहीं हो पाई। जिसके बाद हाईकोर्ट में उनकी याचिका पर अगली सुनवाई की तिथि 20 जून मुकर्रर की गई है। विनय चौबे की याचिका पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई होगी। विनय चौबे ने हाईकोर्ट में उनके खिलाफ एसीबी द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी व कार्रवाई को निरस्त करने और एसीबी द्वारा उनकी गिरफ्तारी करने को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है।

## विजिलेंस क्लीयरेंस इंफोरमेशन सिस्टम को मंजूरी

# झारखंड में कर्मियों को प्रमोशन मिलने में अब नहीं होगा विलंब

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने सरकारी कर्मियों की पदोन्नति प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और तेजी से पूरा करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। अब ऑनलाइन निगरानी स्वच्छता प्रमाण पत्र की व्यवस्था शुरू की गई है, ताकि प्रमोशन प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं होगा। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में सभी विभागों को इस सिस्टम को लागू करने के निर्देश दिया गया है।

**विजिलेंस क्लीयरेंस इंफोरमेशन सिस्टम :** कार्मिक विभाग ने विजिलेंस क्लीयरेंस इंफोरमेशन सिस्टम विकसित किया है।

**ऑनलाइन प्रमाण पत्र:** इस प्रणाली के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 से ऑनलाइन निगरानी स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाएगा।

### क्या होगी पदाधिकारियों और विभाग की जिम्मेवारी

**पदाधिकारियों की जिम्मेदारी :** पदाधिकारियों का यह कर्तव्य होगा कि वे अपनी पदस्थापन संबंधी विवरणी को एचआरएमएस में अद्यतन रखें।

**विभाग की जिम्मेदारी :** विभाग का भी यह दायित्व होगा कि वे अपने पदाधिकारियों की पदस्थापन संबंधी विवरणी को इस प्रणाली में अद्यतन कराएं।

### आइएएस बाघमारे प्रसाद लगे आरोपों की फाइल सरकार ने की क्लोज

**रांची।** राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी बाघमारे प्रसाद कृष्ण के खिलाफ लगे आरोपों की फाइल बंद कर दी है। बाघमारे पर अनाधिकृत रूप से ड्यूटी से गायब रहने का आरोप था। बाघमारे प्रसाद कृष्णा पर अनाधिकृत रूप से सेवा से अनुपस्थित रहने का आरोप था। इस मामले में विभागीय कार्यवाही संचालित की गई यी थी और जांच रिपोर्ट कार्मिक विभाग को सौंपी गई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने भारत सरकार को बाघमारे कृष्णा प्रसाद के डीम्ड रेजिगनेशन का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन भारत सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया।

### आज से पीएम मोदी तीन देशों की यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर 15 से 16 जून को साइप्रस की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, कनाडा के पीएम के निमंत्रण पर मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के कनाडा जायेंगे। 18 को पीएम मोदी क्रोएशिया की यात्रा करेंगे।

# 11 सदस्यीय हाइलेवल कमिटी करेगी विमान हादसे की जांच

## 11 शवों की पहचान, 275 पहुंची मृतकों की संख्या

**विमान हादसा**

एजेंसी

**अहमदाबाद/नयी दिल्ली।** एयर इंडिया के बोइंग-787-8 ड्रीमलाइनर विमान हादसे की जांच के लिए 11 सदस्यीय एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया गया है। जांच कमेटी की अध्यक्षता गृह सचिव गोविंद मोहन करेंगे। समिति दुर्घटना के कारणों का पता लगाने और भविष्य में एविएशन सेक्टर को सुरक्षित करने के लिए सुझाव देगी। हादसे की जांच रिपोर्ट 3 महीने में आयेगी। वहीं मामले की तकनीकी जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआइबी) ही करेगा। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने शनिवार को नयी दिल्ली में पत्रकार वार्ता में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा, प्लेन का ब्लैक बॉक्स मिल चुका है। ब्लैक बॉक्स की डिकोडिंग के बाद प्लेन क्रैश होने से कुछ क्षण पहले क्या हुआ था और हादसे के कारणों का भी पता लगेगा।

**जांच कमेटी की सोमवार को बैठक :** कमिटी में कोई भी मेंबर जाइंट सेक्रेटरी रैंक से कम का नहीं होगा। कमिटी की सोमवार को मीटिंग होगी। उम्मीद है कि कमिटी अपनी रिपोर्ट तीन महीने में सौंप देगी। कमिटी हादसों के कारणों का पता लगाने समेत मौजूदा एसओपी और भविष्य में देश के एविएशन सेक्टर को और अधिक सुरक्षित करने के लिए इंटरनेशनल प्रैक्टिस को ध्यान में रखते हुए क्या किया जा सकता है, इसकी पहल करेगी।

**मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा :** एयर इंडिया के विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत का ऑर्डर दिया गया। बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एअर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में अब तक 270 शव लाये गये हैं।

इधर एयर इंडिया अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों के परिजन और घायलों को वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए तत्काल 25-25 लाख रुपये का अंतरिम भुगतान करेगी। एयर इंडिया ने कहा कि यह राशि कंपनी द्वारा पहले से घोषित एक करोड़ रुपये की सहायता के अतिरिक्त है।

### सभी एंगल से हादसे की जांच की जायेगी

नायडू ने कहा कि देश में बहुत सख्त एयर सेफ्टी स्टैंडर्ड और मजबूत प्रोटोकॉल हैं लेकिन फिर भी सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जांच में प्लेन की पावर फेल, मेकेनिकल फेलियर, इंसानी गलती और मौसम समेत हादसा होने के कारणों में और जो भी आशंका हो सकती है, उन सभी की जांच की जाएगी।

## इजराइल का ईरान पर बड़ा हमला

# अयातुल्ला शासन के हर ठिकाने को निशाना बनायेंगे : नेतन्याहू

एजेंसी

**जेरूसलम।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को एक कड़ा संदेश देते हुए कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को इजराइल ने वर्षों पीछे धकेल दिया है और आने वाले दिनों में इससे भी भारी हमले किए जाएंगे।

नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश में कहा, हम अयातुल्लाओं की शासन व्यवस्था के हर ठिकाने और हर लक्ष्य को निशाना बनाएंगे। उन्होंने अब तक जो कुछ महसूस किया है, वह उस प्रहार की तुलना में कुछ भी नहीं है जो आने वाले दिनों में होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इजराइली सेना अब ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल निर्माण क्षमता को भी खत्म कर रही है।

नेतन्याहू का यह बयान ऐसे समय आया है जब इजराइल और ईरान के बीच तनाव अपने चरम पर है। हाल ही में इजराइल ने ईरान के कई सैन्य और परमाणु ठिकानों पर व्यापक हवाई हमले किए थे, जिनमें कई वरिष्ठ वैज्ञानिक और सैन्य अधिकारी मारे गए।

इजराइल का दावा है कि यह कार्रवाई ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के उद्देश्य से की गई है।

### नेतन्याहू ने मोदी को ईरान पर हमले की दी जानकारी



**नयी दिल्ली।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को टेलीफोन पर ईरान पर हमले और वहां की स्थिति की जानकारी दी। श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में बताया, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन आया। उन्होंने मुझे उभरती हुई स्थिति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, मैंने भारत की चिंताओं को साझा किया और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली की आवश्यकता पर जोर दिया।

### चोकर्स का टैग खत्म कर दक्षिण अफ्रीका ने जीता आइसीसी खिताब

**लॉर्ड्स।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने अपने नाम से चोकर्स का टैग हटा दिया। ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर जीत दर्ज करने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने 27 साल पुराना आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सपना अब पूरा कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका पुरुष टीम ने 3 आइसीसी टूर्नामेंट के फाइनल मैच खेले हैं। पहला फाइनल 1998 में खेला और जीत हासिल की। उस समय चैंपियंस ट्रॉफी को आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी के नाम से जाना जाता था। इसके बाद अफ्रीका को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में भारत से हार मिली थी। अब अफ्रीका ने 2025 में अपना तीसरा आईसीसी फाइनल खेला और इसे जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका मेंस टीम के बार-बार सेमीफाइनल और नॉकआउट चरण में हारकर बाहर हो जाने के चलते उन्हें चोकर्स का टैग मिला था। इसके बाद अफ्रीका के ऊपर बड़े मंच पर दवाब में बिखरने का ठप्पा लग गया। अब जाकर दक्षिण अफ्रीका ने अपने ऊपर लगे इस चोकर्स के टैग को हटा दिया है।

## कार्टून कोना




## झारखंड में पहली बार क्रेता-विक्रेता मीट- 2025 का आयोजन

# अगले 10 साल में जैविक उत्पाद के बाजार में 20 प्रतिशत का ग्रोथ संभव : शिल्पी नेहा तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में पहली बार जैविक उत्पाद को बढ़ावा देने और बाजार उपलब्ध कराने की सोच के साथ क्रेता-विक्रेता मीट-2025 का आयोजन किया गया। ओफाज के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में केन्या के साथ-साथ भारत के कई राज्यों की कंपनियों के प्रतिनिधियों ने इसमें हिस्सा लिया। क्रेता-विक्रेता मीट- 2025 का उद्घाटन कर राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि देश



में जैविक उत्पाद का बहुत बड़ा बाजार है। अगले 10 वर्षों में जैविक बाजार में 20 प्रतिशत तक के ग्रोथ की संभावना है। ओफाज ने झारखंड के जैविक उत्पादों को खरीदारों से जोड़ने का प्लेटफॉर्म मुहैया कराया है। इसमें क्रेता-विक्रेता और सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। झारखंड जैसे राज्य जहां 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, वहां जैविक खेती की अपार संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। क्रेता-बिक्रेता मीट- 2025 का आयोजन जैविक उत्पाद की वर्तमान स्थिति, चुनौती और बाजार को समझने के साथ भविष्य की योजना तैयार करना है।

### 12 उप परियोजना निदेशक को मिला चयन पत्र

क्रेता-विक्रेता मीट में कृषि मंत्री ने आत्मा के अंतर्गत संविदा आधारित 12 उप परियोजना निदेशक को चयन पत्र दिया। चयन पत्र पाने वालों में मोहम्मद जावेद इस्लाम, चंद्रमोली, बबलू सिंह, रमेश कुमार, शमीम अंसारी, अमिताभ माझी, मोतीलाल, दिनेश कुमार रजवार, संधीर कुमार खलखो, कंचन कुमार सुमन, नीरा साबित जोजो और जीतवाहन मुर्मू है। उप परियोजना निदेशक के आने से कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीक की जानकारी किसानों को उपलब्ध हो पाएगी।

## दुनिया के लोगों से शांति के लिए भूमिका निभाने का आह्वान

# शांतिपूर्ण दुनिया की स्थापना के लिए तत्काल कदम उठाना जरूरी: गुटेरेस

■ 21 सितंबर को मनाया जायेगा अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दुनिया के लोगों से शांति के लिए अपनी भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए **'शांतिपूर्ण दुनिया के लिए अभी उठाएं कदम'** का नारा दिया है।

श्री गुटेरेस ने शांति दिवस की तैयारियों को लेकर शनिवार को एक संदेश में विश्व के लोगों से इस



सौ दिन की अवधि में दुनिया को और अधिक शांतिपूर्ण बनाने के लिए अपना व्यक्तिगत योगदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि शांति की शुरूआत स्वयं से की जाती है। महासचिव ने कहा कि हम सभी में वह शक्ति है जिससे हम तोपों को शांत करने में, संबंधों को जोड़ने में और स्थायी परिवर्तन लाने में अपनी भूमिका अदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, अब जब कि हम 100 दिन बाद शांति दिवस मनाने की तैयारी में हैं, हमें विश्व के विस्तार के लिए अपनी भूमिका निभानी है।

गौरतलब है कि शांति दिवस संयुक्त राष्ट्र शांति निर्माण आयोग की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। आयोग इस साल स्थापना की 20वीं वर्षगांठ मना रहा है। संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने 20 साल पहले विश्व शिखर सम्मेलन में संघर्ष के बाद देशों को उबरने और पुनर्निर्माण में मदद करने के लिए शांति निर्माण आयोग की स्थापना की थी।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बाबूलाल मरांडी पर कसा तंज, कहा

# आप और आपकी पार्टी तो भ्रष्टाचार की जननी है

### मैं आपकी आंखों का इलाज करूंगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा रिम्स की दुर्दशा पर दिए गए बयान पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने तंज कसा है। बाबूलाल से कहा कि भ्रष्टाचार की जननी तो आप और आपकी पार्टी है। हम जैसे बेदाग और जमीन पर काम करने वाले लोगों पर आप उंगली उठाते हैं। यह हैरान करने वाला नहीं, बल्कि शर्मनाक है। आपकी सोच पर वाकई अफसोस होता है।

**....तो आपको मिर्ची क्यों लग रही :** स्वास्थ्य मंत्री ने सोशल मीडिया में आगे लिखा है कि जब मैं झारखंड के स्वास्थ्य तंत्र में जमीनी बदलाव कर रहा हूं, रिम्स-2 जैसी आधुनिक चिकित्सा संस्थान की नींव रख रहा हूं, तो आपको मिर्ची क्यों लग रही है? विकास में रोड़ा क्यों बन रहे हैं? क्या आप नहीं चाहते कि झारखंड की जनता को बेहतर इलाज मिले? या फिर डर है कि आपकी झूठ और ठगी की राजनीति का पदार्फाश हो जाएगा?

**जब सत्ता में थे तो क्या आपकी आंखें बंद थीं :** इरफान ने कहा कि 18 साल तक जब सत्ता आपके पास थी, तब क्या आपकी आंखें बंद थीं? तब रिम्स की गिरती दीवारें और टपकती छतें नहीं दिखती थीं? अब सुनिए, आज झारखंड का स्वास्थ्य मंत्री एक डॉक्टर है। बढ़ती उम्र के साथ आपकी आंखों की रोशनी भले कम हो गई हो, मगर मैं आपकी आंखों का इलाज करूंगा, ताकि रिम्स-2 आपको साफ-साफ दिखे।

**रघुवर दास को छत्तीसगढ़ से लाकर झारखंड में बिठा दिए :** आप लोग पहले रघुवर दास को छत्तीसगढ़ से लाकर झारखंड में बिठा दिये। कितनी मुश्किल से सरयू रॉय की मदद से उन्हें उड़ीसा वापस भेजा गया, बट नो! आप फिर उन्हें वापस ले आये। अब आप ही बताइये, हम जनता का इलाज करें या बार-बार आप नेताओं का ही इलाज करते रहें? आपको जान लेना चाहिये कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में रिम्स का री-डेवलपमेंट और रिम्स-2 का निर्माण तेजी से हो रहा है। झारखंड की जनता को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं देना हमारा संकल्प है और यह संकल्प हर हाल में पूरा होगा। विकास का मजा लीजिये और बयानबाजी बंद कीजिये।

## पहले मौजूदा रिम्स की हालत सुधारें, फिर नये रिम्स की दिशा में कदम बढ़ायें : बाबूलाल मरांडी

### नेता प्रतिपक्ष ने रिम्स की हालत पर खड़े किये सवाल, सीएम से सोशल मीडिया पर आग्रह

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रिम्स की हालत पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सीएम से कहा है कि पहले मौजूदा रिम्स की हालत सुधारें, फिर नए रिम्स के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाएं। सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा है कि राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के जर्जर भवन लगातार दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। दीवारों से गिरता प्लास्टर, दरारें और जलजमाव न केवल मरीजों, बल्कि डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की जान को भी खतरे में डाल रही हैं। हाल ही में एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर में हुई दुर्घटना के बावजूद राज्य सरकार ने इससे कोई सबक नहीं लिया है।

**स्वास्थ्य मंत्री ने रिम्स को बना दिया है भ्रष्टाचार का अड्डा :** बाबूलाल मरांडी ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी निशाने पर लिया है। कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय सचिव ने रिम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान को राजनीति और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। मुख्यमंत्री से आग्रह है कि रिम्स की बदतर स्थिति को सुधारने का प्रयास करें

### देशभर से लाखों बजरंगी पहुंचेंगे बाबा बूढ़ा अमरनाथ चप्तानी : रंगनाथ महतो

**रांची।** बजरंग दल झारखंड प्रांत की वर्चुअल बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में सभी जिलों से जिला मंत्री, जिला संयोजक, जिला टोली एवं बजरंग दल प्रांत टोली के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी माह में हो रहे बजरंग दल की साहसिक यात्रा कार्यक्रम के तहत बाबा बूढ़ा अमरनाथ चप्तानी यात्रा तथा सेवा सप्ताह की चर्चा हुई। जहां देशभर के लाखों बजरंगी अपने सर पर कफन बांधकर पहुंचेंगे। बैठक को बजरंग दल के प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने संबोधित करते हुए बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा में जाने वालों की संख्या तथा सेवा सप्ताह के तहत दिनांक एक जुलाई से सात जुलाई तक वृक्षारोपण, सेवा बस्ती में मेडिकल कैंप तथा हिन्दू युवाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु स्वरोजगार ट्रेनिंग कैंप लगाने की योजना बताई।

## झारखंड की चार विवि में वीसी नियुक्ति को सर्च कमेटी गठित

### एनटीए के चेयरमैन प्रदीप जोशी होंगे कमेटी के अध्यक्ष, आदेश जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने राज्य के चार यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर (कुलपति) की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटियों का गठन कर दिया है। राजभवन सचिवालय ने इसका आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के चेयरमैन प्रदीप जोशी सर्च कमेटी के अध्यक्ष होंगे। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार सरकार के प्रतिनिधि होंगे। चारों यूनिवर्सिटी के लिए गठित अलग-अलग कमेटियों में यूजीसी और अन्य संस्थानों के प्रतिनिधि सदस्य बनाये गये हैं।

**इन यूनिवर्सिटी के लिए कुलपति का होगा चयन :** रांची विश्वविद्यालय, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय, वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय और झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के लिए वीसी की तलाश की जा रही है।

### क्या होगी आगे की प्रक्रिया

अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही सर्च कमेटी की बैठक की तिथि तय कर दी जाएगी। सर्च कमेटी ही कुलपतियों की नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों का चयन करेगी

**क्या है चारों यूनिवर्सिटी की वर्तमान स्थिति :** रांची विश्वविद्यालय, वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय और झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपतियों का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। वहीं जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के कुलपति अतिरिक्त प्रभार में हैं।

# सीएम से मिलीं एसकेएमयू दुमका की पूर्व वीसी डॉ सोनाझारिया मिंज

### सीएम ने डॉ मिंज को दी यूनेस्को की को-चेयर पर्सन नियुक्त होने पर बधाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की पूर्व कुलपति डॉ सोनाझारिया मिंज ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ सोनाझारिया मिंज को यूनेस्को की को-चेयर पर्सन नियुक्त होने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि डॉ सोनाझारिया मिंज यूनेस्को की सह-अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए आदिवासी भाषा, संस्कृति, विरासत जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को मजबूती प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं समस्त झारखंडवासी एवं विशेष तौर पर आदिवासी समुदाय की ओर से आपको शुभकामनाएं देता हूं। यह राज्य के आदिवासी समुदायों के लिए बहुत गर्व की बात है कि आपके द्वारा किए जाने वाले कार्य से आदिवासी समुदाय के मुद्दे, उनके आत्मनिर्णय के अधिकार एवं ज्ञान प्रणाली को वैश्विक मंच प्रदान होगा।

## खबर एक नजर में

### 148 कोल्ड रूम के संचालन में एसएचजी, बोर्ड निगम, शैक्षणिक संस्थानों से मदद लेगी सरकार

**रांची।** राज्य के विभिन्न हिस्सों में लैम्पस, पैक्सों में 30 एमटी (मीट्रिक टन) क्षमता का 105 कोल्ड रूम बनाया गया है। साथ ही 5 एमटी क्षमता का समय ऊर्जा से चलने वाला 43 मिनी कोल्ड रूम भी तैयार है। इसके संचालन के लिए योग्य एजेंसी के अलावा शैक्षणिक संस्थानों, एसएचजी ग्रुप और अन्य पर भी सरकार की नजर है। इसके लिए निबंधक, सहयोग समितियां, झारखंड (कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग) ने सूचना भी जारी की है। बताया है कि कुल 148 कोल्ड रूम के जरिए फल, फूल, सब्जी एवं अन्य सामग्रियों का भंडारण किया जाता है। इन कोल्ड रूम के सफल संचालन, रख- रखाव एवं प्रबंधन के लिए राज्य के ही इच्छुक लैम्पस, पैक्स, एफपीओ, एसएचजी, सरकार, बोर्ड, निगम, अनुसंधान एवं शैक्षणिक संस्थान, सरकारी- अर्द्ध सरकारी संस्थान आवेदन कर सकते हैं। चयनित एजेंसी/संस्था को संबंधित लैम्पस,पैक्स से एमओयू कर इसका संचालन करना होगा। आवेदन स्वयं आकर या रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय, समेकित सहकारी विकास परियोजना कोषांग, रांची के पते पर 2 जुलाई के अपरा? 12:30 बजे तक जमा करना होगा। इसी दिन निबंधक, सहयोग समितियां, झारखंड, रांची की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक में आवेदन खोले जाएंगे। विस्तृत जानकारी के लिए पशुपालन भवन, हेसाग, रांची स्थित पते पर संपर्क किया जा सकता है।

### गोविंदपुर के पूर्व अवर निबंधक मिहिर कुमार पर चलेगी कार्यवाही

**रांची।** गोविंदपुर, धनबाद के तत्कालीन अवर निबंधक मिहिर कुमार पर विभागीय कार्यवाही चलेगी। राज्य सरकार ने उनके ऊपर लगे आरोपों की गंभीरता को देखते हुए यह फैसला लिया है। मिहिर कुमार अभी निबंधन कार्यालयों के निरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के पद पर हैं। उनके विरुद्ध निबंधन के क्रम में कागजात का विधिवत सत्यापन नहीं करने, प्रश्नगत भूमि के निबंधन के दस्तावेज का सत्यापन को गंभीरता से नहीं लेने, दस्तावेज जांच एवं भू-विवरणी का सत्यापान विधिवत नहीं करने एवं संवेदनशील मामलों में लागू नियमों व प्रावधानों के अनुपालन के लिए यथोचित प्रक्रिया का पालन नहीं करने का आरोप है। पूरे मामले पर धनबाद डीसी ने जुलाई 2023 का ही कार्रवाई की अनुशंसा की थी। स्पष्टीकरण व विभागीय जांच पर प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया। इसके बाद सरकार ने सेवानिवृत आइएएस अधिकारी इकबाल आलम अंसारी को विभागीय जांच संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया है। अपर समाहर्ता धनबाद को प्रस्तुतीकरण पदाधिकारी बनाया गया है। इस संबंध में भू-राजस्व विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। जांच के बाद अग्रतर कार्रवाई की जायेगी।

### जेएसएलपीएस ने सामुदायिक समन्वयक को किया बर्खास्त

**रांची।** झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) ने हजारीबाग जिले के दारू प्रखंड के सामुदायिक समन्वयक मुकेश कुमार रॉय की अनुबंध पर सेवा को समाप्त कर दिया है। इस संबंध में मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु जी परिदा के हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया गया है। उनके खिलाफ कार्य योजना के अनुसार लक्ष्यों की प्राप्ति में निरंतर विफलता, सौंपे गये कार्य में लगातार खराब प्रदर्शन, बिना पूर्व सूचना, अनुमोदन के कार्यस्थल में अनुपस्थिति, टीम के साथ सहयोग की कमी संबंधी कई आरोप थे। उनसे कई बार स्पष्टीकरण पूछा गया, जवाब संतोषजनक नहीं मिलने के बाद सेवा से बर्खास्त करने का फैसला लिया गया है।

### पंचायत सेवक के आत्महत्या प्रयास के पीछे कहीं बीडीओ तो नहीं जिम्मेदार : चंद्रप्रकाश

**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने डूमरी प्रखंड के बलथरिया में पदस्थापित पंचायत सेवक सुखलाल महतो के प्रखंड परिसर में जहर खाकर आत्महत्या करने प्रयास के मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से इसकी मांग करते हुए कहा है कि सुखलाल महतो ने डूमरी प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्वेषा ओना व अन्य तीन लोगों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है और आत्महत्या के प्रयास के लिए उन्हें दोषी ठहराया है। सांसद ने सवाल किया कि एक पंचायत सेवक पर आखिर किस तरह का दवाब बनाया जा रहा था और क्यों इतना मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया कि सुखलाल महतो के सामने कोई और रास्ता नहीं बचा, सिवाय आत्महत्या के। यह जांच का विषय है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में सवाल उठाया है कि क्या सुखलाल महतो कोई अनैतिक व भ्रष्टाचार लिप्त कार्यों को करने का दवाब बनाया जा रहा था, जिसके लिए उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा था? प्रखंड कार्यालय डूमरी में हुई यह घटना प्रखंड अधिकारियों की मनमानी व भ्रष्ट लोगों के साथ मिलीभगत से भ्रष्टाचार की ओर इंगित करती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस दुःखद घटना को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कराने और सरकारी कार्यालय में अधिकारियों व कर्मियों द्वारा उचित व्यवहार हेतु दिशा निर्देश देने की आवश्यकता जतायी है ताकि जनता व कर्मचारियों के साथ भी भद्रता से व्यवहार हो और जनता को उनका हक व अधिकार के साथ त्वरित न्याय मिल सके।

### प्रदेश राजद अध्यक्ष पद के लिए संजय, अभय व सदाकत ने भरा पर्चा, 19 को मतदान

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शनिवार को पूरी कर ली गई। प्रदेश अध्यक्ष के लिए हुसैनाबाद विधायक सह निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह और निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष सदाकत हुसैन अंसारी ने परचा दाखिल किया। अब नामांकन पत्रों की जांच 15 जून रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। नामांकन वापसी भी उसी दिन दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक होगी। इसी दिन शाम चार बजे उम्मीदवारों के नाम जारी किए जाएंगे। 19 जून को सुबह 11 बजे से अपरा? तीन बजे तक मतदान होगा। मतदान के बाद इसी दिन परिणाम की भी घोषणा की जाएगी। झारखंड के 24 जिलों के जिलाध्यक्ष और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से एक-एक राज्य परिषद सदस्य मतदान करेंगे।

# वोटरों को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर करें लिस्टिंग : के रवि कुमार

## मतदान केंद्रों पर अधिकतम वोटरों की संख्या 1200 के अंदर होगी सुव्यवस्थित

वोटरों को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर करें लिस्टिंग : के रवि कुमार

सीईओ की सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी के साथ बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट निर्देश प्राप्त है कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए अधिकतम मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर ही सुव्यवस्थित करनी है। इस कारण राज्य में मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि होगी। इसके लिए नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे, साथ ही उक्त मतदान केंद्रों के लिए नए बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर भी नियुक्त किए जायेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी एवं उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक कर रहे थे।

### मतदान केंद्रों के लिए की-मैप भी कर लें तैयार

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कहा है कि मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर सूचीबद्ध करें। इस हेतु पदाधिकारी अपने जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए नजरी-नक्शा, गुगल अर्थ व्यू मैप एवं की-मैप भी तैयार करा लें। आगामी मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व संशोधन गतिविधि के लिए सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने स्तर पर तैयारी कर लें। त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों का अनुपालन करते हुए ससमय कार्यों का निष्पादन करें।

## 22 जून को बलिदान दिवस होगा ऐतिहासिक : सुदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

### कांके व ओरमांझी में आजसू की तैयारी बैठक

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो 22 जून को आयोजित बलिदान दिवस की तैयारी में लगे कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाने में स्वयं जुट गए हैं। उन्होंने आज अपने बुकरू स्थित आवास में कांके विधानसभा और कल देर रात ओरमांझी में कार्यकताओं के साथ बैठक की। श्री महतो ने कहा कि आगामी 22 जून को रांची में आयोजित बलिदान दिवस ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान और आंदोलनकारियों के संघर्ष की बदौलत झारखंड बना है।

बैठक को मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, युवा नेता संजय मेहता आदि ने भी संबोधित किया।

श्री महतो कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक पंचायत और ग्राम का दौरा कर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात में राज्य की राजनीतिक दिशा ठीक नहीं हैं। राज्य में भ्रष्टाचार और लुट का बाजार गर्म है। जनसमस्याओं का समाधान करने में पदाधिकारियों की रुचि नहीं दिखती। युवाओं को रोजगार का सपना दिखाकर हेमंत सरकार सो गई है। ऐसे माहौल में आजसू पार्टी सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

कांके विधानसभा की बैठक में रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, पार्वती देवी, सत्यनारायण मुंडा, नागेश्वर महतो, रूपलाल महतो, संजीव महतो, अभिषेक राज हेरेंज, मीना देवी, सूरज मिश्र, मोजिबुल रहमान, किशोर महतो, विकास चौहान, रामविलास गोप, शत्रुघ्न महतो, राजेश उरांव, रूपाश्री गाड़ी, कमला देवी, अजीत कश्यप, मनोज महतो, सचिन महतो, दीपक दुबे आदि उपस्थित थे।

## उच्च शिक्षा क्षेत्र की गुणवत्ता के साथ झारखंड के जमीन मामलों के समाधान में भी राज्यपाल से आशा : बंधु तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर के साथ राज्य के पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शनिवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिले। इस दौरान उन्होंने कहा है कि झारखण्ड में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और सभी विश्वविद्यालयों तथा उसके तहत अंगीभूत महाविद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति में सुधार और प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर करने के मामले में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बहुत अधिक आशा है।

शनिवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात करने के बाद श्री तिर्की ने कहा कि श्री गंगवार ने झारखण्ड के बेहद गंभीर जमीन संबंधी मामलों में समाधान की पहल करने और इस संदर्भ में सरकार को निर्देशित करने का आश्वासन दिया है। श्री तिर्की के साथ मुलाकात के दौरान प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर भी साथ थे।

# भाषा के नाम पर राज्य की जनता को लड़वा रही राज्य सरकार: अमित मंडल

### सरकार की मंशा बेरोजगारों को नौकरी देने की नहीं है

### यह अबुआ सरकार नहीं बबुआ सरकार है

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक अमित मंडल ने कहा कि हेमंत सरकार भाषा के नाम पर राज्य की जनता को लड़वा रही है। हेमंत सरकार की मंशा नहीं है कि राज्य के बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिले। यह सरकार अबुआ नहीं बबुआ सरकार है।

भाषा और पहचान से हेमंत सरकार ने खिलवाड़ किया है। वे शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की मूल संस्कृति, भाषाओं और जनजातीय पहचान को खत्म करने की साजिश हेमंत सरकार कर रही है।

**स्थानीय भाषाओं को किया गया नजरअंदाज :** मंडल ने कहा कि झारखंड की स्थानीय भाषाओं को नजरअंदाज कर हटाया गया। खूंटी से मुंडारी,पलामू-गढ़वा से भोजपुरी, गोड्डा से अंगिका और कुड़ुख, जनगणना फॉर्म से इन भाषाओं को बिना जनसंख्या गणना क्यों हटाया गया। भाजपा किसी भाषा के विरोध में नहीं, लेकिन अंगिका, भोजपुरी और मुंडारी जैसी भाषाओं को हटाने के इस कृत्य का हम कड़ा विरोध करते हैं।

**अंगिका को क्षेत्रीय भाषा क्यों नहीं माना जा रहा :** उन्होंने कहा कि अंगिका में शपथ लेने वाले विधायक और मंत्री मौजूद हैं, तो फिर अंगिका को क्षेत्रीय भाषा में क्यों नहीं माना जा रहा? 2016 के जेटेट में अंगिका थी, फिर अब क्यों नहीं? गोड्डा की जनता को अपमानित करने के उद्देश्य से अंगिका को परीक्षा से हटाया गया।

हेमंत सरकार जेटेट को जानबूझकर उलझा रही है, ताकि बहाना बनाकर युवाओं को नौकरी से वंचित किया जा सके। अमित मंडल ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि भाषाओं के साथ यह अन्याय जारी रहा तो भाजपा और जनजातीय समाज मिलकर सड़क से लेकर विधानसभा तक जनआंदोलन चलाएंगे।

**मंत्री विधायक और सांसद से किया सवाल :** सत्ता पक्ष के मंत्री-विधायक एवं सांसद से पूछा कि मंत्री राधाकृष्ण किशोर बतायें कि पलामू-गढ़वा में मगही बोली जाती है या नहीं? अंगिका में शपथ लेने वाली दीपिका पांडे सिंह को पता नहीं की गोड्डा में अंगिका भी बोली जाती है। मंत्री संजय यादव को भी नहीं पता क्या की गोड्डा में अंगिका बोलने वालों की बहुलता है। सांसद कालीचरण मुंडा बताएं कि खूंटी में मुंडारी बोली जाती है या नहीं, यदि हां तो उसे हटाया क्यों गया?

### आकाश इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर केंद्र का नीट परिणामों में शानदार प्रदर्शन

# सौहार्द को ऑल इंडिया रैंक 708

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टीट्यूट, भारत का प्रमुख मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा कोचिंग संस्थान, गर्व से घोषणा करता है कि नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (ठएएळ) 2025 में उसके जमशेदपुर केंद्र के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। छात्रों की अद्वितीय सफलता ने एक बार फिर से आकाश इंस्टीट्यूट को मुख्य मेडिकल पेशेवरों की उच्चतम गुणवत्ता के प्रदाता के रूप में स्थापित किया है।

भारत की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में देशभर के छात्रों ने भाग लिया। इन अनेक में से आकाश इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर केंद्र के छात्रों ने अपने अद्भुत समर्पण और सतत परिश्रम का प्रदर्शन किया, जिससे उन्होंने शानदार परिणाम हासिल किए हैं। इनके मेहनती प्रयासों के साथ-साथ आकाश इंस्टीट्यूट द्वारा प्रदान की गई दिग्दर्शिता और मार्गदर्शन ने उन्हें मेडिकल क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर किया है।

सौहार्द देउरी जो दो साल के नियमित चिकित्सा पाठ्यक्रम का छात्र था, ने श्रेणी रैंक 708 लाकर संसथान में प्रथमस्थान प्राप्त किया। वह पूरे सत्र में एक नियमित छात्र रहा हैं और अपने सभी वर्गों और परीक्षाओं को गंभीरता से लिया है। दुसरे स्थान पर अमित कुमार दुबे है, जो श्रेणी रैंक 1457 अंक के साथ दूसरी स्थान पे रही एवं आद्या ठाकुर जो श्रेणी रैंक 3164 के साथ संसथान में तीसरे स्थान पे रही । इन्होने आकाश के शिक्षको और शिक्षण पद्धति की बहुत सराहना की है जो कि एक इंस्टिट्यूट के लिए गौरव की बात है।

संस्थान के निदेशक, श्री राजेश प्रसाद, सह निदेशक रमन प्रसाद एवं शिक्षकगण ने छात्रों की अद्वितीय प्रदर्शन पर अपने उत्साह को व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम अपने छात्रों को नीट 2025 परीक्षा में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए गर्व महसूस कर रहे हैं। यह उनके समर्पण, मेहनत और हमारे मान्य अध्यापकों द्वारा प्रदान की गई मार्गदर्शन का प्रमाण है। आकाश इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर केंद्र की टीम हमेशा से उत्कृष्ट शिक्षण सामग्री और समर्थन प्रदान करने का प्रयास करती रही है, जिससे हमारे छात्रों की सफलता सुनिश्चित होती है।

आकाश इंस्टीट्यूट, अपने विशेषज्ञ अध्यापक, व्यापक अध्ययन सामग्री और रणनीतिक शिक्षण प्रक्रियाओं के लिए प्रसिद्ध है और इसलिए हमेशा ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शीर्ष रैंकिंग वाले छात्रों की उत्पत्ति करने में अग्रणी बना रहा है। ठएएळ 2025 में हुए शानदार परिणाम एक बार फिर दर्शाते हैं कि इंस्टीट्यूट उत्कृष्टता के प्रति समर्पित है और प्रतिष्ठित छात्रों को पोषण करने और भविष्य के मेडिकल पेशेवरों का सृजन करने में अटूट समर्पण रखता है।


आकाश इंस्टीट्यूट के सफल छात्र-छात्राएं।

**ये हैं सफल शीर्ष विद्यार्थी**

1 सौम्य देउरी, एआइआर रैंक 708 (एससी कैटेगरी)
2 अमित कुमार दुबे,एआइ रैंक 1457 (जनरल-ईडब्ल्यूएस)
3 शुभी कुमारी, एआइ रैंक 2227 (जेन-ईडब्ल्यूएस)
4 आद्या ठाकुर, एआइ रैंक 3164 (जनरल)
5 वंशिका वत्स, एआइ रैंक 3313 (जनरल)
6 शास्वत महतो 3695 (जनरल)
7 द्वैपायन दान 3932 (जनरल)
8 साहिल अख्तर 3994 (ओबीसी-एनसीएल)
9 अदिति शुभम 4308 (जनरल)
10 सुबेच्चा दत्ता 5217 (जनरल)
11 विश्वजीत दत्ता 5964 (ओबीसी-एनसीएल)
12 अंकित कुमार 6452 (ओबीसी-एनसीएल)
13 विद्या सत्संगी 8384 (जनरल)
14 यश करण 8852 (जनरल)
15 मृदंक मोदी 11021 (जनरल)
16 खुशाल अग्रवाल 11676 (जनरल)
17 अनुषा शर्मा 11757 (जनरल)
18 सृष्टि सिंह 13111 (ओबीसी-एनसीएल)

### कुशल अग्रवाल को नीट-2025 में मिला ऑल इंडिया रैंक 11676



**जमशेदपुर।** आदित्यपुर नगीनापुरी निवासी बिजनेसमैन संजय अग्रवाल और गृहणी ममता अग्रवाल के बेटे कुशल अग्रवाल ने नीट-2025 की परीक्षा में जेनरल कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक 11676 हासिल किया है। कुशल ने प्लस टू की पढाई गायत्री शिक्षा निकेतन,आदित्यपुर से की है। कुशल एक योग्य चिकित्सक बन कर समाज की सेवा करना चाहता है। कुशल ने कहा कि एमबीबीएस करने के पश्चात ही वह अगला गोल तय करेगा। उसने कहा कि उसकी सफलता से माता-पिता बहुत खुश हैं। वह अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ आकाश इंस्टीट्यूट,जमशेदपुर के शिक्षक-शिक्षिकाओं को देना चाहता है।

### यश करण को नीट-2025 की परीक्षा में मिला जेनरल कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक 8852



**जमशेदपुर।** गायत्री शिक्षा निकेतन से प्लस टू करने वाले यश करण को नीट 2025 की परीक्षा में जनरल कैटेगरी से ऑल इंडिया रैंक 8852 मिला है। यश करण के पिता डीके भट्टाचार्यी रेलवे में इंजीनियर हैं जबकि मां जया कुमारी सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं। यह करण भविष्य में ऑर्थोपेडिक्स सर्जन बनना चाहता है। यह की सफलता से उसकी शिक्षिका मां जया कुमारी बेहद खुश नजर आयीं। उन्होंने कहा कि यश ने अपनी मेहनत से अपने माता-पिता का सपना साकार किया है। पूरा खानदान उसकी सफलता से बहुत खुश है।

### नारायणा जमशेदपुर के छात्रों का नीट की परीक्षा में धमाकेदार प्रदर्शन

# भूमि सिन्हा को मिला एआइ रैंक 344

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार नीट (यू.जी.)-2025 में अपार सफलता अर्जित की है। नारायणा के नेशनल एकाडेमिक हेड श्री श्याम भूषण ने कहा कि जेईई (मेन) एवम् एडभान्सड में श्रेष्ठता साबित करने के बाद नीट प्रतियोगिता परीक्षा में भी नारायणा के छात्रों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। श्री श्याम भूषण ने पुनः कहा कि नारायणा के जमशेदपुर सेन्टर से भूमि सिन्हा ने (रैंक 344), निशांत कुमार ( रैंक 7661), हर्ष (रैंक 8117), तन्वी प्रकाश (रैंक 15917), जासुआ जार्ज सांगा (रैंक 23707), साईरम सम्मी (रैंक 25736) को हासिल हुआ है, इसके अलावा अन्य सफल छात्रों में आरघ्या दूबे, अनुष्का आन्नद, मायरा हसन, श्रुति कुमारी, श्रृति झा, रूसाली लीला देवगन, छात्र-छात्राएं ने सफलता हासिल की है, जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के सफल होने की संभावना है।

नारायणा के नेशनल एकाडेमिक हेड श्री श्याम भूषण ने सफल छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि आगामी अपने-अपने क्षेत्र में भी शहर के टॉपर नारायणा के छात्र-छात्राए होंगे। नारायणा आई.आई.टी./ नीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक, कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है, बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं एक पूर्ण लाईब्रेरी के अलावा सबसे महत्वपूर्ण कि नारायणा द्वारा पूरे भारत स्तर पर एक एकेडेमिक कैलेण्डर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करायी जाती है। पुनः श्री श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर में प्रत्येक साप्ताहिक टेस्ट भी पूरे भारत स्तर पर आयोजित की जा रही है। जिससे छात्र-छात्राओं को प्रत्येक सप्ताह अपने आत्म अवलोकन के लिए ऑल इंडिया स्तर पर उनकी रैकिंग का पता चलता है अर्थात जमशेदपुर सेन्टर में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को केवल अपने कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों से कम्प्टीशन नहीं बल्कि उनका कम्प्टीशन पूरे भारत स्तर पर नारायणा में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं से हो रही है। ज्ञात हो कि नारायणा उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करता है जो छात्रों के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है।

### न्यूरो सर्जन बनना चाहते हैं अमित



**जमशेदपुर।** अमित कुमार दूबे आकाश इंस्टीट्यूट से कोचिंग करने के पश्चात नीट-2025 में सफल हुए हैं। अमित के पिता संजय दूबे टाटा स्टील गम्हरिया में कार्यरत हैं जबकि मां नीतू देवी गृहणी हैं। दूबे परिवार पोस्ट ऑफिस रोड,मानगो निवासी है। नीट की परीक्षा में अमित कुमार दूबे को जेनरल इडब्ल्यूएस कैटगरी में ऑल इंडिया रैंक 1457 मिला है। अमित आगे चल कर न्यूरो सर्जन बनना चाहते हैं। अमित दूबे आरवीएस एकेडमी,डिमना रोड मानगो से प्लस टू की पढाई की है।

### सौहार्द्र देऊरी को एससी कैटेगरी में 708 रैंक, एम्स से बनेंगे डॉक्टर!



**जमशेदपुर।** सौहार्द्र देऊरी को एससी कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक 708 मिला है। वे अपने रैंक से काफी खुश हैं और एम्स से एमबीबीएस करना चाहते हैं। एमबीबीएस के बाद उनका लक्ष्य न्यूरो सर्जन बनना है। सौहार्द्र के पिता सुमन देऊरी टाटा स्टील यूआइएसएल में इंजीनियर हैं जबकि मां मुन्नी देऊरी गृहणी हैं। वे अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ आकाश इंस्टीट्यूट,जमशेदपुर के शिक्षकगणों को देना चाहते हैं। प्लस टू की पढाई सौहार्द्र ने डीएवी पब्लिक स्कूल,बिष्टुपुर से की है।

### आकाशवाणी की उद्घोषिका कृष्णा कावेरी की बिटिया आद्या ने जनरल कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक 3164 लायी



**जमशेदपुर।** आद्या ठाकुर नीलडीह इंक्लेव, टेल्को कालोनी निवासी हैं। दो वर्षों की कड़ी मेहनत के पश्चात आद्या ठाकुर को नीट-2025 की परीक्षा में जेनरल कैटेगरी से 3164 ऑल इंडिया रैक मिला है। वे स्व. मनीष ठाकुर और बेबी क्लीनिक, टेल्को कालोनी की सुपरवाइजर सह आकाशवाणी जमशेदपुर की अंशकालिक उद्घोषिका श्रीमती कृष्णा कावेरी की इकलौती बेटी हैं। आद्या के दादाजी स्व. एसएन ठाकुर थे जो टाटा मोटर्स में जनरल मैनेजर थे। सेक्रेट हार्ट कान्वेंट से प्लस टू करने के पश्चात आद्या ने आकाश इंस्टीट्यूट,जमशेदपुर से नीट की कोचिंग की और नीट में सफलता हासिल की। आद्या जब कक्षा 6 में थी तभी उसके पिता मनीष ठाकुर का निधन हो गया किंतु मां, दादी और चाचा के प्रोत्साहन से उसने डॉक्टर बनने का सपना साकार किया है।

### सर्जन या फिजिशियन साइंटिस्ट बनेगी सुभी



**जमशेदपुर।** नीट 2025 की परीक्षा में शुभी कुमारी को जेनरल कैटेगरी इडब्ल्यूएस में ऑल इंडिया रैंक 2227 मिला है। शुभी बागबेड़ा निवासी और टाटा मोटर्स कर्मी संजय कुमार शर्मा और श्रीमती कंचन देवी की संतान हैं। भविष्य में शुभी कुमारी एक सफल सर्जन अथवा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस से फिजिशियन साइंटिस्ट बनना चाहती है। प्लस टू की पढाई शुभी ने नरवेराम हंसराज स्कूल, बिष्टुपुर से की हैं। उनके बड़े भाई सत्यम शर्मा बीआइटी मेसरा से इंजीनियरिंग कर रहे हैं जबकि छोटा भाई शिवम इस साल प्लस टू उत्तीर्ण हुआ है। शुभी कुमारी अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और आकाश इंस्टीट्यूट के शिक्षकगणों को देना चाहती हैं।

### शिक्षिका मां के सपने पूरा करेगी शुभेच्छा दत्ता



**जमशेदपुर।** शुभेच्छा दत्ता ने नीट-2025 की परीक्षा में जेनरल कैटेगरी से ऑल इंडिया रैंक 5217 हासिल किया है। वह एमबीबीएस करने के पश्चात न्यू सर्जन बनने का सपना रखती है। वह अपने खानदान की पहली डॉक्टर बनेगी। शुभेच्छा जब एक वर्ष की थी तभी उसके पिता देवब्रत दत्ता की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, तब उसकी मां अर्पिता दत्ता ने उसका पालन-पोषण अकेले किया। मां अर्पिता दत्ता घाटशिला के जेसी हाई स्कूल में शिक्षिका हैं। शुभेच्छा जेईई एडवांस में उसने ऑल इंडिया रैंक 17000 हासिल किया है।

**स्पीड न्यूज**



### कृतिवास को धमकाने वाला शीघ्र गिरफ्तार हो : रामचंद्र सहिस

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय सुढी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष, आरटीआई एक्टिविस्ट आजसू पार्टी के जिला सचिव कृतिवास मंडल को विगत दिनांक 18 मई 2025 को फोन पर धमकी दी जाने वाली मामले में आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने एवं कृतिवास मंडल की जान माल की सुरक्षा प्रदान करने हेतु एक लिखित शिकायत आवेदन पत्र पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस के नेतृत्व में सिटी एस पी कुमार शिवाशीष को सौंपा गया। इस अवसर पर आजसू के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजय मालाकार उपाध्यक्ष संजय सिंह विशेष रुप से मौजूद थे। पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव श्री राम चन्द्र सहिस ने सिटी एस पी को स्पष्ट शब्दों में कहा कि कृतिवास मंडल आरटीआई एक्टिविस्ट है और पोटका ब्लॉक से सूचना मांगे जाने पर उन्हें धमकी दी गई थी लेकिन अत्यंत खेदजनक है कि इतनी गंभीर घटना के उपरांत भी पुलिस प्रशासन के द्वारा दोषी को चिन्हित नहीं किया गया है। इसलिए कृतिवास मंडल को हर हाल में उचित न्याय तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। पूर्व मंत्री एवं आजसू नेताओं को सिटी एस पी ने कार्रवाई का भरोसा दिया गया।

# हर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दे रही है अबुआ सरकार : जोबा माझी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हाटगम्हरिया, पश्चिमी सिंहभूम।** हाटगम्हरिया - बेनीसागर भाया बालंडिया- मझगांव पथ का राईडिंग क्वालिटी में लगभग 44.49 किमी पथ का सुधार कार्य किया जाएगा। शनिवार को राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार(निबंधन रहित) तथा परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा एवं सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने संयुक्त रूप से योजना का भूमिपूजन किया। हाटगम्हरिया में आयोजित भूमिपूजन कार्य के बाद उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा राज्य बने 25 साल होने को हैं, लेकिन राज्य की जनता को पहली बार अहसास हो रहा है कि सत्ता में बैठी सरकार जनता की हित में कार्य कर रही हैं।

मंत्री ने हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियों की सूची गिनाते हुए कहा राज्य में ग्रामीण सड़कों का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। इसके अलावा एनएच सड़कों में भी सुधार कराया जा रहा है। मंत्री ने बिजली विभाग को आड़े हाथों लेते हुए कहा राज्य सरकार जब दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दे रही हैं तो किस आधार पर ग्रामीण इलाकों के लोगों पर बिजली चोरी का केस दर्ज किया जा रहा है। मंत्री ने कहा इस मामले को वह अगली कैबिनेट की बैठक में रखेंगे। सांसद ने कहा हेमंत सोरेन सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दे रही हैं। प्रत्येक गांव और पंचायत को जिला मुख्यालय से जोड़ा जा रहा है। सांसद ने कहा हम सभी मिलकर जिले का विकास करेंगे। राज्य सरकार से संबंधित मामलों को मंत्री देखेंगे और केंद्र सरकार से संबंधित मामलों को वह स्वयं देखेंगी। इससे पहले मंत्री और सांसद ने भूमिपूजन में शामिल हुए और शिलापट का अनावरण किया।


संबोधित करती सांसद जोबा माझी। साथ में मंत्री दीपक बिरुआ व अन्य।

## पंचायतों में जन चौपाल से मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचायेगी भाजपा : डॉ गोस्वामी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा मोदी सरकार का 11 वर्षों का कार्यकाल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण का रहा है। इन 11 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं।

अब तक लोगों को 4 करोड़ पीएम आवास मुहैया कराया गया है। 81 करोड़ लोगों को प्रति माह 5 किलोग्राम राशन मुफ्त प्रदान किया जा रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि से प्रतिवर्ष 11 करोड़ किसानों को 6 हजार रुपये प्रति व्यक्ति सहायता दी जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत देश के 55 करोड़ लोगों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। ड७ॉ गोस्वामी ने कहा कि मोदी सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के क्रियान्वयन से देश में खुशहाली आयी है। मोदी सरकार के इन 11 वर्षों के कार्यकाल में आधारभूत संरचनाओं का अभूतपूर्व विस्तार ह७ुआ है। 4 लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कें बनी है। 136 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है।



### खालसा मिडिल एवं हाई स्कूल बर्मामाइंस में एक दिवसीय कार्यशाला

**जमशेदपुर।** पतंजलि सोशल मीडिया टीम जमशेदपुर के द्वारा खालसा मिडिल एवं हाई स्कूल बर्मा माइंस में एक दिवसीय योग उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यशाला का नेतृत्व पतंजलि सोशल मीडिया जिला प्रभारी नरेंद्र कुमार और पतंजलि जिला महासचिव मनोज श्रीवास्तव ने किया। कार्यशाला में बच्चों को योग के प्रति जागरूक किया गया एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विषय में जानकारी दी गयी।

# सब्जी विक्रेता का बेटा रोहित कुमार को नीट 2025 में मिला ऑल इंडिया रैंक 12,484


फिजिक्सवाला के संस्थापक अलख पांडेय जमशेदपुर में रोहित का हौसला बढ़ाते हुए।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के एक साधारण परिवार में जन्मे रोहित कुमार ने वो कर दिखाया, जो कई लोगों के लिए सपना ही रह जाता है। बेहद सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में नीट 2025 में 549 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 12,484 हासिल करने वाले रोहित को शनिवार को फिजिक्सवाला के संस्थापक और सीईओ अलख पांडे ने सम्मानित किया।

पिता ठेले पर सब्जी बेचते हैं, मां गृहिणी हैं और भाई के साथ मोबाइल कवर की दुकान संभालने वाले रोहित की पढ़ाई सरकारी स्कूल से शुरू हुई। महज 800 रुपए फीस वाले स्कूल से 10वीं की परीक्षा पास करने के बाद कोरोना काल में मेडिकल स्टोर में काम करने लगे। यहीं से डॉक्टर बनने का सपना देखा। नीट के बारे में जानकारी भाई से मिली।

पहले प्रयास में 485 अंक मिले, लेकिन रोहित ने हार नहीं मानी। फिजिक्सवाला के ह्ययकीन 2.0ह्व बैच में दाखिला लेकर फ्री में पढ़ाई शुरू की। रोज 14 घंटे लोकल लाइब्रेरी में पढ़ाई की। इस दौरान बीमारी और परीक्षा वाले दिन हाथ पर मधुमक्खी के हमले जैसी बाधाएं भी आईं, मगर हिम्मत नहीं टूटी।

रोहित की कामयाबी से प्रभावित होकर फिजिक्सवाला के संस्थापक अलख पांडे खुद जमशेदपुर पहुंचे। उन्होंने कहा, 'रोहित ने यह साबित कर दिया कि हालात चाहे जैसे भी हों, अगर जज्बा और मेहनत हो तो सफलता जरूर मिलती है।


**कार्यालय जिला परिषद्, चतरा**
**(अतिअल्पकालीन पुनरनिविदा आमंत्रण सूचना सं0-03, वर्ष 2025-26)**

**2nd call of Nit No. 16/2024-25, Group No. 06**

पत्रांक ................/जि0प0 दिनांक ....................

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 23.06.2025 से 25.06.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 26.06.2025 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 26.06.2025 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी/मद – : डी0एम0एफ0टी0

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | टण्डवा | धनगड्डा | धनगड्डा | पंचायत सचिवालय भवन की मरम्मति। | 2387706 | 5000 | 48000 | 04 माह |

निविदा की शर्तें –
1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 355080 District(25-26)#D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, लोहरदगा**

**भर्ती कैम्प संबंधी सूचना**

दिनांक 16.06.2025 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:-

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | Bajaj Alliance Life Insurance, Lohardaga. | A.S.M | 07 | Graduation | 21 and Above | Salary 27,000/= Job Location – Lohardaga. Experience : - 0-02 yr. |
| | | S.S.M | 02 | Graduation | 21 and Above | Salary 30,000/= Job Location – Lohardaga. Experience : - 0-02 yr. |
| | | E.S.M | 01 | Graduation | 21 and Above | Salary 31,000/= Job Location – Lohardaga Experience : - 01-03 yr. |
| | | Insurance Advisor | 13 | 10th Pass | 21 and Above | Salary 20,000/= Job Location – Lohardaga. |
| 2 | Eduvantage Ranchi. | Sewing Machine Operator (Female) | 50 | 10+ & Above | 18 and Above | Salary 13650/= Job Location- Tiruppur. |
| | | Data Entry Operator (Female) | 50 | 10+ & Above | 18 and Above | Salary 13650/= Job Location -Tiruppur. |
| | | Manufacturing Laptops (Male) | 50 | 10+ & Above | 18 and Above | Salary 14000/= Job Location- Banglūru. |
| 3 | Premsons Motors Maruti Suzuki Ranchi | Field Sales Executive | 05 | 12th Pass & Above | 21- 40 Age | Salary15000/= to 17000/= Job Location- All India. |
| 4 | Prejha Foundation Nagra Toli, Ranchi | Mobile Assembly (Female Only) | 50 | 10th /12th Pass | 18-27 Age | Salary14000/= to 15000/= Job Location- Karnataka. |
| | | Lathe Machine Operator | 50 | 10th /12th Pass | 18-27 Age | Salary14000/= to 15000/= Job Location- Karnataka/Tamil Nadu. |
| | | Tiles Mistri | 50 | 5th /12th Pass | 18-30 Age | Salary17000/= Job Location- Karnataka. |
| | | Construction | 50 | 5th /12th Pass | 18-30 Age | Salary 20000/= Job Location- Karnataka. |
| TOTAL:- | | | 573 | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी, फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer,
Lohardaga.

PR 355072 Lohardaga(25-26).D

## स्पीड न्यूज

### बिजली चोरी मामले में 11 केस दर्ज

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के चैनपुर बाजार क्षेत्र व गैस गोदाम रोड, थाना रोड में बिजली चोरी मामले में कुल 11 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। झारखंड उर्जा विकास वितरण मुख्यालय धुर्वा, रांची के निर्देशानुसार बिजली चोरी छापामारी के दौरान गठित टीम ने छापामारी की। टीम में इस्तेयाक अहमद, सत्यनारायण प्रसाद, कृष्णा प्रसाद थे।

### किशुनपुर ओपी प्रभारी ने चनेया बाजार में किया महुआ शराब नष्ट



**पाटन पलामू।** किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार ने दल बल के साथ किशुनपुर के चनेया में लगने वाली साप्ताहिक बाजार में महुआ शराब नष्ट किया। कहा कि किशुनपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अवैध महुआ शराब बनाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। उसी आलोक में शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में शराब बेचने वाले पर कार्रवाई कर इसे नष्ट किया गया। ओपी प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि शुक्रवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार में महुआ शराब बेचा जाता है। लोगों ने भी ओपी प्रभारी से चनेया बाजार में अवैध शराब बिक्री बंद कराने की मांग की थी। इसके तहत कार्रवाई की गयी।

### नशा मुक्ति : विश्रामपुर पिथौरा स्कूल के बच्चों की बनाही में जागरूकता रैली



**बिश्रामपुर।** पिथौरा स्कूल के विद्यार्थियों ने शनिवार को सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बिहार सीमा से लगे बनाही में एक जागरूकता अभियान चलाया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करना था। छात्रों ने ग्रामीणों संग मिलकर नशा के दुष्परिणामों की जानकारी दी और उन्हें नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। मौके पर स्कूली बच्चों को पुलिस पब्लिक रिलेशन, डायल 112 सेवा, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा आदि विषयों पर भी जानकारी दी गयी। इसमें ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही और उन्होंने बच्चों के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम से यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। इससे मुक्ति में जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। मौके पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं पुलिस विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### मेदिनीनगर में खुला अक्षयम कलेक्शन



**मेदिनीनगर।** घरेलू साज-सज्जा के शौकीनों के लिए एक नयी सौगात के रूप में अक्षयम कलेक्शन का भव्य उद्घाटन हुआ। उद्घाटन विशेष अतिथि अक्षज और अव्यम बाल्य अतिथि ने किया। यह घरेलू सजावट से जुड़ी वस्तुओं के लिए एक उत्कृष्ट ठिकाना है। यहां आकर्षक बेड कवर, बेडशीट्स, कंफर्टर, कुशन कवर, दोहर और अन्य कई तरह के फर्निशिंग आइटम उपलब्ध हैं, जो घर की सुंदरता को चार चांद लगा सकते हैं। बुटीक की प्रोप्राइटर प्रियंका आनंद साहू ने बताया कि इस कलेक्शन को खासतौर पर उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो गुणवत्ता के साथ आकर्षक डिजाइनों की भी तलाश करते हैं। इसका उद्देश्य शहर के ग्राहकों को शहर में ही बेहतर और ट्रेंडी होम डेकोर प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराना है। मौके पर लिली मिश्रा, रेणु शर्मा, आरती आनंद, पुष्पा अग्रवाल, अनुराधा मिश्रा, शालू सिंह, पारुल, हरशीन कौर, अनजनी सिंह आदि ने खरीदारी की।

### डीआइजी से मिले भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश वर्मा



**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश कुमार वर्मा ने पलामू प्रमंडल के नवनियुक्त पुलिस उप महानिरीक्षक नौशाद आलम से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में डीआईजी के पद पर ऐसे पदाधिकारी का आना पलामू वासियों के लिए सुखद अनुभव है। गत दिन शहर में आयोजित कवि सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डीआईजी ने अपनी अभिव्यक्ति के माध्यम से संस्कृत, हिंदी और उर्दू को मिश्रित कर जिस अंदाज में शब्दों को बयां किया वो उनकी विलक्षण प्रतिभा के साथ हिंदुस्तानी मिट्टी से लगाव को दर्शाता है क्योंकि अब बड़े-बड़े अधिकारियों का सरल होना अपवाद हो गया है। मौके पर अविनाश वर्मा के पुत्र सह जेएस कॉलेज एबीवीपी के अध्यक्ष आकाश वर्मा एवं छात्र नेता सुमित पाठक भी थे।

### धरती आबा जन भागीदारी अभियान 15 से 30 जून तक चलेगा : उपायुक्त



**मेदिनीनगर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा धरती आबा जन भागीदारी अभियान के लिए जागरुकता हेतु 15 से 30 जून 2025 तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पलामू उपायुक्त समीरा एस० ने कहा कि यह अभियान पलामू के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में चलाया जायेगा। राष्ट्रव्यापी जागरूकता और लाभ अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति/ पीवीटीजी लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी/ लाभकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में पूर्वाह्न 10 :30 बजे से शिविर का आयोजन होगा। इसके अंतर्गत पीवीटीजी पंचायत में भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजना से जोड़ना एवं उसकी जानकारी प्रत्येक लाभुकों तक पहुंचाया जाना है।

## बटाने नदी पुनर्जीवन के लिए टीम ने किया स्थल भ्रमण

# बहु-विभागीय प्रयासों से शीघ्र बनाया जायेगा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बटाने नदी के पुनर्जीवन हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने के उद्देश्य से गठित तकनीकी टीम द्वारा शनिवार को बटाने नदी तट एवं बटाने डेम का संयुक्त स्थल भ्रमण किया गया। इस दौरे का उद्देश्य नदी क्षेत्र की स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक संरचनाओं की पहचान करना था, जिससे प्रभावी पुनर्जीवन कार्य सुनिश्चित किया जा सके। भ्रमण के दौरान स्पष्ट हुआ कि नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए विभिन्न विभागों द्वारा बहु-आयामी योजनाएं बनानी होंगी। भूमि संरक्षण विभाग तथा महिला एवं वाटरशेड डेवलपमेंट अंतर्गत वाटरशेड डेवलपमेंट की योजना बनायी जायेगी, जबकि नदी में डैम जैसी संरचनाओं का डीपीआर लघु सिंचाई विभाग तैयार करेगा।



इसके साथ ही भूमि उपचार की विस्तृत योजना मनरेगा के माध्यम से कार्यान्वित की जायेगी। इस महत्वपूर्ण दौरे में डीएफओ, डीडीसी, मेदिनीनगर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, छत्तरपुर एवं नावडीहा, सीओ, हरीहरगंज, डीएमएफटी परियोजना पदाधिकारी, लघु सिंचाई तथा मनरेगा अभियंता समेत संबंधित प्रखंडों के कर्मचारीगण शामिल रहे। यह संयुक्त प्रयास बटाने नदी के दीर्घकालिक संरक्षण, जलप्रबंधन तथा स्थानीय आजीविका संवर्धन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। आगामी कुछ दिनों में इस स्थल भ्रमण के आधार पर विभागीय समन्वय से एक ठोस एवं व्यावहारिक डीपीआर तैयार कर राज्य व केंद्र सरकार को अनुमोदन हेतु भेजा जायेगा।

# प्रतिभागियों के लिए रचनात्मक और प्रेरणादायक है समर कैंप : प्राचार्य

- ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैंप हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैंप हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। यह कैंप नौ जून से चल रही थी जिसका समापन शनिवार को किया गया। प्रातः ओउम् ध्वनि, सूर्य नमस्कार, योगासन अभ्यास के साथ शिविर की शुरुआत हुई। विद्यालय सभागार में प्राचार्य डा एके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित किया। छात्रों ने समर कैंप में सीखे गये गतिविधियों की मंच पर प्रस्तुति दी। छात्रों ने सामूहिक नृत्य व गीत प्रस्तुत किया गया। कैंप में क्रिकेट, खो-खो, रीडिंग, राइगिं, पेंटिंग, नृत्य, संगीत, तैराकी, योगा एवं पाककला आदि गतिविधियों में शामिल होनेवाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि यह कैंप प्रतिभागियों के लिए रचनात्मक व प्रेरणादायक है। सफलता केवल सपनों से नहीं बल्कि कड़ी मेहनत से मिलती है। सकारात्मक सोच हमेशा सफलता की ओर ले जाती है।




**भारतीय भाषा समर कैंप का समापन :** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में भारतीय भाषा समर कैंप का समापन किया गया। इसमें कक्षा छह से आठ तक के छात्र छात्राओं ने विषेष भूमिका निभायी। तेलगु व बंगाली भाषाओं पर विभिन्न शब्दों से छात्रों को परिचय कराया गया। मैथिली, कन्नड़ भाषा में सार्वजनिक स्थलों में प्रयोग होनेवाले उपयोगी श्ब्दों से छात्रों को अवगत कराया गया। ऑपरेशन सिंदूर पर विशिष्ट रूप से नुक्कड़ नाटक व मंच नाट्य कला का प्रदर्शन हुआ। बंगाली, गुजराती, आसामी, पंजाबी व भोजपुरी संस्कृति से विशेष पकवानों का प्रदर्शन पारंपरिक वेशभूष में किया गया। प्राचार्य ने कहा कि कैंप का उद्देश्य छात्रों में अपनी मातृभाषा के प्रति अभिरूचि व जागरूकता उत्पन्न करना है। ऑपरेशन सिंदूर देशभक्ति का परिचायक है। मौके पर छात्र व शिक्षक शामिल थे।

# भुइयां परिवार ने जताया पांकी विधायक डॉ मेहता का आभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** विद्यासागर पांडे ने कुछ दिन पूर्व बसडीहा गांव निवासी लक्षोईया कुंवर को गोबर नहीं फेकने पर तलवार के बट से हमला किया था। हमला करने के बाद विद्यासागर पांडे के ऊपर पांकी थाना में एससी एसटी सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। जिससे लक्षोईया कुंवर का हालत नाजुक बनी हुई थी। अभी भी उसका इलाज चल रहा हैं। हालांकि अभी ठीक ठाक हैं और इलाज जारी हैं और लक्षोईया कुंवर के घर में रखे सभी सामानें फेक दिया था। खाना बनाने वाला चूल्हा को तोड़ दिया था। विद्यासागर पांडे का गिरफ्तार नहीं होने पर पांकी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक डॉ.शशि भूषण मेहता और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुईयां के नेतृत्व में एवं पुरे पांकी विधानसभा के हरेक प्रखंड से भुइयां समाज के तमाम लोग एकत्रित होकर लोकप्रिय विधायक डॉ शशि भूषण मेहता की अगुवाई में आक्रोषपूर्ण रैली निकालकर पांकी थाना का घेराव किया था।घेराव करने के दो दिन बाद ही पांकी थाना प्रभारी के नेतृत्व में विद्यासागर पांडे को गढ़वा से गिरफ्तार किया था। मौके पर पांकी प्रखंड अध्यक्ष सोमर भुइयां, सचिव संजय भुइयां, कोषाध्यक्ष, उपेंद्र भुइयां उपाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी उदय भुइयां, लेस्लीगंज प्रखंड अध्यक्ष अमारिक भुइयां, जिला प्रवक्ता रंजय भुइयां, मिठू भुइयां, तरहसी प्रखंड अध्यक्ष रामबदेश भुइयां, जिला मीडिया प्रभारी शिवपाल भुइयां, कोषाध्यक्ष महेंद्र भुइयां, सचिव सुजीत भुइयां सह विधायक प्रतिनिधि तरहसी, मनातू प्रखंड अध्यक्ष पचू भुइयां, कोषाध्यक्ष रामदयाल भुइयां, लालबीर भुइयां, अनिल भुइयां, सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष कैलू भुइयां आदि मौजूद थे।



विधायक के प्रति आभार जताते भुइयां समाज के लोग।

# ए के सिंह कॉलेज जपला में लगा नशा से बचाव को लेकर सेमिनार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय सेवा योजना ए के सिंह कॉलेज जपला (अवधेश कुमार सिंह कॉलेज) इकाई के तत्वावधान में मादक पदार्थों के दुरूपयोग को रोकने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका थीम नशे को न और जिंदगी को हां रखा गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश सिंह ने उपस्थित स्वयंसेवकों और अन्य छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के सेवन करने से स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव जैसे लत लगने की संभावना, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी, ह्रदयाघात, सांस संबंधित तकलीफ, संक्रामक बीमारियां होने का खतरा और उसके परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



सेमिनार में उपस्थित कॉलेज कर्मी व अन्य विद्यार्थी।

कहा कि नशीली पदार्थों के दुरुपयोग के संकेत और लक्षण जैसे खराब शैक्षणिक प्रदर्शन, दोस्तों और गतिविधियों से दूरी, वजन में भारी परिवर्तन जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। इससे बचने की आवश्यकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि नशीली दवाएं सुस्ती लाती हैं और शरीर और दिमाग के समान्य कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। उपचार और दवा की मदद से कोई भी व्यक्ति खुद को इन पदार्थों के सेवन से दूर कर सकता है और धीरे-धीरे आम जीवन जी सकता है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी पदार्थ की लत एक पुरानी मस्तिष्क संबंधी बीमारी है इसे परामर्श और दवा से नियंत्रित किया जा सकता है। मौके पर प्रो शशिभूषण सिंह, परीक्षा नियंत्रण प्रो अशोक सिंह, अकाउंटेंट ओमप्रकाश सिंह, अमरेंद्र सिंह, विवेक कुमार, नितेश कुमार, मनीष सिंह, प्रिंस कुमार सिंह सहित छात्र-छात्रा व स्वयंसेवक थे।

## जेटेट नियमावली में हिंदी मगही भोजपुरी भाषा को शामिल नहीं करने पर अभ्यर्थियों में भारी आक्रोशः राकेश पासवान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जेटेट नियमावली में हिंदी मगही भोजपुरी भाषा को शामिल नहीं करने पर अभ्यर्थियों में जनआक्रोश है। झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने कहा कि बिगत ढाई साल पहले झारखंड केमुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र के माध्यम से जेटेट पलामू प्रमंडल स्तर पर जहां हिंदी भाषी ज्यादा रहते हैं जिनकी भाषा मगही भोजपुरी पलामू के भाषा से मेल खाता है। देखा जाए तो चतरा रांची लातेहार पलामू गढ़वा धनबाद ऐसे कई जगह है जहां अधिकतर मगही भोजपुरी भाषा इस्तेमाल होती है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में भोजपुरी भाषा को शामिल नहीं करने पर इनके लिए सौतेला व्यवहार होगा। पूर्व में देखा गया है कि इन भाषा नागपुरी कुडुख खड़िया मुंदरी खोरठा बांग्ला आदि भाषाओं की कार्य अनिवार्य बनाया गया है था पर रिटायरमेंट के बाद पुन बहाली नहीं हो पायी। सरकार की ओर से गढ़वा और पलामू में नागपुरी कुडुख घोषणा करना और असंवैधानिक है। पलामू और गढ़वा की संस्कृति पहचान हिंदी भाषा जनसंभावनाओं को परवाह नहीं हिंदी भाषियों के लिए संस्कृति विरासत को मिटाने की साजिश है।

## झारखंड में पेशेवर मछुवारों की हालत बदतर कोई राजनीतिक दल नहीं उठा रहा है आवाज

- सरकार के रवैये से मछुआरे भुखमरी के कगार पर : मुकेश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य में पेशेवर मछुवारों की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। मलाह जाति (जो परंपरागत रूप से मछली पालन करती रही है) आज सरकारी उपेक्षा और राजनीतिक अनदेखी का शिकार बन चुकी है। स्थानीय मछुवारा समितियों के अनुसार झारखंड में कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जो मलाह समुदाय और पेशेवर मछुवारों के अधिकारों की सच्चे मन से पैरवी कर रहा हो। अधिकांश दल इन मछुवारों को महज वोट बैंक समझते हैं और चुनावों के समय ही उनके पास जाते हैं। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि जो तालाब पहले पेशेवर मछुवारों को आजीविका के लिए आवंटित किए जाते थे, अब वे भी उनसे छीनकर बाहरी या गैर-पेशेवर लोगों को दिए जा रहे हैं। इससे मछुवारों का पारंपरिक जीवन-यापन संकट में पड़ गया है। समुदाय के लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही कोई ठोस नीति नहीं बनी और उनकी आजीविका की सुरक्षा नहीं की गई, तो यह पारंपरिक व्यवसाय पूरी तरह समाप्त हो सकता है।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट प्राथमिकी दर्ज



**नीलांबर पीतांबरपुर।** थाना क्षेत्र के कोटखास जमीन विवाद में निर्माण कार्य स्थल पर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित मो इरफान, पिता स्व उस्मान मियां ने थाने में आवेदन देकर बताया कि 09 जून को सुबह लगभग 09 बजे जब वे खेत की सफाई कर रहे थे, तभी गांव के ही रेयाज खलीफा, एजाजुल खलीफा सहित 7 लोग वहां पहुंचे और अचानक कुदाल से हमला कर दिये। हमले में मो इरफान गंभीर रूप से घायल हो गये और खून से लथपथ होकर गिर पड़े। वे सभी मौके से फरार हो गये। उसने थाने में शिकायत दर्ज करायी। इसे लेकर लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 74/25, 11/06/2025 के तहत बीएनएस 2023 की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी उतम राय ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन मिला है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने इमामगंज और बाराचट्टी विधायक का किया जोरदार स्वागत



**मेदिनीनगर।** नेतरहाट में आये हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा सेकुलर पार्टी के इमामगंज की विधायक दीपा मांझी, बाराचट्टी की विधायक ज्योति देवी, पार्टी के गया जिलाध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी, गया के जिला संगठन सचिव रामसनेही, जिला उपाध्यक्ष सुधीर यादव, चंदन माझी, राकेश मांझी बिहार का स्वागत मोर्चा के जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने किया। कहा कि झारखंड के नेतरहाट में पार्टी के लोगों से मिलकर झारखंड में पार्टी की दशा-दिशा पर चर्चा करने आये सभी लोगों का स्वागत किया गया। श्री तिवारी व मीडिया प्रभारी मुकेश पाठक ने सभी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावे लातेहार जिलाध्यक्ष राजेंद्र, अतुल सिंह, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रणजीत भुइयां सहित पार्टी के दर्जनों लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## विधायक जयराम का पलामू आगमन 21 को : बिनोद गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** जेलकेएम जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि बिनोद गुप्ता ने बताया कि टाइगर जयराम महतो का पलामू आगमन 21 जून को टाउन हॉल में होना है। जिसमें भाजपा, कांग्रेस, जे एम एम, राजद सहित अन्य दल के नेता कार्यकर्ता भारी संख्या में जेएलकेएम जिला उध्यक्ष दिलीप मेहता के नेतृत्व में शामिल होंगे। जिन्हें सुप्रीमो जयराम महतो के द्वारा सम्मानित कर पार्टी में शामिल कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल के अभ्यर्थियों पर झारखंड सरकार जबरजस्ती अन्य भाषा थोपने का काम कर रही है। आज हमारे पलामू प्रमंडल के मंत्री, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि हाथ पर हाथ रख बैठे हैं। स्थानीय भाषा बिबाद पर जयराम टाईगर के आगमन के बाद आंदोलन किया जायेगा। श्री महतो सभी युवा वर्ग के साथ किसान, बेरोजगार जनता को संबोधित करेंगे।

### जिला स्कूल मैदान में सतत मिलाप टीम लगायेगा योग शिविर

**मेदिनीनगर।** प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। इसी कड़ी में रांची सेना मुख्यालय से सतत मिलाप टीम रविवार 15 जून को पलामू जिला स्कूल मैदान में सुबह छह बजे से एक योग शिविर आयोजित करेगी। इस योग शिविर में स्थानीय एनसीसी बटालियन के कैडेट्स और अखिल भारतीय भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पलामू से जुड़े हुए मेदनीनगर में निवास करने वाले सभी पूर्व सैनिकों की सहभागिता रहेगी।

## हैदरनगर के देवीधाम में पूजन महाआरती कार्यक्रम आयोजित

**नरेंद्र प्रसाद गुप्ता**



**हैदरनगर पलामू।** हैदरनगर शहर स्थित प्रसिद्ध देवीधाम में महाआरती और महापूजन का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर श्रद्धा ओर भक्ति का अनुपम संगम दिखने को मिला। इस विशेष अवसर पर यजमान हैदरनगर पूर्वी पंचायत संतोष सिंह, जिप सदस्य पत्नी संगीता देवी भी मौजूद थे। मंदिर को आकर्षक ढंग से फूल माला से सजाया गया। जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। महाआरती की अगुवाई शहर के प्रकांड विद्वान पंडित सचिदानंद दुबे ओर सतेन्द्र दुबे ने वैदिक मंत्रोचार के साथ विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गयी। मंदिर पुजारी सुरेंद्र त्यागी ने कहा कि मां भगवती धाम की शक्ति की महिमा अपार है, जो भक्त सच्चे मन से पूजा अर्चना करते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होती है।

### उचित रखरखाव के अभाव में सूख गये मनरेगा से लगाये गये आम बागवानी के पौधे



**विश्रामपुर पलामू।** विश्व भर में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पौधा लगाने, पौधा को संरक्षित करने के लिए कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लेकिन विश्रामपुर प्रखंड में उचित रखरखाव के अभाव में मनरेगा से लगाये गये आम बागवानी के पौधे सूख गये। एक भी पौधा भी जीवित नहीं है। जबकि बागवानी पर आने वाली खर्च और रखरखाव में भी भुगतान किया गया है। आखिर बागवानी की देखरेख किसके जिम्मे थी? जिम्मेवार लोगों की लापरवाही से प्रखंड की स्थिति और भी चरमरा गया है।

# मैट्रिक और इंटर के मेधावी विद्यार्थियों को पत्रकार रामनिवास तिवारी ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर, पलामू।** मैट्रिक व इंटर के मेधावी छात्र छात्राओं को बिश्रामपुर प्रखंड के तोलरा पंचायत अंतर्गत रामानुज उच्च विद्यालय तोलरा में पत्रकार रामनिवास तिवारी नें सम्मानित किया कॉपी कलम देते हुए पत्रकार रामनिवास ने बताया की पढ़ाई में विद्यालय के किसी भी बच्चो को आर्थिक तंगी बाधित नहीं करेगा मैं स्वंय किताब कॉपी कलम उपलब्ध कराऊंगा। पत्रकार रामनिवास नें मेधावी बच्चो को आईएएस आईपीएस बनकर गांव समाज का नाम रोशन करने की बात कहा बच्चो ने खुशी से पत्रकार रामनिवास तिवारी से आटोग्राफ लिया एवं भविष्य में मीडिया देश के चौथे स्तंभ बनकर समाज में फैली भष्ट्राचार पर अंकुश लगाने की कसमें खाये। मौके पर दिब्या कुमारी, नेहा कुमारी, धर्मेंद्र चौधरी, बिष्णु चौधरी को सम्मानित किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य शशिकांत उपाध्याय निरंजन मिश्रा सहित अन्य शिक्षक शिक्षिका विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित थे।



प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते पत्रकार व उपस्थित अन्य।

# पाटन प्रखंड के दर्जनों मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में बिजली और पानी का घोर अभाव

- शौचालय नहीं होने से खुले में शौच करते हैं बच्चो, विभाग बेखबर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पलामू जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति काफी खराब है। कहीं आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है, कहीं आंगनबाड़ी केंद्र भवन है तो वह भी जर्जर है। आंगनबाड़ी केंद्रों में कही सेविका, सहायिका नहीं हैं तो कहीं बच्चे केंद्र नहीं आते हैं। इधर पाटन प्रखंड में दर्जनों मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का हाल बेहाल है। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में भी बिजली, पानी और शौचालय की सुविधा नहीं है जिससे विभाग के द्वारा मिलने वाले लाभ से बच्चे वंचित हैं ।एक तरफ विभाग आंगनबाड़ी केन्द्र को मॉडल बनाती है लेकिन सुविधा नहीं के बराबर है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के सेविकाओं ने बताया कि केंद्र में शौचालय निर्माण नहीं कराया गया है जिससे शौच करने के लिए सेविका, सहायिका एवं केंद्र के बच्चों को बाहर नदी, झाड़ियों खुले में शौच करने के लिए जाना पड़ता है। आंगन बाड़ी केन्द्र में नल जल की व्यवस्था नहीं है और न ही चापानल नल है। दूसरे जगहों से पानी लाकर बच्चों के लिए भोजन बनाया जाता है। इस भीषण गर्मी में पानी पीने के लिए बच्चों को दुर जाना पड़ता है।



बिजली की व्यवस्था केंद्र में नहीं किया गया है जिससे विभाग के द्वारा दिया गया एलीडी टीवी को सेविका अपने घर में इस्तेमाल कर रही हैं। विभाग के द्वारा जब बिजली व्यवस्था केन्द्र में नहीं किया गया है तो एलडी टीवी देने का कोई फायदा नहीं है। इस पर विभाग का कोई ध्यान नहीं है। आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर होने से बरसात में छत से पानी टपकता है। इससे बच्चो को पढ़ाई करने में परेशानी होती है। इस संबंध में आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं ने बताया कि कई बार इस सभी समस्या को लेकर विभाग को लिखा गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आंगनबाड़ी केन्द्र को विभाग के द्वारा मॉडल बना दिया गया लेकिन मुलभूत समस्या का निदान नहीं किया गया। इस संबंध में विभाग में फंड नहीं रहने का कारण बताया जाता है। आंगनबाड़ी सेविकाओं ने इन सभी समस्याओं का निदान करने की मांग विभाग से की है ताकि बच्चों को पठन-पाठन में सहूलियत हो सके।

# टाउन हॉल में मैट्रिक-इंटर टॉपर्स सम्मानित

## डीसी ने किया एक लाख के इनाम का ऐलान



सम्मानित करते डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** नीलाम्बर-पीताम्बर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक भवन (टाउन हॉल), गढ़वा में डीसी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डीसी दिनेश कुमार यादव, एसपी अमन कुमार, एसडीओ संजय कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। जैक बोर्ड मैट्रिक में साक्षी यादव (97 प्रतिशत) ने जिले में टॉप किया। वहीं दूसरे स्थान पर आशुतोष चौबे (96.8 प्रतिशत) और तीसरे पर सुमित कुमार (96.4 प्रतिशत) रहे। इंटर साइंस में प्रभात प्रसाद कुशवाहा (91.6 प्रतिशत), प्रिया कुमारी (90.2 प्रतिशत) और ओम कुमार तिवारी (89.4 प्रतिशत) टॉप पर रहे। इंटर आर्ट्स में सेजल कुमारी (88.2 प्रतिशत), साक्षी कुमारी (87.2 प्रतिशत) और निक्की कुमारी (86.8 प्रतिशत) ने टॉप किया। इंटर कॉमर्स में स्नेहा कुमारी (85.8 प्रतिशत), रोहित कुमार चौधरी (83.4 प्रतिशत) और विद्या कुमारी (83.2 प्रतिशत) अव्वल रहे। जबकि सीबीएसई बोर्ड में मैट्रिक टॉपर जानवी गुप्ता (97.6 प्रतिशत), इंटर साइंस में कृष मिश्रा (93.4 प्रतिशत), इंटर कॉमर्स में सौरभ पांडेय (90.2 प्रतिशत) और इंटर आर्ट्स में दिव्या कुमारी (89.4 प्रतिशत) को सम्मानित किया गया। एसओई स्कूलों से रजिया अफरोज (90.2 प्रतिशत) और बुशरा खातून (87 प्रतिशत) भी सम्मानित हुईं। टॉपर्स को टैबलेट, मोबाइल, स्कूल बैग, वॉटर बॉटल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर डीसी, एसपी समेत अन्य पदाधिकारी ने सम्मानित किया। पहले स्थान पर रहने वालों को टैबलेट, दूसरे को मोबाइल, तीसरे को स्कूल बैग और चौथे से दसवें स्थान तक वॉटर बॉटल दी गई। समारोह में सात शिक्षकों को भी शॉल देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर डीसी श्री यादव ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी चीज आपकी इच्छा शक्ति होती है, यदि आपकी इच्छा शक्ति मजबूत है तो आपका आधा से अधिक समस्या यूं ही समाप्त हो जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से आगे बढ़ते हुए कड़ी मेहनत कर अच्छा मुकाम हासिल करें जिससे अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के साथ-साथ देश, राज्य व जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि अगले साल टॉप करने वालों को एक लाख रुपये, लैपटॉप/टैबलेट जैसे बड़े इनाम मिलेंगे। एसपी अमन कुमार ने कहा कि जो बच्चे आज मैट्रिक एवं इंटर में सफलता प्राप्त किए हैं, उनके लिए यह अंतिम उपलब्धि नहीं है बल्कि यह सिर्फ एक शुरुआत है। जरूरत है कि आप अपनी सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत करते रहें। जब आप अपनी सफलता के प्रति जिम्मेवार नहीं रहेंगे तो आपकी जिंदगी कठिनाइयों एवं समस्याओं से भरी रहेगी। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अलका लकड़ा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, कार्यालय सहायक पंकज पाण्डेय, जिला अकाउंटेंट शैलेंद्र पाण्डेय, नीरज कुमार गिरी, टीचर्स सहित काफी संख्या में स्टूडेंट्स और पेरेंट्स मौजूद थे।

# 20 साल पुराने जमीनी विवाद में न्यायालय का फैसला

## रण देव सिंह को मिला वैध कब्जा



कब्जा दिलाते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** सिलीदाग पंचायत अंतर्गत गड़ई टोला में तीन एकड़ जमीन को लेकर पिछले 20 वर्षों से चला आ रहा विवाद शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया। वंशीधर नगर सिविल जज जूनियर डिवीजन के न्यायालय द्वारा सुनाए गए फैसले के आलोक में रण देव सिंह (सुखाड़ी सिंह) वगैरह को जमीन का वैध कब्जा दिया गया। न्यायालय के आदेश के अनुसार सिविल कोर्ट के नाजीर रविकिशोर सिंह, प्रोसेस सर्वर महेन्द्र राम व श्याम बिहारी राम, रमना थाना के पुलिस पदाधिकारी, तथा महिला व पुरुष पुलिस बल की उपस्थिति में दखल-दहानी की प्रक्रिया पूरी की गई। इससे पूर्व दोनों पक्षों को लिखित सूचना देकर तय तिथि और समय पर उपस्थित होने के लिए कहा गया था। दखल-दहानी से पहले मौके पर कागजात पढ़ कर सुनाया गया, साक्ष्य के रूप में दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराया गया और ढोल-नगाड़ा बजाकर विधिपूर्वक भूमि पर कब्जा दिलाया गया। जानकारी के अनुसार रण देव सिंह (सुखाड़ी सिंह) व अन्य बनाम सीताराम व अन्य के बीच यह विवाद वर्ष 2005 से चला आ रहा था। तीन एकड़ जमीन पर दोनों पक्ष अपना-अपना दावा कर रहे थे। विवाद न्यायालय में विचाराधीन था और कई वर्षों तक सुनवाई के बाद अंततः न्यायालय ने रण देव सिंह के पक्ष में फैसला सुनाया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिनियुक्त महिला और पुरुष आरक्षियों की तैनाती की गई थी। सभी संबंधित प्रशासनिक और न्यायिक कर्मियों की मौजूदगी में प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई।

## एक नजर में

# विश्व रक्तदाता दिवस पर धीरज दुबे ने किया रक्तदान

## युवाओं को दिया प्रेरणा का संदेश



रक्तदान करते धीरज दुबे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर समाजसेवी धीरज दुबे ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शनिवार को स्थानीय ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में उन्होंने न सिर्फ हिस्सा लिया, बल्कि दर्जनों युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित भी किया। धीरज दुबे ने रक्तदान के बाद कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जिससे किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। यदि हर स्वस्थ व्यक्ति साल में एक बार रक्तदान करे, तो देश में रक्त की कमी कभी नहीं होगी। ब्लड बैंक के डॉक्टरों और स्टाफ ने धीरज के इस नेक कार्य की सराहना की और बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान के लिए ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। शिविर में कई युवाओं ने भी रक्तदान कर इस अभियान को सफल बनाया। मौके पर झामुमो कोषाध्यक्ष चंदन जयसवाल, आशीष अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, जाफर खान, राजा सिंह, आयुष सिंह, मनीष कमलापुरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# फुस की झोपड़ी में भीषण आग, दो दुधारू मवेशियों की जलकर मौत

## लाखों की संपत्ति जलकर राख



घटनास्थल पर उपस्थित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** बलियारी पंचायत के बरवाडीह टोला निवासी अरुण कुमार पिता कृष्णा मेहता के फुस की झोपड़ी में शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे अचानक आग लग गई, जिससे दो दुधारू मवेशी (एक गाय व एक भैंस) जलकर मर गए। साथ ही दो गाय, एक भैंस और दो बछड़े गंभीर रूप से झुलस गए हैं। इस भीषण अगलगी में झोपड़ी में रखे 5 क्विंटल गेहूं, डीजल पंप, बिजली मोटर पंप, चारा मशीन, 50 किलो डिलीवरी पाइप, 40 क्विंटल भूसा, 10 क्विंटल पौटा और लकड़ी-बांस सहित करीब सात लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना के समय अरुण कुमार अपने घर पर थे। उन्होंने बताया कि मवेशियों को खिला-पिलाकर वापस लौटे ही थे कि गांव वालों के शोरगुल से पता चला कि झोपड़ी में आग लग गई है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। स्थानीय ग्रामीणों ने मोटर और चापाकल की मदद से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती, तो आसपास के घरों व खेतों तक फैल सकती थी जिससे और भारी नुकसान हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पार्षद सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने टोल फ्री नंबर 1967 पर कॉल कर एम्बुलेंस बुलाया और पशु चिकित्सक को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे, जहां झुलसे मवेशियों का इलाज कराया गया। साथ ही पीड़ित को हरसंभव सरकारी मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। पीड़ित अरुण कुमार ने अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी को आवेदन सौंपकर पूरी घटना की जांच कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, हत्या की आशंका

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के खाला गांव में शनिवार को बदरुद्दीन अंसारी की 20 वर्षीया पत्नी रुखसाना खातून ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को मारकर फांसी पर लटकाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


झारखण्ड सरकार

भू–अर्जन वाद सं०– 64/2024–25

राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

''गोला-मूरी चार लेन पथ निर्माण परियोजना''

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–बीसारूली, थाना संख्या–26, अंचल–सिल्ली, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना गोला–मूरी चार लेन पथ निर्माण परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा–बीसारूली, थाना संख्या–26, अंचल–सिल्ली, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोबेश कुल रकबा–**14.910798** एकड़ भूमि मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

मौजा–बीसारूली

| क्र० सं० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 100 | 45 | अज्ञात | 0.013898 | मेघु महतो, धामु महतो, सनुआ महतो, कन्हाई महतो | 46 | 47 | 44 | 43 |
| 02 | 100 | 94 | अज्ञात | 0.001520 | अज्ञात | 95 | 96 | 93 | 92 |
| 03 | 100 | 128 | अज्ञात | 0.073741 | अज्ञात | 129 | 130 | 127 | 126 |
| 04 | 100 | 432 | अज्ञात | 0.211344 | अज्ञात | 433 | 434 | 431 | 430 |
| 05 | 48 | 47 | रैयती | 0.042438 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 48 | 49 | 46 | 45 |
| 06 | 48 | 51 | रैयती | 0.019013 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 52 | 53 | 50 | 49 |
| 07 | 48 | 52 | रैयती | 0.036772 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 53 | 54 | 51 | 50 |
| 08 | 48 | 53 | रैयती | 0.080785 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 54 | 55 | 52 | 51 |
| 09 | 48 | 54 | रैयती | 0.118182 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 55 | 56 | 53 | 52 |
| 10 | 48 | 55 | रैयती | 0.190794 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 56 | 57 | 54 | 53 |
| 11 | 48 | 57 | रैयती | 0.165088 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 58 | 59 | 56 | 55 |
| 12 | 48 | 58 | रैयती | 0.157322 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 59 | 60 | 57 | 56 |
| 13 | 48 | 89 | रैयती | 0.022414 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 90 | 91 | 88 | 87 |
| 14 | 48 | 97 | रैयती | 0.052526 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 98 | 99 | 96 | 95 |
| 15 | 48 | 98 | रैयती | 0.084044 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 99 | 100 | 97 | 96 |
| 16 | 48 | 99 | रैयती | 0.013425 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 100 | 101 | 98 | 97 |
| 17 | 48 | 719 | रैयती | 0.003062 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 720 | 721 | 718 | 717 |
| 18 | 48 | 725 | रैयती | 0.066829 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 726 | 727 | 724 | 723 |
| 19 | 48 | 960 | रैयती | 0.025070 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 961 | 962 | 959 | 958 |
| 20 | 48 | 961 | रैयती | 0.020789 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 962 | 963 | 960 | 959 |
| 21 | 48 | 994 | रैयती | 0.179989 | उधव महतो पेशरान जामु महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो, वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो, पेशरान–जामु महतो, रामलाल महतो वल्द माधो महतो वो रामा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 995 | 996 | 993 | 992 |
| 22 | 59 | 59 | रैयती | 0.094748 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 60 | 61 | 58 | 57 |
| 23 | 59 | 71 | रैयती | 0.012401 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 72 | 73 | 70 | 69 |
| 24 | 59 | 73 | रैयती | 0.056972 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 74 | 75 | 72 | 71 |
| 25 | 59 | 95 | रैयती | 0.078198 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 96 | 97 | 94 | 93 |
| 26 | 59 | 96 | रैयती | 0.144558 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 97 | 98 | 95 | 94 |
| 27 | 59 | 101 | रैयती | 0.183015 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 102 | 103 | 100 | 99 |
| 28 | 59 | 975 | रैयती | 0.027529 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 976 | 977 | 974 | 973 |
| 29 | 59 | 978 | रैयती | 0.062408 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 979 | 980 | 977 | 976 |
| 30 | 59 | 979 | रैयती | 0.138261 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 980 | 981 | 978 | 977 |
| 31 | 59 | 980 | रैयती | 0.157367 | परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो पुरना महतो, पेशरान–जैराम महतो | 981 | 982 | 979 | 978 |
| 32 | 137 | 72 | रैयती | 0.094610 | मेघु महतो वल्द धामु महतो वो सुनुआ महतो वल्द कन्हाई महतो | 73 | 74 | 71 | 70 |
| 33 | 137 | 74 | रैयती | 0.048517 | मेघु महतो वल्द धामु महतो वो सुनुआ महतो वल्द कन्हाई महतो | 75 | 76 | 73 | 72 |
| 34 | 137 | 75 | रैयती | 0.174795 | मेघु महतो वल्द धामु महतो वो सुनुआ महतो वल्द कन्हाई महतो | 76 | 77 | 74 | 73 |
| 35 | 137 | 567 | रैयती | 0.039510 | मेघु महतो वल्द धामु महतो वो सुनुआ महतो वल्द कन्हाई महतो | 568 | 569 | 566 | 565 |
| 36 | 137 | 569 | रैयती | 0.043414 | मेघु महतो वल्द धामु महतो वो सुनुआ महतो वल्द कन्हाई महतो | 570 | 571 | 568 | 567 |
| 37 | 137 | 570 | रैयती | 0.026905 | मेघु महतो वल्द धामु महतो वो सुनुआ महतो वल्द कन्हाई महतो | 571 | 572 | 569 | 568 |
| 38 | 79 | 105 | रैयती | 0.523887 | गोवर्धन सिंह मुण्डा, पिता–श्री मनोहर सिंह मुण्डा | 106 | 107 | 104 | 103 |
| 39 | 79 | 106 | रैयती | 0.395083 | बुधुआ माझी वल्द खेदु माझी | 107 | 108 | 105 | 104 |
| 40 | 79 | 974 | रैयती | 0.107517 | बुधुआ माझी वल्द खेदु माझी | 975 | 976 | 973 | 972 |
| 41 | 79 | 1005 | रैयती | 0.071076 | बुधुआ माझी वल्द खेदु माझी | 1006 | 1007 | 1004 | 1003 |
| 42 | 79 | 1077 | रैयती | 0.019686 | बुधुआ माझी वल्द खेदु माझी | 1078 | 1079 | 1076 | 1075 |
| 43 | 56 | 107 | रैयती | 0.046557 | गोपाल महतो, पेशरान–मैरो महतो वो दुबराज महतो, पेशरान–जोगी महतो वो नुनु महतो, पेशरान–जोगी महतो वो नन्दु महतो, पेशरान–हलु महतो वो कसुवा महतो, पेशरान–हलु महतो वो सुकल महतो, पेशरान–मैरो महतो | 108 | 109 | 106 | 105 |
| 44 | 56 | 1076 | रैयती | 0.026289 | गोपाल महतो, पेशरान–मैरो महतो वो दुबराज महतो, पेशरान–जोगी महतो वो नुनु महतो, पेशरान–जोगी महतो वो नन्दु महतो, पेशरान–हलु महतो वो कसुवा महतो, पेशरान–हलु महतो वो सुकल महतो, पेशरान–मैरो महतो | 1077 | 1078 | 1075 | 1074 |
| 45 | 60 | 126 | रैयती | 0.116274 | छावना महतो वल्द धामु महतो वो परना महतो, पेशरान–जैराम महतो वो डोमन महतो, पेशरान–जोधा महतो वो दुर्गा महतो, पेशरान–परान महतो वो पुरना महतो, पेशरान –जैराम महतो वो भीमा महतो, पेशरान–जोधा महतो वो मेघुवा महतो वल्द धामु महतो वो राम महतो, पेशरान–जोधा महतो वो रामलाल महतो वल्द माधव महतो वो सुनुवा महतो वल्द कन्हाई महतो वो सोमा महतो, पेशरान–परान महतो | 127 | 128 | 125 | 124 |
| | | | कुल | 14.910798 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त, राँची

PR 354988 Land Reforms (25-26)_D

समय संवाद

डॉ॰ अम्बेडकर के मन में आधुनिकरण के सकारात्मक प्रभाव के प्रति अत्यंत सम्मान उत्पन्न कर दिया था। विशेषकर जानडिबी के लोकतंत्र सम्बंधी विचारों से वे अत्यंत प्रभावित थे। इसलिए उनका मानना था कि एक स्वस्थ्य राजनीतिक तंत्र में कानून के सकारात्मक हस्तक्षेप द्वारा ही सदियों से शोषित समाज को शोषण से मुक्त किया जा सकता है। इसके लिए एक ओर उन्होंने अनेक सरकारी समितियाँ जिनमें 1918 से 1919 के बीच 'साउथबोरो समिति', 1928 में 'साइमन कमीशन' शामिल है, के समक्ष दलित समाज का पक्ष रखा वहीं महार सत्याग्रह एवं 'मनुस्मृति-दहन' जैसे राजनीतिक कार्य भी जारी रखें।

# लोकतंत्र को कमजोर करती असमानता

मनोज शर्मा



**इतिहास** में लम्बे समय से चली आ रही कुरितियों एवं उनके कारण पैदा हुए सामाजिक विभाजन जैसी समस्याओं को सुलझाने हेतु नेतृत्व का उदय समाज के भीतर से ही होना चाहिए। यह नेतृत्व ही अपनी हर दृष्टि, समझदारी और साहस से यह तय करें कि एक समतामूलक समाज एवं सशक्त समाज का निर्माण समस्याओं को निर्भतापूर्वक कुचलकर अथवा उन्हें दरकिनार कर के नहीं वरन उनका विश्लेषण एवं अध्ययन करके लोकहित लोक समिति के आधार पर हो। इसी विश्लेषण एवं अध्ययन के बाद बाबा साहेब ने दलित वर्ग में राजनीति चेतना पैदा करने एवं उन्हें संगठित करने के प्रथम प्रयास के रूप में ही 'वहिष्कृत हितकारिणी सभा की नींव 20 जुलाई 1924 को बम्बई में रखा। वहाँ से पहली बार यह नारा, जो कि संघर्षरत समुहों के सर्वाधिक लोकप्रिय नारों मेंसे एक बना।

'पढ़ो पढ़ाओ, 'संघर्ष करो', 'संगठित हो' का भी उदभव हुआ, इसके अलावा 'मूकनायक' 'बहिष्कृत भारत' जैसी पत्रिकाओं को आरम्भ करके अम्बेडकर ने ने अपने समाज सुधार कार्यक्रम को और विस्तृत आयाम दिया। अम्बेडकर न सिर्फ उस जातिवाद से घृणा करते थे, जो समाज के एक बड़े वर्ग के साथ होने वाले मानवीय व्यवहार के लिए जिम्मेवार था, बल्कि साम्राज्यवादी इतिहास द्वारा 'बाँटों और राज करो की नीति पर आधारित सिद्धांतों के प्रति भी सजग रहते थे। इस प्रकार हिन्दु समाज के एक बड़े तबके के सुधार विरोधी नजरियों से खिन्न होकर ही डॉ॰ अम्बेडकर ने शुद्रो हेतु ₹प्रथम निर्वाचन₹ की मांग रखी जिसे 1932 में अंग्रेजो द्वारा स्वीकार कर लिया गया था, किन्तु महात्मा गाँधी द्वारा पुरजोर विरोध और अनशन के बाद अम्बेडकर ने यह मांग वापस ले ली और

'पूना पेक्ट' समझौता पर हस्ताक्षर किया जिसके कारण आज भारत के दलितों यानि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ मिला है।

डॉ॰ अम्बेडकर के प्रगतिशील विचारों का सबसे बड़ा उदाहरण भारत का संविधान है। उनके नेतृत्व में संविधान सभा ने अपने समय का सबसे प्रगतिशील संविधान बनाकर गैर बराबरी आधारित सामाजिक ढ़ांचे को नष्ट किया एवं समतामूलक समाज की स्थापना की। संविधान का मूल मंत्र स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व था। 26 जनवरी 1950 से देश में संविधान लागू तो हो गया, लेकिन जिस संविधान के मूलमंत्र को देश ने मानने का संकल्प लिया उन मूलमंत्रो को धीरे-धीरे मनूवादी मानसिकताओं के द्वारा कमजोर करने की कोशिश होती रही। देश में असमानता बढ़ने लगी, गरीब और गरीब, अमीर और अमीर बनता जा रहा है, 80 करोड़ लोगों को जीवित रहने के लिए मुफ्त में राशन प्रदान करना इस बात का गवाही है कि सरकार ने देश की जनता के लिए रोजगार के अवसर दिलाने में नाकाम रही। यहाँ तक कि भारत में स्वास्थ सेवा, शिक्षा और जीवन के अवसरों की गुणवत्ता में यह असमान प्रगति उसके गरीब पड़ोसियों जेसे नेपाल और नेपाल की तुलना में बहुत कम है। इन असमानताओं की केवल सबसे चरम धुरी वर्ग, जाति और लिंग पर ध्यान केन्द्रित करती है, ताकि समझा जा सके, आज भारत पड़ोसी देशों से क्यों पिछड़ा है? हाल के वर्षों में बंगलादेश स्वास्थ सेवा में काफी तरक्की की है, पहले स्वास्थ सुविधायें बहुत दुर थी, अब वे बहुत पास है। असमानता अब बिना किसी संदेह के दुनियाँ में सबसे खराब है। अमीर और गरीब पुरी तरह से अलग हैं और दोनों शायद ही कहीं मिलते हैं, सिवाय ट्रैफिक सिगनल के। भारत में अत्यधिक विरोधाभास पनप रहे हैं, समृद्ध-समृद्धी की ऊँची गगनचुम्बी इमारते और घोर गरीबी वाली अंधेरी ग्रामीण झुग्गियाँ एक साथ मौजुद हैं। असमानता अब इतनी विषम हो गयी है कि भारत की आधी आबादी को देश की सम्पति की 1.1 प्रतिशत पर जीवित रहना पड़ता है। वर्ष 2016 में जब सम्पत्ति कर समाप्त किया गया तबसे भारत ने फ्रांस, स्विटरलैण्ड और स्वीडेन के संयुक्त अरबपतियों से भी अधिक अरबपति बनाये गये हैं। तत्कालीन दुनियाँ में सबसे सख्त लॉकडाउन में से एक के तहत 35200 मिलियन भारतीय गरीबी रेखा से चले गये। 84 प्रतिशत भारतीय परिवारों की आय में

# योग का बल

स्वामी मुक्तरथ

**योग** शरीर के लिए बहुत लाभदायक है। इससे शरीर को बल मिलता है और मानसिक एकाग्रता में भी मदद मिलती है। अगर आप योगा को अपनी जीवनशैली में शामिल करते हैं तो ये हाई बीपी, ह्रदय रोग, फेफड़े की बीमारी को ठीक करने के साथ पाचन क्रिया में होने वाले परिवर्तन से योगा निजात दिलाता है। नियमित योग के अभ्यास से अनिद्रा, चिंता, अवसाद और मूड स्विंग होने वाली परेशानियों से राहत मिलती है।

**वजन कम करने में मददगार**

योगा की मदद से वजन को भी कम किया जा सकता है। नियमित योगा अभ्यास से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। ये आपके बॉडी



को मजबूत बनाता है। योगा से अनिद्रा की समस्या दूर करके अवसाद से भी निजात दिलाता है। महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, हार्मोनल समस्या, ब्रैस्ट कैंसर जैसी समस्याओं में राहत दिलाने के लिए योगा एक अहम भूमिका निभाता है। इसके लिए जरुरी है कि महिलाएं अपनी दिनचर्या में योगा को जरुर शामिल करें। आगे की स्लाइड्स में जानें योगा से महिलाओं को क्या फायदे हैं।

**हार्मोंस की समस्या से बचाव**

महिलाओं में हार्मोंस के बदलाव से होने वाली समस्याएं आम है लेकिन इसे हल्के में लेना भी उचित नहीं है। मासिक धर्म के समय होने वाली समस्याएं जैसे अनियमित चक्र, पेट में होने वाली ऐंठन या मरोड़ और शरीर में एनर्जी की समस्या को दूर करने में योगा से काफी मदद मिलती है। मासिक घर्म के समय महिलाओं के शरीर पोश्चर को सही रखता है जिससे आपका आत्मविश्वास स्तर भी अच्छा रहता है। क लोगों पर हुए शोध में ये बात सामने आई कि वो लोग जो सप्ताह में एक बार भी योगा करते हैं उनमें चार साल में वजन बढ़ने की समस्या उन लोगों से कम है जो कभी नहीं या फिर बहुत कम योगा करते हैं।

**अवसाद और तनाव में राहत**

एक शोध के मुताबिक महिलाओं में पुरुषों की तुलना में ज्यादा अवसाद और तनाव देखा गया है। यह बात सामने आई है कि योगा मस्तिष्क में गुड केमिकल का स्त्राव करता है जिससे दिमाग को तनाव और अवसाद से राहत मिलती है। योगा करने से सांस की समस्या भी नहीं होती है।शोध में ये भी साबित हुआ है कि लगातार योगासन का अभ्यास करने से ब्रेस्ट कैंसर से लड़ने में महिलाओं को मदद मिलती है। (सत्यानंद योग मिशन रांची)

# हमारा मेटॉबॉलिज्म ही हमारी जान



जीवीएस शास्त्री

**हम** जब सोते हैं तब हमारे शरीर के भीतर कई सारी रसायनिक गतिविधियां होती हैं। हम जो भोजन खाते हैं , वो पचने के बाद ऊर्जा में परिवर्तित होता है। जिस माध्यम से यह प्रक्रिया होती है, वह मेटाबॉलिज्म है। मेटाबॉलिज्म के सुस्त पड़ने से शरीर में थकावट महसूस होने लगती है, डायबिटीज होने की संभावनाएं भी बढ़ जाती है। कई बार अचानक वजन बढ़ने या घटने लगता है। शरीर में चुस्ती-फुर्ती नहीं रहती है, समय-बेसमय शरीर में दर्द होने लगता है, मांसपेशियों में कमजोरी, ह्रदय गति का कम होना, अवसाद आदि समस्याएं इसी कारण से होने लगती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि हमारा मेटाबॉलिज्म कम न रहे। यदि आपका भी मेटाबॉलिज्म कम है तो अगली स्लाइड्स से जानिए मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के उपाय।

**नाश्ते को न करें नजरअंदाज**

पूरे दिन शरीर में ऊर्जा नियंत्रित रहे इसके लिए बहुत जरूरी है कि आप सुबह उठकर व्यवस्थित नाश्ता करें। जो लोग सुबह नाश्ता नहीं लेते और लंबे समय तक भूखे रहते हैं, उनका मेटाबॉलिज्म सुस्त रहता है। वे दिनभर आलस्य का शिकार रहते हैं।

**दही**

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए दही का सेवन बहुत लाभकारी है। दही मतलब दही, ऐसा नहीं कि दही के साथ आप कोई तली-गली चीज का सेवन करें। कोशिश करें कि कम फैट वाला दही खाएं। दही में ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो कि शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं इसलिए दिन के भोजन के साथ एक कटोरी दही जरूर खाएं।

**डार्क चॉकलेट**

यदि आपको डार्क चॉकलेट पसंद है तब तो आपका मेटाबॉलिज्म कभी कमजोर नहीं हो सकता है। डार्क चॉकलेट में मौजूद कैफिन और एंटीऑक्सीडेंट मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं। यदि मेटाबॉलिज्म के नाम पर आप सामान्य चॉकलेट खाएंगे तो नुकसान पहुंचाएगी क्योंकि उसमें शुगर बहुत अधिक होती है।

**गहरी सांस**

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है कि दिनभर में आप थोड़ी देर के लिए खुली हवा में बैठकर लंबी गहरी सांसें लें। ऐसा करने से शरीर में प्राणवायु अच्छे से जाएगी जो कि अधिक से अधिक ऊर्जा खर्च करने में आपकी सहायता करेगी। जब शरीर की ऊर्जा अधिक से अधिक खर्च होगी तो शरीर में सुस्ती महसूस नहीं होगी।

**सोयाबीन का तेल**

सोयाबीन का तेल खाना भी बहुत जरूरी है। यह मेटाबॉलिज्म का विकास करता हैअधिक सेवन से बचें। सोयाबीन के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स होते हैं जो कि मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के लिए बहुत लाभदायक है।

# पर्यावरण के हित में



अन्नू अंबालिका

**नई** पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति संस्कारित करने के लिए बाल-साहित्य की विभिन्न विधाओं में पर्यावरण प्रमुख विषय रहा है। आलोच्य कृति गर्म पहाड़ और अन्य कहानियां भी ऐसा ही रचनात्मक प्रयास है। शहरीकरण तथा पर्यावरण पर शोध कर चूंकि लेखिका अनीता भटनागर जैन ने तीन रोचक बाल कहानियों के माध्यम से अनूठा संदेश दिया है।

शीर्षक कहानी गर्म पहाड़ में जहां पर्यावरण असंतुलन के चलते पहाड़ों की बदलती आबोहवा का मार्मिक चित्रण है, वहीं इसकी आदर्श पहाड़ी-यात्रा प्रेरक बन पड़ी है। दूसरी कहानी पॉलिथीन का प्रलय में बच्चा पार्टी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक तथा पॉलिथीन के प्रति व्यावहारिक जागरूकता के टीम-वर्क को रेखांकित किया गया। संग्रह की तीसरी कहानी सोन चिरैया जल संरक्षण हेतु जंगल के जानवरों द्वारा तालाब की खुदाई व जीर्णोद्धार का अनूठा कथानक प्रभाव छोड़ता है, जिसमें कजरी हथिनी, श्वेता सारस, लंबू जिराफ, मिट्ठू तोता, चुन्नू बंदर, कल्लू भालू, यामा कोयल व सुनहरी हिरण के सामूहिक कार्य के सुखद परिणाम से एकता में बल है। के मूल मंत्र को सिखाया गया है।

संग्रह की भाषा बेहद सरल व सहज है। चित्रकार धीरज सामबोसी के रंगीन मनोहरी चित्र, सुंदर छपाई तथा प्रासंगिक कलात्मक आवरण इस बालकृति की अन्य खूबियां हैं। यह संग्रह पर्यावरण चेतना के साथ बाल-साहित्य को समृद्ध करेगा, ऐसा विश्वास है।

# अकेलापन से भी अपनापन है मेरा

प्रशांत झा

**अकेलेपन** का एहसास कुछ लोगों के लिए सजा जैसा है तो कुछ के लिए जिंदगी की जरूरत। ज्यादातर लोग अकेलेपन और बेचैनी से छुटकारा पाने के लिए भीड़ की तरफ भागते हैं और उनका रहा सहा सुकून भी कुछ पल की मस्ती के बाद गायब हो जाता है। वहीं अकेलापन भले भी शुरूआत में थोड़ा बोझिल लगे और काटने को दौड़े लेकिन ये आपको वास्तविकता से रूबरू कराता है। यही वजह है कि कुछ लोग बिलकुल अकेला रहना पसंद करते हैं। कुछ लोगों को ये इस कदर पसंद होता है कि वो कभी कोई रूममेट तक नहीं रखना चाहते।

## अकेले रहने के फायदे

-अकेलापन हमें रिश्तों को समझने की समझ देता है। जब हम लोगों के दूर खुद के साथ समय बिताते हैं तो उस दौरान हम खुद की जिंदगी का विश्लेषण कर पाते हैं। कौन हमारे लिए सही है और किसी वजह से हमारे जीवन में नकारात्मकता बढ़ रही है इस बात पर गहन विचार कर पाने की शक्ति और समय हमें अकेलेपन में ही मिल पाता है।

-अकेलेपन में समय बिताकर ही वास्तविकता में आप खुद के लिए जीना सीखते हैं। उस स्थिति में आप ये समझ पाते हैं कि हर हालात में आपको ही खुद को संभालना होगा, रोने के बाद खुद ही मुस्कुराना होगा, गैस की पाइप बदलने से लेकर बैंक और बाजार के सारे काम खुद से ही करने होंगे। अकेलापन आपको आत्म निर्भर बनाता है।

-अकेलापन आपको आपकी अहमियत से रूबरू कराता है। ये आपको खुद से प्यार करना भी सिखाता है। आप जीवन की इस सच्चाई को समझ पाते हैं कि अगर आप खुद के साथ नहीं खड़े हैं तो कोई और आप का साथ देने वाला नहीं है। आप खुद के लिए फैसले लेना और उन्हें अमल में लाना सीखते हैं।

-अकेले रहने पर आप अपने जीवन के उद्देश्य को तलाश पाते हैं। इस वक्त में आप ये चिंतन कर सकते हैं कि ऐसा क्या है जो आगे बढ़ने में आकी मदद करेगा। आप समझ पाते हैं कि ब्रह्मांड में आपका जन्म किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए हुआ है और आप अपने लक्ष्य को साधने का प्रयास करते हैं।

-अकेलापन दरअसल खुद को जानने और समझने के लिए काफी जरूरी है।

- हिंदू धर्म में तत्व ज्ञान के लिए एकांतवास अनिवार्य और आवश्यक है।

(मोटिवेटर कांउसलर)

# पहली महिला वकील



**भारत** की पहली महिला वकील बनने का गौरव कॉर्नेलिया सोराबजी के पास है। जिन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने के बाद ऑक्सपोर्ड से वकालत की पढ़ाई की।

आजादी के पहले भारत में किसी भी महिला का उच्च शिक्षा में पढ़ना इतना आसान नहीं था। लेकिन कॉर्लेनिया ने वकालत की पढ़ाई कर सारे बंधनों को तोड़ा। परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक पाने के बावजूद उन्हें महिला होने के नाते स्कॉलरशिप से दूर रखा गया। ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद उनके लिए ऑक्सफोर्ड जाकर पढ़ना मुश्किलों भरा था। तब कुछ अंग्रेज महिलाओं की मदद से उनके लिए फंड का इंतजाम किया गया और कॉर्नेलिया वकालत की पढाई के ऑक्सफोर्ड पहुंची। 1892 में कॉर्नेलिया ने बैचलर ऑफ सिविल लॉ की परीक्षा पास करने वाली पहली महिला बनीं। लेकिन कॉलेज ने उन्हें डिग्री देने से मना कर दिया। क्योंकि उस काल में महिलाओं को वकालत के लिए रजिस्टर करने और प्रेक्टिस की इजाजत नहीं थी।

लेकिन कॉर्नेलिया ने हार नही मानी।

भारत लौटकर वापस आने के बाद वो महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए मदद करने लगीं। काफी अथक परिश्रम के बाद कार्नेलिया को सफलता हाथ लगीं। वकालत के दौरान कार्नेलिया ने 600 से ज्यादा महिलाओं को कानूनी सलाह दी। 1922 में लंदन बार ने महिलाओं को कानून की प्रैक्टिस करने की आज्ञा दी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# केवल कानून से नहीं रुकेगा बाल यौन शोषण

## सुप्रीम कोर्ट का सुझाव- 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' के स्थान पर 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' का प्रयोग करें

**हाल** में ही सुप्रीम कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ कानूनों को मजबूत करते हुए ऐतिहासिक निर्णय दिया है। जिसके अनुसार ऐसी आपतिजनक सामग्री देखना, रखना यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दंडनीय है, भले ही सामग्री शेयर न की गई हो। यह निर्णय बाल शोषण को संबोधित करने और बच्चों के अधिकारों के संरक्षण में व्यक्तियों की जवाबदेही को व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम को दशार्ता है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद को सुझाव दिया कि वह यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम में संशोधन करके 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' शब्द के स्थान पर 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' का प्रयोग करे।

बाल शोषण और शोषण की भयावह वास्तविकताओं से जूझ रहे समाज में यह फैसला न केवल मद्रास उच्च न्यायालय के विवादास्पद फैसले को पलटता है, बल्कि संभावित अपराधियों के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में भी काम करता है। बाल यौन शोषण एक व्यापक मुद्दा है जिसे शून्य सहनशीलता के साथ निपटाया जाना चाहिए। यह निर्णय ऐसी सामग्री के मात्र कब्जे को बाल शोषण की बड़ी समस्या के हिस्से के रूप में मान्यता देता है। बाल पोर्नोग्राफी सिर्फ.एक अलग, निजी अपराध नहीं है, बल्कि दुर्व्यवहार के एक वैश्विक नेटवर्क में योगदान देता है, जहाँ पीड़ितों- अक्सर कमजोर बच्चों- का शोषणकारी सामग्रियों के संचलन और उपभोग के माध्यम से बार-बार उल्लंघन किया जाता है।

उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने धारा 15 का विस्तार किया है, जो अब चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखने या रखने पर भी सजा का प्रावधान करता है। पूर्व में यह केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी शेयर करने पर दंड का प्रावधान था। वर्ष 2019 के संशोधन में केवल चाइल्ड पोर्नोग्राफी को प्रसारित या प्रदर्शित करने के इरादे से संग्रहीत करने पर दंड की शुरूआत की गई। न्यायालय ने रचनात्मक आधिपत्य को शामिल करने के लिए आधिपत्य की परिभाषा को व्यापक बनाया, जिसमें व्यक्तियों को ऐसी सामग्री को डाउनलोड किए बिना केवल देखने के लिए भी उत्तरदायी ठहराया गया। कोई व्यक्ति बिना स्टोर किए ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफिक वीडियो देखता है, तो भी उसे अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि धारा 15 में छोटे अपराध भी शामिल हैं, जिसमें चाइल्ड पोर्नोग्राफी को संग्रहीत करने या देखने जैसी गतिविधियों को बड़े अपराध करने की प्रारंभिक अवस्था के रूप में माना जाता है। पोर्नोग्राफी देखने की सूचना न देना भी अब दंडनीय अपराध माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के कानूनों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाते हुए ह्यचाइल्ड पोर्नोग्राफीह्ल का नाम बदलकर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री करने का सुझाव दिया। इस निर्णय में यह अनिवार्य किया गया है कि व्यक्तियों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के किसी भी मामले की रिपोर्ट करनी होगी, जिससे जवाबदेही केवल उन लोगों तक ही सीमित नहीं रह जाएगी जो सामग्री को शेयर या संग्रहीत करते हैं। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को ऑनलाइन देखना भी अपराध है, जिससे बाल शोषण के खिलाफ डिजिटल सुरक्षा उपायों को मजबूती मिली है। इस निर्णय में कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा (इरादे) की गहन जाँच करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक मामले की गंभीरता की पूरी तरह से जाँच की गई है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले जैसे न्यायिक हस्तक्षेप जवाबदेही को बढ़ाते हैं तथा यह सुनिश्चित करते हैं कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी के निष्क्रिय उपभोग को भी दंडित किया जाए। बाल संरक्षण से संबंधित कानूनी परिभाषाओं को मानकीकृत करने में न्यायालय महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी में बदलाव की सिफारिश करना। यह परिवर्तन सुनिश्चित करता है कि कानून, बाल यौन शोषण की गंभीरता को प्रतिबिंबित करता है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी की रिपोर्टिंग को अनिवार्य बनाकर, न्यायिक हस्तक्षेप बच्चों को दुर्व्यवहार से बचाने की समाज की जिम्मेदारी को मजबूत करता है। न्यायिक हस्तक्षेप ,भारत के कानूनी ढांचे को अंतरराष्ट्रीय मान वली में बदलाव की सिफारिशें वैश्विक बाल संरक्षण मानदंडों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

-डॉ. सत्यवान सौरभ

# हेल्थ के लिए पीएच लेवल संतुलन से ही बेहतर

देवेश प्रकाश

**पीएच आखिर है क्या**

इस सवाल का सही जवाब जानने के पहले हमें यह जानना जरूरी है कि पीएच आखिर है क्या और इसके सही लेवल का मतलब क्या है? पीएच का फुल फॉर्म है-पावर ऑफ हाइड्रोजन यानी हाइड्रोजन की शक्ति। दरअसल किसी द्रव में हाइड्रोजन के अणुओं की संख्या तय करती है कि वह एसिडिक यानी अम्लीय है या एल्केलाइन यानी क्षारीय। मतलब अगर किसी लिक्विड या प्रोडक्ट का पीएच 1 या 2 है तो इसका मतलब है कि वह एसिडिक यानी अम्लीय है और अगर पीएच 13 या 14 है तो इसका मतलब यह है कि वह एल्केलाइन यानी क्षारीय है।

**आदर्श पीएच स्केल**

पीएच स्केल 0 से 14 तक जाता है। इसमें 0 सबसे ज्यादा अम्लीय और 14 सबसे क्षारीय बिंदु हैं,जबकि 7 तटस्थ बिंदु है। शरीर का आदर्श पीएच लेवल 7.35 से 7.45 के बीच होता है। इस बिंदुओं के इधर-उधर किसी भी मामूली बदलाव के हमारे शरीर में गंभीर प्रभाव हो सकते हैं। मसलन यदि शरीर का पीएच लेवल 6.9 तक गिर जाये तो हम कोमा में जा सकते हैं।

**सेहत के लिए पीएच संतुलन के मायने**

पीएच संतुलन हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है; क्योंकि यह संतुलन हमारे शरीर को अच्छी तरह से काम करने में मदद करता है। इस संतुलन की बदौलत ही शरीर के ऊतकों तक ऑक्सीजन की डिलीवरी होती है, इसी के चलते शरीर में सही से जैव रासायनिक प्रक्रियाएं सम्पन्न होती हैं। यदि शरीर में पीएच संतुलन गड़बड़ा जाये तो ग्लाइकोलाइटिक एंजाइम फॉस्फोफ्रक्टोकिनेज-1 (पीएफके-1), की गतिविधि मंद पड़ जायेगी क्योंकि यह पीएच पर निर्भर है, इसके नतीजे में चक्कर आना,बहुत ज्यादा थकान महसूस करना, भूख न लगना, जबर्दस्त सिरदर्द होना,तेज-तेज सांसें चलना,उल्टी आना,उनींदेपन का शिकार हो बेहोश हो जाने से लेकर कोमा में भी जा सकते हैं और अंततः प्राणों पर भी संकट आ सकता है।

**रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए जरूरी**


जब शरीर बहुत अधिक अम्लीय यानी एसिडोसिस या बहुत अधिक क्षारीय यानी एल्कलोसिस हो जाता है, तो इससे ऐसे लक्षण पैदा हो सकते हैं,जिनके चलते रोजमर्रा की गतिविधियों को संपन्न करना असंभव हो जाता है। हालांकि ऐसा बहुत आसानी से नहीं होता क्योंकि शरीर अपने आप में पीएच संतुलन बनाए रखने में माहिर होता है इसलिए साधारणतया ऐसी स्थिति मुश्किल से आती है। अंगों के पीएच लेवल

अब तक आप समझ गये होंगे कि पीएच वास्तव में एक लघुगणकीय पैमाना है, जिसका उपयोग जलीय घोलों की अम्लता या क्षारकता को निर्दिष्ट करने के लिए किया जाता है। हमारे शरीर के अलग-अलग अंगों का पीएच लेवल अलग-अलग होता है जैसे- पेट का पीएच 1.5 से 3.5 के बीच होता है। त्वचा का पीएच 5.4 से 5.9 के बीच होता है।

**पदार्थों के मुताबिक पीएच स्तर**

पीएच की सीमा 0-14 है। 7 से अधिक पीएच का मतलब है कि पदार्थ क्षारीय है। वहीं 7 से कम पीएच का मतलब है कि पदार्थ अम्लीय है। जब पीएच बिल्कुल 7 होता है तो यह इंगित करता है कि पदार्थ तटस्थ है। शुद्ध पानी का पीएच मान 7 होता

# ब्रेन कल्चर कितना खतरनाक



एक नजर में

## बरही में नशा के खिलाफ जागरूकता रैली



**बरही।** बीडीओ जयपाल महतो के निर्देश पर बाल विकास परियोजना एवं जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए शनिवार को जागरूकता रैली निकाली। महिलाओं ने से कहा कि बच्चे और युवा पीढ़ी विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों का दुरुपयोग या सेवन कर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। कई प्रकार के उपयोग में लाने वाला सामग्री और दवाओं का भी सेवन नशे के लिए करके समाज को विषाक्त कर रहे है। जिन्हें नशा के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक कर मुक्ति दिलाना है। मौके पर पर्यवेक्षिका अनुराधा पासवान, रुकसाना प्रवीण, सुमन देवी, जेएसएलपीएस जेंडर सीआरपी प्रियंका देवी, लीलावती देवी, सुनैना देवी, अनीता देवी, गौरा देवी, सुनीता देवी, कॉर्डिनेटर सुदेश महतो, रवि कुमार, प्रमोद सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## चौपारण में जगन्नाथ रथयात्रा 27 जून को

**चौपारण।** भगवान जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथयात्रा इस वर्ष 27 जून को श्रद्धा के साथ निकाली जाएगी। आयोजन को यादगार बनाने को लेकर शनिवार को होटल सेलिब्रेशन में रथयात्रा समिति और प्रेस क्लब चौपारण ने की बैठक। बैठक में जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय सिंह सहित भाजपा नेता राजदेव यादव, रामचंद्र सिंह, इंदीवर सिंह, अभिषेक सिंह और सुमन सिंह ने रथयात्रा की तैयारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनेगा। प्रेस क्लब चौपारण की ओर से अध्यक्ष शंकर यादव, सचिव उमेश पासवान, वरिष्ठ पत्रकार अजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष किशोर कुमार राणा सहित बीरेंद्र शर्मा, प्रमोद सोनी, अरविंद कुमार सिंह, अभिमन्यु सिंह, दुर्गेश पांडेय, अजित सिंह, कृष्णा पासवान, फैजान अजमेरी, प्रदीप यादव, चंदन राणा, मिथुन दांगी, अमित सिंह, चंदन सिंह, संतोष विश्वकर्मा और नितेश केशरी बैठक में उपस्थित थे।

## गैरमजरूआ जमीन पर कब्जे का आरोप

**चरही।** इंद्रा में गैरमजरूआ जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर प्लॉटिंग और बिक्री का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित दिनेश्वर ठाकुर ने इस संबंध में उपायुक्त हजारीबाग को लिखित आवेदन देकर भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में दिनेश्वर ठाकुर ने बताया कि उनके पिता वंशी ठाकुर को इंद्रा मौजा के खाता नंबर 1, प्लॉट संख्या 38/2, रकबा 2 एकड़ 22 डिसमिल जमीन भुदान योजना के तहत प्राप्त हुई थी। उसी जमीन पर उनके छोटे भाई प्रकाश ठाकुर तथा अन्य लोग मिलकर कब्जा कर रहे हैं और जमीन की प्लॉटिंग कर बेच भी रहे हैं। दिनेश्वर ठाकुर ने कहा कि उनके पिता के सौदे और कब्जा करने से रोकने पर जान मारने की धमकियाँ दी जा रही है। इस अवैध कार्य में स्थानीय लोगों के साथ-साथ मांडू (रामगढ़) निवासी नईम खाँ भी शामिल है।

## बोलेरो का टायर फटने से चार लोग घायल

बरही। पदमाधाना के समीप बोलेरो का टायर फटने से बोलेरो में सवार दो महिलाओं समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में शबाना खातून उम्र 50 वर्ष, पति अब्दुल अजीज, अजमत अली उम्र 30 वर्ष, पिता अब्दुल जलील, मुनेजा खातून उम्र करीब 40 वर्ष, पति मो मुस्तकीम अंसारी और अजमेरी खातून उम्र 25 वर्ष, पति अजमत अंसारी शामिल हैं। सभी घायलों की पहचान बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर पंचायत के करियातपुर पंचायत के गड़लाही गांव निवासी के रूप में की गई है। प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## बरही : जमीन विवाद में मारपीट, छह घायल

**बरही।** करियातपुर पंचायत के दूधपनियां गांव में जमीन विवाद व एक चारदीवारी निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों की ओर से दो महिला सहित छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। घायलों में दूधपनियां ग्राम निवासी रमेश कुमार प्रजापति व पत्नी कुमारी संगीता रानी, पुत्र रोशन कृष्णा एवं दूसरी ओर से दूधपनियां के ही महेश पंडित व पत्नी साबो देवी, रामचंद्र पंडित का 30 वर्षीय पुत्र विजय पंडित शामिल है।

## जीआरसी सलाहकार समिति का गठन

रामगढ़। पतरातु बीडीओ की अध्यक्षता में शनिवार को जीआरसी सलाहकार समिति का गठन किया गया। इस समिति का उद्देश्य जेंडर संबंधी मुद्दों पर चर्चा करना, नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करना और जेंडर समानता को बढ़ावा देना है। जीआरसी सलाहकार समिति के अध्यक्ष बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता होंगे। जबकि प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक पुरुषोत्तम सिन्हा संयोजक के रूप में कार्य करेंगे। इसके अलावा, प्रखंड प्रमुख बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, डालसा प्रतिनिधि, पुलिस थाना प्रभारी, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी, एनजीओ /सीएसओ प्रतिनिधि, डीआरपी जेएसएलपीएस और प्रखण्ड के सभी संकुल संगठन से दो प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होंगे। समिति जेंडर संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने, नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करने और जेंडर समानता को बढ़ावा देने के लिए काम करेगी।

## पीवीयूएनएल में लगा रक्तदान शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएन लिमिटेड ने सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए शनिवार को पतरातू स्थित पीवीयूएनएल अस्पताल परिसर में आह्वान अभियान के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों और अस्पताल स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें, जिनमें अनुपम मुखर्जी (महाप्रबंधक परियोजनाएं), मनीष क्षेत्रपाल (महाप्रबंधक संचालन एवं अनुरक्षण), संगीता दास (महाप्रबंधक पीएंडएस), विष्णु दत्त दास (महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल इरेक्शन) और मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. तनमय मिश्रा शामिल थे।

# 500 से अधिक छात्रों का भविष्य अधर में

## केरेडारी के जोरदाग में खनन के लिए ऋत्विक कंपनी ने विद्यालय का किया अधिग्रहण

अभय कुमार सिंह

**हजारीबाग/ केरेडारी।** केरेडारी की जमीन पर आज एक ऐसा बवाल खड़ा है, जो आने वाले समय में सरकार, प्रशासन और खनन कंपनियों की नीयत पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा करेगा। विकास के नाम पर जब किसी गांव के बच्चों से उनका स्कूल ही छीन लिया जाए, और वो भी बिना कोई विकल्प दिए, तो क्या इसे जबरन उजाड़ नहीं कहा जाएगा? केरेडारी प्रखंड के जोरदाग पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरदाग में पिछले 6 महीनों से शिक्षा नहीं, संघर्ष की क्लास चल रही है। 500 से अधिक छात्र-छात्राएं इस विद्यालय में पढ़ते हैं, लेकिन अब उनका भविष्य अधर में लटका

**▸▸ ग्रामीणों की मांग, पहले स्कूल बनाओ, फिर तोड़ो**

हुआ है। वजह एनटीपीसी के लिए खनन कार्य कर रही ऋत्विक कंपनी द्वारा विद्यालय का अधिग्रहण। बताया जा रहा है कि इस विद्यालय की दूरी ऋत्विक साइट से मात्र 100 मीटर है। कंपनी का तर्क है कि यह सुरक्षा मानकों के विरुद्ध है, इसलिए स्कूल को तोड़ा जाएगा। ग्रामीणों को इस बात से आपत्ति नहीं कि स्कूल हटेगा, लेकिन सवाल उठता है, पहले नया स्कूल क्यों नहीं बनाया गया? गांव के निवासी जय नारायण कुमार महतो, प्रमोद साव, भवानी महतो, राजकुमार पासवान और अन्य कहते हैं कि अधिग्रहण से पहले कंपनी अधिकारियों ने भरोसा



प्रदर्शन करते ग्रामीण

दिलाया था कि पहले नया भवन बनेगा, तब इस स्कूल को तोड़ा जाएगा।

लेकिन अब उल्टी गंगा बह रही है। ऋत्विक कंपनी का समाधान है कि छात्रों को चंद्रगुप्त के विद्यालय में भेज दो। लेकिन क्या वहां जगह है? जवाब है नहीं! चंद्रगुप्त कोल माइंस के अंतर्गत आने वाला विद्यालय पहले से ओवरलोडेड है। ग्रामीण कहते हैं कि उसने साफ तौर पर छात्रों को लेने से इंकार कर दिया है। उसका कहना है कि हम और बच्चों को नहीं ले सकते। फिर इन 500 बच्चों का क्या होगा? ग्रामीणों ने डीसी से लेकर थाना तक कई आवेदन दिए, लेकिन हर जगह से सिर्फ आश्वासन मिला। शनिवार



स्कूल से बाहर बेंच-डेस्क

को जब विद्यालय से बेंच-डेस्क निकालना शुरू किया गया, तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने साफ कर दिया है कि जब तक नया स्कूल तैयार नहीं होगा, एक भी ईंट नहीं हटने देंगे। वही ऋत्विक कंपनी के अधिकारी मनोज सिन्हा का कहना है कि सरकार का आदेश है। छह महीने में नया स्कूल बन जाएगा। लेकिन ग्रामीण पूछते हैं कि इन छह महीनों में हमारे बच्चे कहां जाएंगे? खेतों में? अब सवाल ये नहीं कि स्कूल टूटेगा या नहीं। सवाल ये है कि विकास किसके लिए हो रहा है? क्या 500 बच्चों की पढ़ाई को कुचल कर कोई परियोजना राष्ट्र निर्माण कहलाएगी? गांव का बच्चा अब चुप नहीं रहेगा वो पूछेगा, लड़ेगा और हक मांगेगा। क्योंकि अब हंगामा यूं ही बरपा नहीं है ये आवाज है आने वाले कल की!

# प्राकृतिक खेती करें किसान : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को विष्णुगढ़, टाटीझरिया और दारू प्रखंड का तूफानी दौरा कर कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने दौरे की शुरूआत चलकरी गांव स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना से की। इसके बाद भंडेरी गांव में नाबार्ड और जनजागरण केंद्र द्वारा आयोजित जीवा परियोजना के उद्घाटन सह जागरुकता कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने रासायनिक खेती के खतरों को रेखांकित करते हुए किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की। सांसद

**▸▸ मनीष जायसवाल ने दारू विष्णुगढ़ और टाटीझरिया प्रखंड का किया दौरा, तीर्थ योजना की दी जानकारी**

ने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापारियों से भी मुलाकात की और सांसद तीर्थ दर्शन 2025' योजना की जानकारी दी। 29 जून को भगवान नृसिंह मंदिर से इस योजना की शुरूआत की जाएगी। कोनार डैम में सांसद ने डीवीसी अधिकारियों संग बैठक कर रोजगार और विकास योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने मछली पालन को बढ़ावा देने, वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं को तलाशने और सौर ऊर्जा उत्पादन की दिशा में कार्य योजना को तेज



करने का निर्देश दिया। कोनार सिंचाई परियोजना की स्थिति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को पुनः पूरी तैयारी के साथ बैठक में आने को कहा। सांसद के साथ नाबार्ड, डीवीसी, कृषि विभाग के अधिकारी और भाजपा प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरे को विकास, जागरूकता और जनसंवाद की दिशा में एक सार्थक पहल माना जा रहा है।

# आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल में लगा रक्तदान शिविर

**बरही ।** वर्ल्ड केयर फाउंडेशन ऑफ इंडिया, हजारीबाग की ओर से आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल, कारीमाटी में शनिवार को रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने किया। किशुन यादव ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय योगदान है। इससे किसी अनजान व्यक्ति की जान बच सकती है, इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस कार्य में सहभागी बनना चाहिए। विद्यालय के संस्थापक उमेश प्रसाद यादव ने बताया कि इस शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जरूरतमंदों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़।
Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त पतरातु थाना कांड सं0–178/2023, दिनांक–06.10.2023, धारा:–385/387/120बी0 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के फरार अप्राथमिकी अभियुक्त अमित गंझू उर्फ काली, पिता–दुपा गंझू, सा0–देवगढ़, थाना–बड़कागांव, जिला:– हजारीबाग, राज्य–झारखण्ड के घर पर दिनांक–29.05.2025 को का द0प्र0सं0 की धारा–84 के अंतर्गत माननीय न्यायलय द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया हैं।

प्रारूप सं0 4
अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा
(धारा 84 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि(नाम वर्णन और पता) अमित गंझू उर्फ काली, पिता–दुपा गंझू, सा0– देवगढ़, थाना–बड़कागांव, जिला:– हजारीबाग, राज्य– झारखण्ड ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा– 385 387/120बी0 भा0द0वि एवं 27 आर्म्स एक्ट के अधीन दंडनीय संज्ञेय, रंगदारी वसूली का अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अमित गंझू उर्फ काली, (नाम) मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि उक्त(नाम) अमित गंझू उर्फ काली फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि अमित गंझू उर्फ काली, पिता–दुपा गंझू, सा0– देवगढ़, थाना–बड़कागांव, जिला:– हजारीबाग, राज्य– झारखण्ड के उक्त अभियुक्त अमित गंझू उर्फ काली, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष(या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए(स्थान) व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में तारीख 04.07.2025 को हाजिर हो।

तिथि– 23.05.2025
(न्यायालय का मुहर)

आलोक सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी,
रामगढ़

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि फरार अप्राथमिकी अभियुक्त अमित गंझू उर्फ काली, राज्य –झारखण्ड कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय/Sri Alok Singh, C.J.M. 1st class, Ramgarh (Jharkhand) के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस अधीक्षक रामगढ़– 9431706113
थाना प्रभारी पतरातु, रामगढ़– 9413706322

पुलिस अधीक्षक,
रामगढ़।

PR 355027 (Police) 25-26 (D)

# दुमदुमा -चालकुशा रोड जर्जर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चालकुशा।** दुमदुमा से चालकुशा तक सड़क जर्जर चुकी है, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह रोड प्रखंड के कई गांवों को जोड़ता है, लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोग जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता विकास के वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद सड़क जैसे मूलभूत मुद्दों को भूल जाते हैं।

लोगों ने कई बार सांसद, विधायक और विभागीय अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने



बताया कि सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रतिदिन हजारीबाग जिले के कई गांवों के सैकड़ों लोग इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्रदीप यादव, विकास यादव, सिकंदर यादव, कौशल्या देवी, पार्वती देवी सहित कई ग्रामीण ने सांसद व विधायक से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की।

## दुष्कर्म के शिकार बच्ची के परिजनों से मिले बिनोद कुमार

**कटकमसांडी।** शनिवार को रविदास महासभा के जिला अध्यक्ष बिनोद कुमार सामूहिक दुष्कर्म के शिकार किशोरी के नवादा पहुंच कर परिजनों से मिले। कुमार ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि हम बाबा साहेब के वंशज हैं और विपरित परिस्थितियों से बखूबी लडना जानते हैं। बच्ची को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को तत्पर हूं। केशव रविदास ने निर्भीक व निडर होकर बाबासाहेब के संवैधानिक विधानों के तहत न्याय की लडाई लड़ने की बात कही। हम सब आप सभी के साथ हैं।

# दामोदर नदी पर गंगा आरती 29 को

**रामगढ़।** झारखंड कला सांस्कृतिक संघ द्वारा विश्व वर्षा वन दिवस एवं गंगा आरती 29 जून को रामगढ़ दामोदर नदी तट पर किया जाएगा। उसी को लेकर शनिवार को मुक्तिधाम स्थित शिव महायोगी की प्रतिमा के समक्ष पोस्टर और दान कूपन का विमोचन किया गया।



कार्यक्रम में संस्था के सरंक्षक अमित कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि नंदकिशोर गुप्ता, मनोज मंडल, राजेश प्रसाद उपस्थित थे। अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड कला संस्कृति मंच द्वारा पर्यावरण सरंक्षण और पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 29 जून को विश्व वर्षा वन दिवस एवं भव्य गंगा आरती का आयोजन दामोदर नदी घाट रामगढ़ पर किया जाएगा। कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के सरंक्षण के साथ साथ नदियों की स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करना है। कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से पर्यावरण सरंक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा व नदियों को स्वच्छ रखने के लिए लोगों को प्रेरित करने में मदद मिलेगी।

झारखण्ड सरकार
जिला खनन कार्यालय, चतरा

चतरा जिलान्तर्गत अवैध रूप से भण्डारित लघु खनिज बालू/पत्थर का
आम नीलामी हेतु सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत निम्नांकित स्थलों पर जप्त भण्डारित खनिज "जो जहाँ जिस अवस्था में भण्डारित है", का समेकित आम निलामी दिनांक 28.06.2025 को अपराह्न समय 3.00 PM बजे में अपर समाहर्त्ता, चतरा की अध्यक्षता में समाहरणालय समाकक्ष, चतरा में सम्पन्न की जाएगी।

| क्र0 | अंचल का नाम | अवैध भण्डारण स्थल की विवरणी | भण्डारित खनिज की मात्रा | न्यूनतम डाक राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हंटरगंज | मौजा– भोंदल एवं देवनबार, हंटरगंज | Sand - 29700 Cft | 222750.00 | 22275.00 |
| | | | Stone -700 Cft | 8687.00 | 869.00 |

2. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत प्रतिभूति राशि के रूप में निलामी में भाग लेने के लिए निलामी की तिथि से दो दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जिला खनन पदाधिकारी, चतरा के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, अन्यथा व्यक्ति/संस्था को डाक में भाग लेने से वंचित कर दिये जायेंगे। सफल डाकवक्ता की प्रतिभूति रकम को छोड़कर शेष अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा की गयी प्रतिभूति राशि का बैंक ड्राफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायेगा।
3. नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का प्रतिभूति राशि 10%(दस प्रतिशत) को छोड़कर शेष राशि डाक की समाप्ति या उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर निलामी वाले तिथि को ही अथवा निर्धारित तिथि को उच्चतम डाकवक्ता द्वारा ऑन–लाईन जमा करना होगा, अन्यथा उच्चतम डाकवक्ता को भविष्य में नीलामी में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा।
4. उच्चतम डाक की पूर्ण राशि के भुगतान में उच्चतम डाकवक्ता द्वारा असफल रहने की स्थिति में दूसरे उच्चतम डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोषित किया जायेगा।
5. नीलामी के उपरान्त उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात् ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधित नियमावली के सुसंगत नियमों के तहत आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।
6. उक्त आदेश निर्गत होने के उपरान्त खनिज के उठाव/प्रेषण हेतु JIMMS द्वारा अस्थाई आई0डी0 सृजित किया जायेगा।
7. उक्त खनिज का उठाव/प्रेषण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से आदेश निर्गत होने की तिथि से तीन माह के अन्दर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेष परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरान्त अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।
8. उच्चतम डाकवक्ता द्वारा यथासंभव चतरा जिलान्तर्गत ही उक्त खनिज का बिक्री करना होगा।
9. नीलामी के पश्चात् खनिज का प्रेषण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहुँच पथ वगैरह के कारण या किसी अन्य कारणवश निलामीधारी निलामी किये गये खनिज स्थल से प्रेषण नहीं कर पाते हैं तो इसकी पूरी जिम्मेवारी निलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गई राशि के विरूद्ध किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।
10. बालू निष्कासन के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान निलामीधारी द्वारा किया जायेगा।
11. निलामी में उच्चतम डाकवक्ताओं में अगर TIE (गुलोबन्द) होता है, तो End User को प्राथमिकता मिलेगी।
12. अन्य शर्त एवं बन्धेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।
13. नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/प्रतिष्ठान/फर्म/संस्था/संवेदक अथवा एजेन्सी दिनांक 25.06.2025 को अपराह्न 05.00 PM बजे तक जिला खनन कार्यालय, चतरा में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(क) न्यूनतम डाक राशि का 10 प्रतिशत राशि प्रतिभूति रकम के रूप में।
(ख) पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिटर्न की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
(ग) आधार कार्ड, की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
(घ) आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति।
(च) पासपोर्ट साईज का फोटो की एक प्रति।
(छ) आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि पूर्व से खनन पट्टाधारक हैं अथवा नहीं, यदि हैं तो खनन बकाया से संबंधित स्वामिस्व स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जमा करना होगा।
(ज) पुलिस विभाग से प्राप्त "आचरण प्रमाण–पत्र" की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (सत्यापन प्रतिवेदन एवं अन्य प्रमाण–पत्र मान्य नही होगा)।

नोट:– विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, चतरा में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी,
चतरा

PR 355022 Mines and Geology (25-26)_D

# ए ला एंगलाइज विद्यालय में छात्र सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय भुरकुंडा में शनिवार को सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। समान समारोह का उद्घाटन डीएवी एनटीएस बरकाकाना की पूर्व प्राचार्या एवं एआरडी झारखंड की वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. उर्मिला सिंह, विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, प्राचार्य विजयंत कुमार और प्रशासक संजय कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके पूर्व विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि का पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया। समारोह में विज्ञान संकाय के जिला टॉपर





वैभव राज, वाणिज्य संकाय के जिला टॉपर वैभव कुमार, जिले में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले सागर केसरी तथा माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय टॉपर रहीं शाहिन फातिमा को मुख्य अतिथि डॉ. उर्मिला सिंह ने बुके, सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. उर्मिला सिंह ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। विद्यार्थियों को जीवन में सफलता पाने के लिए सेल्फ स्टडी पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय प्रबंधन के साथ लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी की जाए तो सफलता जरूर मिलती है। छात्रों की यह सफलता उनके परिश्रम, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने अपने जीवन के प्रेरणादायक अनुभव भी साझा किए, जिसने छात्रों और अभिभावकों को प्रभावित किया। सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि हमारे छात्रों की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि यह उपलब्धियां हमारे शिक्षण स्तर और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण हैं।

# लायंस क्लब ने किया भंडारा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी 50वां सप्ताह गोल्डन जुबिली के रूप में भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 350 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। आज के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन लायन रमेश अग्रवाल ने बहुत ही गर्म जोशी से सारे लायंस मेंबर का स्वागत व



अभिनंदन किया। उन्होंने इस कार्यक्रम को क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल से से अनवरत चलाने का आग्रह किया। जिला चेयरपर्सन लायन अशोक सिन्हा ने बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है, जो निरंतर जारी रहेगा।

स्पीड न्यूज

## नशा मुक्ति को लेकर नौनिहालों ने ली शपथ

**हंटरगंज/चतरा।** झारखंड सरकार द्वारा संचालित नशामुक्ति अभियान के तहत प्रखण्ड क्षेत्र के कई विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर नशे के खिलाफ बच्चों में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा और इसके लिए नौनिहालों को शपथ दिलाई जा रही है। हंटरगंज प्रखण्ड के रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय हंटरगंज में नशा के खिलाफ जागरूकता को लेकर क्विज का अयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया। वही नशे के दुष्प्रभावों के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया और समाज में इसकी बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई। इस अभियान के तहत करीब सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने शपथ लेकर नशा उन्मूलन का संकल्प लिया। मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापक अनुप कुमार, शिक्षक उमेश कुमार, पुरषोत्तम कुमार सिंह, तिलेश्वर कुमार मौजुद थे।

## कुआं में डूबने से युवक की मौत, परिजन बेहाल

**गिद्धौर/चतरा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारंगी गांव से खबर पता चला कि 20 फुटवा कुआं में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैर रहा है। इस खबर को सुनकर गांव में अफरा तफरी मच गई। घटना शनिवार सुबह की है और जब ग्रामीणों ने जूटा देखा तो उसके बाद कुछ ही देर में लोगों ने शव कि पहचान कर लिया। मौके पर गिद्धौर थाना से विद्यानंद शर्मा सुनील कुमार सिंह एवं उनके सशस्त्र बल के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकाल कर अंत्य परीक्षण के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है।

## कुंदा में लगा राजस्व शिविर

**कुंदा (चतरा)।** पंचायत सचिवालय कुंदा में शनिवार को राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर उपायुक्त क्रितिश्री जी के निर्देश के आलोक में लगाया गया। जहाँ सीओ दीपक कुमार मिश्रा के उपस्थिति में दाखिल खारिज,उत्तराधिकारी दाखिल खारिज, जाति,आवासीय,आय,ऑन लाइन राशिद निर्गत समेत राजस्व से सम्बंधित कार्यों का निष्पादन किया गया। जिसमें कुल 12 में 9 मामले का निष्पादन हुआ जबकी तीन आवेदन लंबित है। सीओ ने बताया कि कई मामले को अग्रेतर करवाई हेतु भेजा गया है। इस मौके पर सीआई सोनू कुमार,कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहु समेत कई लोग मौजूद थे।

## नशा मुक्ति को लेकर चलाया गया अभियान

**गिद्धौर/चतरा।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत मझगांवा पंचायत में मुखिया सरिता देवी की अध्यक्षता में नशा मुक्ति को लेकर बैठक हुई।बैठक में अंचलाधिकारी अनंत सनयम विश्वकर्मा, उपप्रमुख प्रीतम यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।इस दौरान पंचायत को नशा मुक्त बनाने को लेकर नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दिया। साथ ही मादक पदार्थ, चरस, अफीम, तंबाकू आदि के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम की जानकारी दिया। बैठक उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा कर्मियों को प्रखंड को नशा मुक्त बनाने को लेकर शपथ भी दिलाई गई। बैठक में पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय, उज्वल सिंह, खुशबू लता कुमारी, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, निर्मल दांगी समेत अन्य मौजूद थे।

## नदियों से बालू का उठाव तेजी से जारी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों का मरकच्चो प्रखंड में घोर उल्लंघन हो रहा है। ज्ञात हो कि मानसून के 10 जून से 15 अक्टूबर तक ट्रिब्यूनल के निर्देशों पर नदी घाट से बालू का उठाव व खरीद बिक्री पर रोक रहती है। केवल सरकारी बालु डंपिंग यार्ड से ही बालों की खरीद बिक्री की जा सकती है, मगर मरकच्चो प्रखंड में ना तो एक भी बालू घाट है और नहीं एक भी डंपिंग यार्ड है। बरसात मौसम के पूर्व बालू तस्कर अपने अपने सुरक्षित स्थानों, जंगलों व चारदीवारियों के अंदर छिपा कर रख लेते हैं, जो बरसात में अधिक दामों पर बेचते हैं। हालत यह है कि आसपास जितनी भी नदियां हैं, सभी से बालू का जबरदस्त दोहन सालों भर होता है।

# मेघातरी बस स्टैंड ठेकेदार के विरुद्ध अवैध वसूली व मारपीट का मामल दर्ज

## सात लोग गिरफ्तार, भेजे गये जेल, बाकी की तलाश जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र मेघातरी बस स्टैंड इन दिनों चुंगी वसूली के नाम पर ठेकेदार और उनके लोगों द्वारा अवैध वसूली और मारपीट के मामला में कोडरमा पुलिस 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

वहीं एसपी अनुदीप सिंह को मिली सूचना के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में कोडरमा थाना प्रभारी विकास पासवान द्वारा बीती रात मेघातरी बस स्टैंड के नाम पर अवैध रूप से लाठी डंडा के साथ जबरन वसूली करते आधा दर्जन पुलिस के गिरफ्त में आए। उनमें 7 लोगों में रजौली बिहार के ज्यादातर लोग हैं, जो मेघातरी बस स्टैंड अवैध वसूली करते थे। ज्ञात हो कि विगत 5 जून को भी बस स्टैंड ठेकेदार सहित अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था।

कोडरमा पुलिस द्वारा जबरन अवैध वसूली और मारपीट करने वालों में 27 वर्षीय राहुल कुमार पिता गणेश चौधरी रामदासी, 30 वर्षीय राहुल कुमार पिता रमेश राजवंशी मसई रजौली, 24 वर्षीय पंकज कुमार ढाब रजौली, 46 वर्षीय प्रदीप कुमार लौंद सिरदला, 45 वर्षीय दिनेश राजवंशी दिबौर रजौली बिहार के रहने वाले हैं। वहीं 32 वर्षीय मुन्ना आलम और 30 वर्षीय मुकेश कुमार दिबौर मेघातरी कोडरमा के नाम शामिल हैं।

वहीं ठेकेदार ककरचोली मुखिया राजकुमार यादव जयनगर निवासी समेत अन्य के विरुद्ध कोडरमा थाना में 95/25 मामला दर्ज किया गया है।

इनके द्वारा लाठी डंडा के बल पर कोडरमा घाटी स्थित मेघातरी बस स्टैंड के नाम पर सवारी वाहनों के साथ मालवाहक वाहनों से भी अवैध वसूली की जाती है।

## आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 93 का चापाकल दो वर्षों से खराब

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत कटिया भुइयां टोला केंद्र संख्या 93 में विगत दो वर्षों से चापाकल खराब हो जाने के कारण बच्चों के बीच पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई है। बता दें की चापाकल व मोटर खराब होने के कारण बच्चों के लिए भोजन बनाने के लिए सेविका, सहायिका के द्वारा दूर दराज से पानी लाने को विवश है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों को भी पानी नहीं मिल पाता है, जिसके कारण विद्यालय में आने वाले बच्चे भी अपने-अपने घरों से बोतल में पानी भरकर लाते हैं। वहीं सेविका मीना देवी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में चापाकल व सोलर सिस्टम मोटर विगत दो वर्षों से खराब पड़ा है। खराब चापाकल की मरम्मत व बनाने को लेकर विभाग के अलावे सीडीपीओ कार्यालय को कई बार सूचना दिया गया, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुआ। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को अति शीघ्र चापाकल बनाने की मांग की है, ताकि इस भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या का समाधान हो सके।

# मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक का आयोजन, दिए गये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मई माह में किये गए कार्यों की समीक्षा के उपरांत सभी थाना, ओपी प्रभारी, संबंधित शाखा प्रभारी को कई दिशा-निर्देश दिए, जिसमें विगत पांच माह में थाना प्रभारियों द्वारा किए गए कार्य (विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, कांड का निष्पादन, वारंट, कुर्की का निष्पादन) आदि कार्यों की समीक्षा की गई। सभी लंबित काण्डों के समीक्षोप्रांत उक्त कांडों में लंबित सभी कार्रवाई पूर्ण कर काण्डों का निष्पादन करने का आदेश दिया गया। वहीं माह मई 2025 में प्रतिवेदित सभी काण्डों का विस्तृत समीक्षोप्रांत लंबित काण्डों का त्वरित निष्पादन करते हुए अंतिम प्रपत्र समर्पित करने का निर्देश दिया गया। सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक प्रभाग को लंबित सभी पर्वेक्षण प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया गया। वहीं उन्होंने अवैध कोयला, बालु, पत्थर का उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर पूर्णतः रोक लगाने को लेकर सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक प्रभार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया, थाना क्षेत्र के उपद्रवियों, आद्यतन शरारती तत्वों, सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध विधिवत कारवाई करने का निर्देश दिया गया। वाहन चोरी एवं लूट जैसे घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु नियमित रूप से एंटी क्राइम चेकिंग करने एवं बैंक एटीएम, ज्वैलरी शॉप जैसे स्थानों के आस-पास पेट्रोलिंग पार्टी को मुस्तैदी के साथ भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं उन्होंने सभी थाना प्रभारी को अपने स्तर से विशेष अभियान चलाकर लंबित वारंट, कुर्की का निष्पादन करने का निदेश दिया। अंतरराज्यीय, अंतर जिला चेकपोस्ट पर सघन वाहन जांच चलाने का निर्देश दिया गया। सड़क सुरक्षा हेतु सभी एहतियात कदम उठाने तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर अभियोजन करने को लेकर निर्देशित दिया गया। जन शिकायत समाधान से संबंधित सभी काण्डों को निष्पादन करने का आदेश दिया गया। वहीं बैठक में पुलिस सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस से सम्बंधित समस्याओं एवं निराकरण हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

## भीषण गर्मी में खुल गया स्कूल, बच्चों की सेहत बिगड़ने का डर

**मरकच्चो (कोडरमा)।** गर्मी छुट्टी के बाद स्कूल खुलने के बाद गर्मी ने अपना रौद्र रूप फिर से दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार बढ़ रही गर्मी की वजह से स्कूली बच्चों की सेहत पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। झुलसती गर्मी में बच्चे स्कूल से लौटने को मजबूर हैं। वहीं अभिभावकों को बच्चों की सेहत बिगडने का डर सताने लगा है। इन दिनों पड़ रही भयंकर गर्मी से लोग काफी परेशान हैं। वहीं गांव के बूढ़े बुजुर्गों द्वारा अनुमान लगाया गया था कि मौसम साफ होने पर तापमान में लगातार वृद्धि होगी। अनुमान के मुताबिक ही मौसम के तीखे तेवर देखने को मिल रहे हैं। इधर कई दिनों से सुबह से ही धूप चिलचिला रही थी। करीब 10 बजे तापमान 38 डिग्री से 40 डिग्री तक पहुंच जाता है। जैसे-जैसे दिन चढ़ता है तापमान भी वैसे-वैसे बढ जाता है। लगातार बढ़ रहे तापमान से लोगों को गर्मी से बेहाल देखा गया। लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच स्कूलों का खुल जाना, सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक विद्यालय का संचालन हो रहा है।

# चतरा में मादक पदार्थों के विरुद्ध पुलिस की दूसरी बड़ी कार्रवाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**लगभग 1 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ सहित 44 लाख 57 हजार 350 बरामद**

**चतरा।** पुलिस ने मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 44 लाख 57 हजार 350 रुपए नकद, 11.172 किलोग्राम अवैध अफीम एवं 0.287 किलोग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक महिला एवं एक पुरुष तस्कर शामिल है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि लगातार गुप्त सूचना मिल रही थी कि चतरा जिले के पत्थलगड़ा निवासी अरुण कुमार दांगी का पुत्र रौशन दांगी उर्फ भागीरथ अवैध तरीके से मादक पदार्थों की तस्करी करता है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया शुभम खंडेलवाल, चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा, पुलिस निरीक्षक सनोज कुमार चौधरी, अनिल उरांव, राकेश कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, संदीप कुमार, कुमार गौतम, सोनी खलखो, विजय कुमार, सोनू कुमार दास, दुखीराम महतो शामिल थे। टीम में छापेमारी कर रोशन रौशन दांगी उर्फ भागीरथ एवं रूबी देवी को गिरफ्तार किया है। एसपी ने तस्करों को चेताया है कि वह मुख्य धारा में लौट जाए। नहीं तो परिणाम बुरा होगा। उन्होंने कहा कि अवैध तरीके से ब्राउन शुगर की तस्करी कर अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### स्वास्थ्य योजनाओं, अस्पताल प्रबंधन एवं आयुष योग दिवस की तैयारी को लेकर

# उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, जिला स्वास्थ्य समिति, अस्पतालों की स्वास्थ्य प्रबंधन समिति, कोरोना एवं आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों से संबंधित एक विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन चतरा दिनेश कुमार सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों, चिकित्सकों, स्वास्थ्य प्रबंधकों के साथ-साथ जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अस्पतालों की प्रबंधन समिति सक्रिय रूप से कार्य करे और स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नियमित बैठकें की जाएँ। उन्होंने आयुष विभाग को 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी हेतु जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुबह 6 बजे से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कोरोना की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने वैक्सीनेशन, दवाओं की उपलब्धता, ऑक्सीजन आपूर्ति एवं स्वास्थ्यकर्मियों की तैयारी की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, पोषण कार्यक्रमों की स्थिति तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए सीडीपीओ को नियमित फील्ड विज़िट करने एवं अपडेटेड डेटा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

इसके अलावे संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, बच्चों का नियमित टीकारण, लिंग अनुपात समेत कई अन्य बिंदुओं की भी क्रमवार समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जहां जहां कुपोषण उपचार केंद्र संचालित है उन स्थलों पर दाल भात केंद्र संचालित करने का निर्देश दिया गया। जिससे उक्त स्थल पर आमजनों के साथ साथ उपचार कराने आने वाली मरीजों के परिजन को सुगमता पूर्वक भोजन मिल सके। आयुष्मान कार्ड से अधिक से अधिक लाभुक लाभान्वित हो इसके लिए अभियान मोड में सभी प्रखंडों के दो दो पंचायतों में 16 तारीख से रोस्टर अनुसार कैंप लगाने का निर्देश दिया गया। यदि किसी लाभुक का राशन कार्ड से संबंधित कोई समस्या है जिसके कारण उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा है उसका भी निराकरण उक्त कैंप में किया जाएगा। वहीं सिकल सेल एनीमिया के मरीजों की भी स्क्रीनिंग की जाएगी। उन्होंने जिले के स्वास्थ्य क्षेत्रों के विभिन्न इंडीकेटरों के समीक्षा के क्रम में धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सिविल सर्जन चतरा दिनेश कुमार को हरेक सप्ताह सभी इंडीकेटरों के प्रगति मॉनिटरिंग करने हेतु बैठक करने का निर्देश दिया।

# झारखंड आंदोलनकारियों की मांगों को सांसद और विधायक ने किया समर्थन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया/ (चतरा)।** चतरा जिला झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैनर तले सिमरिया प्रखंड अंतर्गत पुड़रा पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक कि अध्यक्षता मोर्चा के जिला अध्यक्ष कैलाश सिंह जबकि संचालन जिला प्रवक्ता राज किशोर कमल उर्फ पिंकू ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चतरा सांसद कालीचरण सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में सिमरिया विधायक उज्वल दास मंचासीन रहे। कार्यक्रम में भाजपा नेता उपेंद्र सिंह, विनोद महतो मुखिया, जिला सचिव सुगन साव, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सिंह पांडे, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र मित्तल, डब्लू सोनी, अशोक साहू, शिव शंकर यादव, धीरन सिंह, सहित कई नेता उपस्थित रहे। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों की विभिन्न लंबित मांगों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि आंदोलनकारियों को झारखंड सरकार द्वारा समुचित मान-सम्मान, पेंशन, आवास, तथा जेल जाने का प्रावधान समाप्त कर उत्तराखंड की तर्ज पर सुविधाएं दी जानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सांसद और विधायक का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में सांसद कालीचरण सिंह और विधायक उज्वल दास ने आश्वासन दिया कि पुड़रा पंचायत समेत संपूर्ण सिमरिया प्रखंड के सर्वांगीण विकास के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में जय कुमार रजक, तिलक महतो, संजीव कुमार यादव, संतोष रजक, गणेश राणा, नारायण साहू, खेमलाल साहू, निरंजन पांडे, अर्जुन मालाकार, शंकर प्रसाद दांगी, लालजीत भोक्ता, मधु कुमारी, सविता देवी, कुंती देवी, शांति देवी, किशन उरांव, अनीशा देवी, कामेश्वर साव, विश्वनाथ पांडे, अनिल पांडे, ए. जसवंत साहू, हेमराज महतो, लखन साहू, बालेश्वर महतो, नरेश पांडे, अर्जुन प्रसाद साहू, सतीश शर्मा, महेश साहू, नितेश कुमार पांडे, अरुण सिंह, सहित सैकड़ों आंदोलनकारीकार्य कर्ता उपस्थित रहे।

एक नजर में

## जिले की टॉपर दो बहनें सम्मानित

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखण्ड क्षेत्र के औरू पंचायत में स्थित सिविल विद्यालय औरुगेरुआ की ओर से झारखण्ड बोर्ड बारहवीं कक्षा की साइंस संकाय परीक्षा में राज्य में टॉप टेन वहीं जिला टॉपर रही दोनों बहनों को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। राज्य में आंठवा रैंक व नौवां रैंक वही जिले में पहले स्थान और दूसरे स्थान प्राप्त करने वाली दोनो बहन स्नेहा और नेहा को सिविल विद्यालय की ओर से विशेष तौर पर सम्मानित करने के उपरांत उन्हें किताबें और आर्थिक मदद भेंट की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार यादव ने कहा कि अगर समाज को शिक्षित करना है तो हमें लड़कियों को पढ़ाना बहुत जरूरी है और आज के समय में किसी भी क्षेत्र में लड़कियां लड़कों से पीछे नहीं हैं। ज्ञात हो कि प्रखण्ड क्षेत्र काशीकेवाल निवासी प्रमोद यादव के दोनों बेटियों ने 12वीं बोर्ड साइंस की परीक्षा परिणाम में परचम लहराया थी। मौके पर विकास सिंहा अरविन्द सिन्हा, शिक्षक राजेश कुमार, सोनाक्षी सिन्हा, अमिशा कुमारी, रानी कुमारी, शिवानी कुमारी आदि सैकड़ों छात्र - छात्रा सहित स्कूल कर्मचारी उपस्थित थे।

## कैंडल मार्च और मौन जूलूस निकालकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखण्ड क्षेत्र के उरैली पंचायत अन्तर्गत धरधारा गांव में युवा ग्रुप के द्वारा अहमदाबाद विमान क्रैश पर दुख प्रकट करते हुए कैंडल मार्च और मौन जूलूस निकाला। वही दिवंगत आत्माओं को शांति हेतु दो मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर परिजनों को इस दुख की घड़ी में दुख सहने की शक्ति और घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।

## सीता हरण व सुर्पनखा की नाक काटने का मंचन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मरचोई गांव स्थित मनोकामना सिद्धपीठ मंदिर परिसर में रामलीला का आयोजन हो रहा है। छठे दिन की लीला में सुर्पनखा की नाक काटने और सीता हरण का मंचन किया गया। वहीं पंडित सुरेश कुमार, दीपेश अग्रवाल, रामविलास यादव, बालमुकुंद पाण्डेय, रंजीत सिंह, दामोदर सिंह, गिरानी सिंह, उमेश पाण्डेय, महेंद्र पाण्डेय, मनोज सिंह को श्रीराम नाम का पट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के निर्देशानुसार मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को अधिसूचित पर्यटक स्थल ध्वाजाधारी धाम में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आगंतुक पर्यटकों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा उन्हें नशा से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

## ऑटो चालक संघ की मांगों पर विचार विमर्श

**कोडरमा।** ऑटो चालक संघ एवं उनके सदस्यों की विभिन्न मांगों पर विचार-विमर्श के उद्देश्य से एसडीओ रिया सिंह की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ऑटो चालक संघ द्वारा प्रस्तुत मांगों पर गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर एसडीओ ने कहा कि ऑटो चालक संघ को चाहिए कि वह अपने स्तर पर एक समिति (कमिटी) का गठन करें, जो उनकी समस्याओं और मांगों पर संगठित रूप से विचार-विमर्श कर सके। वहीं एसडीओ ने निर्देशित किया कि सभी ऑटो चालक अपने वाहनों को निर्धारित (नियत) स्थान पर तथा रेलिंग के समीप सुव्यवस्थित रूप से खड़ा करें, ताकि सड़कों पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

## किसान के बेटे ने नीट में पूरे भारत में 3577वां स्थान प्राप्त कर डोमचांच का नाम किया रोशन

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत अंतर्गत मंझलीटांड़ निवासी अजित सिंह के सुपुत्र निखिल सिंह जिन्होंने नीट (मेडिकल) की कठिन परीक्षा में पूरे भारत में 3577वां स्थान, जबकि ईडब्ल्यूएस केटेगरी में 298वां स्थान प्राप्त कर अपने परिवार के साथ-साथ अपने गांव और जिले का नाम रोशन किया है। निखिल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता अपने गुरुजनों को दिया। इस उपलब्धि पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, प्रिंस सिंह, शक्ति सिंह, मदनमोहन सिंह, विजय सिंह, आनंद सिंह, भीम सिंह, सीटू सिंह, लोकेश सिंह, अभिषेक सिह, संजीव कुमार, अनिल सिंह ने बधाई के साथ उज्वल भविष्य की कामना की।

## जयपुर कांको का छात्र नीट परीक्षा पास

**कोडरमा।** उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जयपुर कांको चंदवारा के छात्र राज प्रताप यादव नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 9473 प्राप्त कर विद्यालय, अपने माता-पिता तथा पूरे जिले का मान बढ़ाया है। राज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता रवि शंकर यादव, माता मेघा देवी व गुरुजनों को दिया है। राज की सफलता पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक महबूब आलम, सदानंद यादव, आदित्य चंद्र दिवाकर, नारायण रजक, सुभाष कुमार यादव ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं विद्यालय के अलावे शिक्षक आदित्य चंद्र दिवाकर ने व्यक्तिगत गाइडेंस देकर सफलता दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।

## कोडरमा के सड़कों पर देखा जा रहा प्रदूषण का मंजर

**कोडरमा।** मुख्यालय में इन दिनों काफी प्रदूषण देखने को मिल रहा है। प्रदुषण का नजारा और कहीं का नहीं बल्कि जिला मुख्यालय अंतर्गत समाहरणालय से कोडरमा बाजार तक आम बात हो गई है। जहां नेशनल हाईवे पर इस तरह से प्रदूषण का मंजर बांझेडीह से निकलने वाले ऐश पाउंड कोडरमा के सड़कों पर देखा जा रहा है। ऐसे में जिले की एक बड़ी आबादी लगातार संकट के दौर से गुजर रही है। मगर कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही अब तक देखने को मिलता रहा हैं। अगर देखा जाए तो चंदवारा, तिलैया बाईपास, करमा, चाराडीह, लख्खीबागी, कोडरमा बाजार बाघीताड़, जलवाबाद, लोकाई, इंदरवा के बड़ी संख्या में लोग ऐश पाउंड ग्रसित हैं। इसके रास्ते में कई सरकारी, गैरसरकारी विद्यालय, बैंक, अस्पताल भी आता है। साथ ही वाइल्ड लाइफ जंगल में भी इन वाहनों से ऐश पाउंड गिरा कर छोड़ दिया जाता है। इस पर वन विभाग भी कड़ाई से कार्रवाई नहीं कर रहा है। साथ ही जिला प्रशासन की ओर से खानापूर्ति करने के लिए कुछ वाहनों को पकड़ लिया जाता है। मगर कार्रवाई के बाद भी समस्या जस के तह है।

## नाबालिग लड़की को डरा-धमकाकर दुष्कर्म का मामला

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हरली रोड के वार्ड-23 में एक 16 साल की नाबालिग लड़की को डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म व गर्भवती करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने थाना में लिखित आवेदन दिया है, आरोप दूसरे वार्ड के एक युवक पर लगाया है। मामले को लेकर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। आरोपी फरार बताया जा रहा है।

## 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत बैठक

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत साप्ताहिक हॉट मैदान में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रखंड इकाई की बैठक मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में मोदी सरकार के सेवा सुशासन गरीब कल्याण संकल्प से सिद्धि तक 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम की प्रशंसा की गई। वहीं मंडल अध्यक्ष ने कहा कि 11 साल मोदी के नेतृत्व शासन काल में भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बना। मोदी सरकार में प्रत्येक परिवार को किसी न किसी योजनाओं का लाभ मिला है, देश में स्मार्ट सिटीज, सुरक्षित सड़के, तेज सफर यह न्यू इंडिया का संकल्प है। प्रधान मंत्री के नेतृत्व में विकास सिर्फ निर्माण नही, भरोसे का बुनियाद है। जिसे कार्यकर्ताओं ने जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## स्पीड न्यूज

### गुमला डीसी ने आम्रपाली आम को बाजार में विक्रय के लिए किया लॉंच



गुमला। चंदाली स्थित जिला समाहरणालय में जिले की डीसी प्रेरणा दीक्षित ने गुमला की विशेष पहचान आम्रपाली आम को आमजनों के बीच विक्रय हेतु शनिवार को लॉन्च किया। आम्रपाली आम गुमला के स्थानीय बाजार सहित जिला समाहरणालय स्थित गुमला हाट में भी विक्रय हेतु उपलब्ध रहेगा। आम्रपाली आम गुमला के सुदूर क्षेत्रों के आम बागानों में उत्पादित और महिला समूहों के सदस्यों के द्वारा सीधे हाथों से सावधानी पूर्वक चुन कर और पैक कर पलाश ब्रांड के तहत जेएसएलपीएस संपोषित बसिया, पालकोट फारमर प्रोडयुसर कंपनी लिमिटेड के माध्यम से बाजार में प्रस्तुत किया गया है।

### मोटरसाइकिल चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक



गुमला। सड़क सुरक्षा के नियमों के अनुपालन तथा थानों के द्वारा बिना हेलमेट मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े बाईक चालकों को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को लेकर सड़क-सुरक्षा के टीम के द्वारा जिला परिवहन कार्यालय में रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। इस दौरान आये लोगो को यातायात नियमों एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। इस संबंध में उन्हें जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, प्रणय कांशी शामिल थे।

### रक्तदान के प्रति लोगों को एनसीसी कैडेटों ने पोस्टर के माध्यम से किया जागरूक



गुमला। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 46 झारखंड बटालियन एनसीसी गुमला की टूप संख्या 18/46 डीएवी गुमला के एनसीसी कैडेट ने पोस्टर के माध्यम से लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पी बी शर्मा ने इस एक्टिविटी के लिए विद्यालय को बधाई दी है। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने कहा कि रक्तदान प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक एवं सामाजिक कर्तव्य है। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। क्योंकि रक्त का दूसरा कोई विकल्प नहीं है। एनओ सेकेंड ऑफिसर अभिजीत झा ने कहा कि रक्तदान की प्रणाली पूर्णतः दर्द रहित है। लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर रक्तदान करना चाहिए तथा इस पुण्य का भागीदार बनना चाहिए। इस अवसर पर कैडेट अभिज्ञान प्रकाश, रितु कुमारी, समीक्षा उरांव, यशस्वी राज, अथर्व सिंह, आयुष चौधरी, आयुष राज गोप, प्रियस कुमार, प्राप्ति कुमारी, खुशी प्रिया, एंजल टोप्पो, अनन्या पाठक, सृष्टि साह, हर्ष कुमार साहु, विकास दास, ज्ञानदीप साहु, आर्यन राज, मेहुल राज, जसवंत सिंह, अंश उरांव ने प्रेरणादायक पोस्टर बनाए।

### रन्हे चिल्ड्रेन एकेडमी में प्रखंड स्तरीय समान समारोह का किया गया आयोजन



घाघरा। चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल रन्हे में मैट्रिक और इंटर पास छात्रों का प्रखंड स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी पुनीत मिंज, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, प्रमुख सविता देवी, बीपीओ पुष्पा टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव व अनिरुद्ध चौबे ने कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान घाघरा प्रखंड स्थित सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी जो मैट्रिक व इंटर की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर प्रखंड का नाम रोशन किए है। उनमें से टॉप टेन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रतिभा पाठक, नंदनी कुमारी, खुशबू सिंह, दिलेश कुमार साहू, सृष्टि कुमारी, रीमा कुमारी, समीर मांझी, मनीष सिंह, विपिन कुमार साहू, जीतमुनि उरांव सहित प्रखंड के सभी विद्यालय के टॉप पांच विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि थानेदार पुनीत मिंज ने कहा विद्यार्थी अपने लक्ष्य का निर्धारण करें और निरंतर प्रयास करे। अपने लक्ष्य की ओर हमेशा बढ़ने की चाहत रखने वाले विद्यार्थी को निश्चित तौर पर सफलता प्राप्त होती है। सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के क्षेत्र में कहीं कोई समस्या होती है तो निसंकोच हमसे मिले। अनिरुद्ध चौबे ने जीवन में पढ़ाई के महत्व पर जोर देते हुए प्रखंड में शिक्षा का स्तर तथा शिक्षा के प्रसार पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्रमुख सविता देवी, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, विजय साहू, सुशील टोप्पो, अमित एक्का, प्रभु भगत, अकलिना पन्ना, मुकेश मनी पाठक, मिथिलेश महापात्रा, राजेश महतो, चैत टोप्पो, भवानी प्रसाद राय, मीना देवी, रीना मिंज, प्रेमचंद कुमार, अजीत लाकड़ा, राहुल नाग, माइकल उरांव, दुर्गावती कुमारी, आरती कुमारी, तारामनी देवी, पूजा प्रिया, शोषण गुलाब सुरीन, रेशमा केरकेट्टा, निधि लकड़ा, अनूप कुजूर सहित कई लोग मौजूद थे।

### चुंदरी लैंपस में 60 किसानो के बीच धान बीज का किया गया वितरण

घाघरा। चुंदरी लैंपस में बीज का वितरण किया गया। जिसका शुभारंभ चुंदरी उप मुखिया अजीत मनी पाठक और पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने संयुक्त रूप से किसानों को धान बीज वितरण कर किया। 60 किसान के बीच बीज वितरण किया गया। मौके पर लैंपस अध्यक्ष सतीश उरांव, सुरेंद्र यादव, कृषक मुनेश्वर उरांव, दशरथ ठाकुर, नंदू, प्रतिमा, राजकुमारी, राजू, रूपम, सुजीत, मंगरा भगत, संतोष सिंह, आनंद, अरुण उपस्थित थे।

# सरना कोड के नाम पर आदिवासियों को दिग्भ्रमित कर रहे है कांग्रेस और झामुमो : नवीन जायसवाल

खबर मंत्र संवाददाता



पत्रकारों से बात करते हटिया विधायक नवीन जायसवाल।

लोहरदगा। राज्य में फिर एक बार सरना धर्म कोड को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। कांग्रेस जेएमएम सरना धर्म कोड का मुद्दा को लेकर लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है।

तो वही बीजेपी ने भी सरना धर्म कोड को लेकर कांग्रेस जेएमएम पर पलटवार किया है। बीजेपी के हटिया विधानसभा से विधायक नवीन जायसवाल ने कांग्रेस और जे एम एम पर निशाना साधते हुए सरना धर्म कोड के नाम पर राजनीति करने और आदिवासियों को दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाया है। बीजेपी विधायक ने कहा देश में आजादी से पहले और उसके बाद भी सरना धर्म कोड लागू थी लेकिन सन 1961 में कांग्रेस के ही सरकार ने सरना धर्म कोड को समाप्त कर दिया और 2014 तक सत्ता में रहने के बाद भी लागू नहीं किया और कभी गंभीरता नहीं दिखाई जब 2013 में बीजेपी के द्वारा सरना धर्म कोड का मामला उठाया गया तो कांग्रेस के मंत्री ने लिखित रूप से बयान दिया यह अव्यवहारिक है तो कांग्रेस और जे एम एम सरना धर्म कोड के नाम पर दिग्भ्रमित कर राजनीति कर रही है। कांग्रेस और जेएमएम लटकाने और अटकाने में माहिर हैं 1932 का स्थानीय नीति लागू करने के नाम पर सत्ता में आई, लेकिन आज तक कार्य नहीं हुआ है।

राज्य सरकार ने झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों को ठगने का काम किया है।

# डीसी ने ओल्ड एज होम का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता


ओल्ड एज होम का निरीक्षण करती डीसी प्रेरणा दीक्षित।

गुमला। विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर शनिवार को डीसी प्रेरणा दीक्षित ने जिले के वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित करते हुए सीलम स्थित ओल्ड एज होम का दौरा किया। इस दौरान डीसी ने वहां निवासरत वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात की और उनके साथ आत्मीय समय बिताया। उपस्थित वरिष्ठजनों ने मांदर की पारंपरिक धुन पर डीसी का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें अपनी पुत्री के समान स्नेह प्रदान किया। डीसी ने ओल्ड एज होम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं कठिनाइयों की जानकारी ली तथा यह सुनिश्चित किया कि उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वरिष्ठ नागरिकों के प्रति व्यवहार में संवेदनशीलता बरती जाए तथा उन्हें आवश्यक सुविधाएं गरिमामय ढंग से उपलब्ध कराई जाएं। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन सदैव वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु तत्पर है। यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो वे सीधे उनसे भी संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, ओल्ड एज होम के कर्मी सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# रक्तदान से लोगो में नई ऊर्जा आती है और कई रोग से भी लोग मुक्त होते है : डीसी डॉ ताराचंद




**लोहरदगा जिला प्रशासन द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, अधिकारियों सहित कई लोगों ने किया रक्तदान**

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। जिले में विश्व रक्तदाता दिवस पर समाहरणालय भवन में जिला प्रशासन की ओर से रक्तदाताओं को जागरूक करने और धन्यवाद करने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में जिले के कई अधिकारियों ने रक्तदान कर लोगो को आगे बढ़कर रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

मौके पर कई नए डोनर भी शामिल हुए और रक्तदान किया वही कई ऐसे डोनर रहे जो सैकड़ों बार रक्तदान कर चुके है। डीसी डॉ कुमार ताराचंद ने कहा आज ब्लड बैंको में जागरूकता की कमी के कारण ब्लड की कमी होती है इसलिए जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को रक्तदान के लिए जागरूक करना और जिले में ज्यादा से ज्यादा लोग रक्तदान करे ताकि लोगों की मदद की जा सकती है रक्तदान से लोगो में नई ऊर्जा आती है और कई रोग से भी लोग मुक्त होते है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी ने बताया रक्तदान करने से कोई परेशानी नहीं होती है, उल्टा हार्ट अटैक जैसी समस्या नहीं आती और लोग ज्यादा हेल्थी लाइफ जीते है, वैसे लोगो का धन्यवाद जो जाती धर्म से ऊपर उठकर रक्तदान कर लोगो की जिंदगी बचा रहे है।

## विश्व रक्तदान दिवस पर डीसी ने रक्तदान कर जन जागरूकता का दिया संदेश, कहा

# हर जनता की जिम्मेदारी है कि वे रक्तदान करें


रक्तदान करती डीसी



**विश्व रक्तदान दिवस पर सामाजिक संगठन के सदस्यों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान**

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शनिवार को सदर अस्पताल गुमला परिसर में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित स्वयं शिविर में उपस्थित होकर रक्तदान किया और नागरिकों को इस पुनीत कार्य में भागीदारी हेतु प्रेरित किया। उपायुक्त ने अपने संदेश में कहा कि रक्तदान महादान है। इससे हम थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया जैसे गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों का जीवन बचा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि गुमला जिले में इन रोगों से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक है। ब्लड बैंक में रक्त की नियमित उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रेग्नेंट महिलाओं को भी आपात स्थिति में रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसे में समाज के प्रत्येक नागरिक की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि समय-समय पर आयोजित रक्तदान शिविरों में सहभागिता सुनिश्चित करें। डीसी ने विशेष रूप से ओ नेगेटिव, बी नेगेटिव और ए नेगेटिव जैसे दुर्लभ रक्त समूह वाले व्यक्तियों से अपील की कि वे आगे आकर रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान से कोई कमजोरी या चक्कर नहीं आता, बल्कि इससे शरीर और भी स्वस्थ रहता है। इस मिथक को तोड़ने के लिए मैं स्वयं आज रक्तदान कर रही हूं। आप सभी भी आगे आएं और रक्तदान कर जीवनदान दें। उन्होंने जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मियों से भी अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में आगे आकर योगदान दें। इस अवसर पर सिविल सर्जन नवल कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### नदी में डूबने से बच्ची की मौत

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के मालम नावटोली गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नदी में नहाने के दौरान दस वर्षीय आरोही खलखो की नदी में बड़े गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। आरोही ग्राम जारी की रहने वाली थी और वर्तमान में अपनी नानी के घर मालम नवाटोली में रहकर आरसी मध्य विद्यालय मालम नावटोली चैनपुर में कक्षा 5 की पढ़ाई कर रही थी। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार आरोही अपने मामा रोबिन मिंज और अन्य बच्चों के साथ मछली पकड़ने और नहाने के उद्देश्य से नदी की ओर गई थी। इसी दौरान वे सभी बच्चे नदी के किनारे खेल रहे थे। बताया गया कि खेत में लगी मिर्च की फसल की सिंचाई के लिए नदी में गड्ढा खोदा गया था। जिसमें खेलते-खेलते आरोही गिर गई। घटना के समय उसका मामा पास में ही मशीन का कल पुर्जा लेने गया था। जब बच्चों ने देखा कि आरोही डूब गई है तो वे दौड़कर मामा को बुलाने गए। मामा रोबिन मिंज जब मौके पर पहुंचे, तब तक आरोही की हालत गंभीर हो चुकी थी। बच्ची को आनन-फानन में चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गय। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि इस प्रकार के गहरे गड्ढों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो।

# महिला की टांगी से मार कर हत्या, तीन घायल

**हत्यारा ग्रामीणों से बचने के लिए कुएं में कूदा**

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर। चैनपुर अंचल अंतर्गत कुरूमगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत कमलपुर गांव में शनिवार को एक वीभत्स घटना सामने आई। जहां बलिराम खड़िया नामक एक व्यक्ति ने रीना देवी नामक महिला की टांगी से वार कर हत्या कर दी। यह दिल दहला देने वाली घटना सुबह करीब 11 बजे की बतायी जा रही है। जिसने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, हत्या की वारदात को अंजाम देने से पहले बलिराम ने जंगल में लकड़ी इकट्ठा कर रही दो महिलाओं कमलटोली निवासी चंद्रमुनी देवी और चंदगो निवासी कोरवाइन से उनकी टांगी छीनकर उन पर भी हमला कर दिया। जिससे वे घायल हो गईं। इतना ही नहीं, उसने गांव में ही साढ़े चार साल के एक मासूम बालक अनुज खड़िया को डंडे से मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद, तीनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार चल रहा है। मृतक रीना देवी की बहन रंजिता कुमारी ने बताया कि घटना के वक्त रीना के बच्चे स्कूल गए हुए थे और वह घर में अकेली थी। बलिराम ने रीना से पानी मांगा और जैसे ही रीना पानी लेकर आयी। उसने बेरहमी से टांगी से उसपर हमला कर दिया। इस हमले में रीना की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रीना के पति अनिल खड़िया तमिलनाडु में मजदूरी करा है। ग्रामीणों के अनुसार हमलावर बलिराम हर्रा करचा का निवासी है। दबे स्वर में ग्रामीण इस घटना का कारण अंधविश्वास या बलिराम की मानसिक स्थिति ठीक न होने की आशंका जता रहे हैं। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद भाग रहे बलिराम को ग्रामीणों ने घेरने का प्रयास किया। अपने आप को घिरा देखकर, वह गांव के ही एक कुएं में कूद गया।

### लोहरदगा पुलिस ने नशे के सौदागरों पर की बड़ी कार्रवाई, 46 किलो गांजा बरामद के साथ 1 गिरफ्तार



लोहरदगा। जिले में नशे के सौदागरों के खिलाफ लोहरदगा पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। लोहरदगा पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 28 पैकेट अवैध गांजा, लगभग 46 किलो, बरामद किया गया है। इस दौरान एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। बरामद गांजा की कीमत लगभग 20 लाख रुपये बताई गई है। एसपी रिजवी के निर्देश पर छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसके बाद जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र अंतर्गत आरेया गांव निवासी संदीप साहू के घर से 43 किलो गांजा और सदर थाना क्षेत्र के राजा साहू के घर से 3 किलो गांजा बरामद किया गया। संबंधित थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसे लेकर एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि जिले में लगातार गांजा की अवैध बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए गुप्त सूचना के आधार पर मुख्यालय डीएसपी समीर तिर्की के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और छापेमारी की गई। इस अभियान में संदीप साहू नामक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। वहीं दूसरी जगह छापेमारी कर 3 किलो गांजा जब्त किया गया। मामले की जांच जारी है और कार्रवाई की जाएगी।

### अधिग्रहण व सड़क चौड़ीकरण को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

भंडरा। भंडरा पंचायत भवन परिसर में शनिवार को भंडरा अम्बेरा लोहरदगा सड़क चौड़ीकरण कार्य में भूमि अधिग्रहण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के बीच ग्राम सभा आयोजित की गई। भंडरा आंचल व भू अर्जन शाखा की ओर से आयोजित इस ग्रामसभा सह जनसुनवाई में भंडरा के दर्जनों के ग्रामीण उपस्थित हुए। जनसुनवाई में स्थानीय मुखिया इंद्रदेव उरांव व ग्राम प्रधान उपस्थित थे। भंडरा आंचल कार्यालय के सीआइ फेकूवा उरांव व सुमित जायसवाल ने ग्रामीणों को सड़क निर्माण में जमीन अधिग्रहण किये जाने वाले लोगों के नाम एवं रकवा की जानकारी उपस्थित लोगों को दी एवं ग्रामीणों से सड़क निर्माण में सहयोग करने की बात कही। मुखिया इंद्रदेव उरांव ने अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण में ग्रामीणों के जमीन अधिकरण में त्रुटि ना हो एवं मुआवजा सही समय पर मिले इसका पूरा ध्यान रखा जाए। सभी की सूची क्रमबद्ध तरीके से बनाया जाए। इस मौके रैयत, हसमुद्दीन अंसारी, राजू उरांव, हेमन्त यादव, सत्यनारायण यादव, मंगरा उरांव, सीताराम उरांव, मंगरा उरांव, जगरनाथ उरांव व अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचायत समिति की बैठक में विकास योजनाओं को लेकर चर्चा, अनुपस्थित सदस्यों पर जताई नाराजगी

खबर मन्त्र संवाददाता



भंडरा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन में शनिवार को पंचायत समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख बरिया देवी ने की, जबकि बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बैठक का संचालन किया। इस दौरान कई सदस्यों की अनुपस्थिति पर खेद व्यक्त करते हुए इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की उपेक्षा बताया गया। बैठक में बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने सरकार की प्रमुख योजनाओं अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने इन कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करने हेतु जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से समन्वय और सक्रिय सहयोग की अपील की। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए गए ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उप प्रमुख राजमुनि उरांव, सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम साहू, लाल विजय चौहान, बीपीओ अभिषेक किशोर, बीएचओ मनोज कुमार, मनीष अग्रवाल, सीडीपीओ, जेई रेहान अंसारी आदि उपस्थित थे।

### सुखदेव भगत चंडीगढ़ एवं शिमला में जीपीसी की बैठक में लेंगे भाग

**सांसद मध्यप्रदेश रवाना**

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। लोहरदगा सांसद सह मध्यप्रदेश के एआईसीसी ऑब्जर्वर सुखदेव भगत शनिवार को मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुए उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू ने दिया। साहू ने बताया कि सांसद सुखदेव भगत कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत हर स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी एवं अन्य कांग्रेस जनों के साथ बैठक कर राहुल गांधी की सोच एवं मध्य प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य पर दिए गए टास्क को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जानकारी देते हुए सक्रिय रूप से कार्य करने का दिशा निर्देश देंगे। मध्य प्रदेश के बाद सांसद वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार करने हेतु गठित जेपीसी की बैठक चंडीगढ़ एवं शिमला में रखा गया है उस बैठक में भी भाग लेंगे।

### 21 गोवंशीय पशुओं को कुरुमगढ़ पुलिस ने किया जब्त



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस को पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार की रात करीब 2 बजे थाना प्रभारी मुनेश तिवारी को गुप्त सूचना मिली कि रोघाडीह जंगल के रास्ते 21 गोवंशीय पशुओं की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी एएसआई अनुज पासवान ने अपनी टीम के साथ छापामारी की। पुलिस को आता देख पशु तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

# पड़हा जतरा पुरखों कि पारंपरिक धार्मिक एकता का प्रतीकः चुड़ंया

**डुमरडीह गांव में पडहा जतरा समारोह का किया गया आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। सदर प्रखंड के डुमरडीह गांव में पड़हा जतरा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कई गांव के लोग हुए शामिल। सर्वप्रथम डुमरडीह मौजा के ग्रामीण एवं पहान मंगरा उरांव के द्वारा पारंपरिक विधि से पूजा अर्चना कर गांव व क्षेत्र की सुख समृद्धि और अच्छे फसल की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मूली पड़हा के दीवान चुंइया कुजूर ने कहा कि पड़हा 12 जाति 36 कॉम संचालित करने वाली पुरखों की अजर अमर व्यवस्था है। मूली पड़हा के पूर्व बेल रजबेल उरांव ने कहा कि गांव की रूढी विधि के साथ पढ़े लिखे शहर के लोग पुरखों के बनाये पड़हा डहर में चले तो निश्चित रूप से हमारा समाज और संगठित व मजबूत होगा। मूली पड़हा के कोटवार देवेंद्र लाल उरांव ने कहा कि जिस तरह सरहुल की शोभायात्रा में हम लोग अपनी धार्मिक और संस्कृतिक एकता का परिचय देते हैं। उसी प्रकार हमारे सामाजिक धार्मिक व्यवस्था पर संकट आने में भी हम एकजुट रहे और लड़ने भिड़ने के लिए तैयार रहे तो हमारा धर्मिक जमीन सरना मसना कदलेटा जतरा डाड़ सुरक्षित रहेगा। मूली पड़हा के बेल देवराम भगत ने कहा कि गांव गांव में अतखा पड़ाहा का गठन किया जाय और लोग सप्ताह के गुरुवार को बैठक करें। पूजा करें एक मुठी चावल और एक रुपया दान करें और गांव की सुख-दुख कि बातें करें तो निश्चित रूप से हमारा समाज मजबूत होगा। पदा पड़हा झारखण्ड के देवान विश्वनाथ उरांव ने कहा कि पहले गांव के लड़ाई झगड़ो का निपटारा के लिए पड़हा लोग खोजते थे। आज भी पड़हा गांव में न्यायिक कार्य करती है और पडाह के निर्णय को गांव और पंच लोग सर्वम्मति से मानते हैं।

मंच का संचालन फिरू भगत ने किया। कार्यक्रम में पूर्व देवान राजू उरांव,उप देवान सोनो मिंज, रकम उर्वशी, गौरी किंडो,उप कहतो फूलमनी उरांव, पुष्पा उरांव, परामर्शदात्री सदस्य शांति मिंज और शांति देवी, पड़हा प्रेमी फौदा उरांव, सुदर्शन भगत सहित अन्य लोग शामिल थे।

### सदर अस्पताल से नवजात शिशु चोरी मामले का खुलासा : पति व पत्नी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



गुमला। गुमला पुलिस ने शुक्रवार की रात सदर अस्पताल गुमला से एक महिला के द्वारा नर्स की पोशाक में 14 दिन के नवजात शिशु की चोरी कर ली थी। पुलिस ने ममले को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए नवजात शिशु को सकुशल बरामद किया। साथ ही रांची जिला के चान्हो निवासी बबीता टोप्पो और उसके पति सूरज लोहरा को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने गुमला थाना मैं प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि बच्चा चोरी की सूचना के बाद तुरंत पुलिस की एक टीम का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज सहित गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि शुक्रवार की रात सदर अस्पताल में इलाज रात एक बच्चे की चोरी हो गई थी। परिजनों के हंगामा के बाद अस्पताल प्रबंधन व पुलिस सक्रिय हुई और त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्चा व चोरी में शामिल दंपति को गिरफ्तार किया। कॉन्फ्रेंस में थाना प्रभारी महेंद्र करमाली व अधिकारी उपस्थित थे।

# योग शारीरिक व मानसिक लचीलेपन को प्राप्त करने की एक अनुशासित विधिः प्राचार्या

**डीएवी में आयोजित छह दिवसीय समर कैंप संपन्न**

खबर मन्त्र संवाददाता




गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में आयोजित छह दिवसीय योग तथा आर्ट एंड क्राफ़्ट कैंप का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति गुमला के जिला प्रभारी भोला प्रसाद एवं आनंद प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने सभी प्रतिभागियों को समर कैंप सर्टिफि केट प्रदान किये। इसके पूर्व प्रधानाचार्य ने योग प्रशिक्षक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को रोज योगाभ्यास की सलाह दी। यह हमें शरीर और मन को नियंत्रित करने की तकनीक सिखाती है। बदलती जीवन शैली के वर्तमान परिपेक्ष्य में शरीर और मन से संबंधित विभिन्न समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए योग समय की आवश्यकता बन गया है। भोला प्रसाद ने कहा कि योग हमारी सांस्कृतिक विरासत है। आनंद प्रसाद गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया एवं योग के गुर सीखे। सीसीए इंचार्ज संजुक्ता खटुआ ने बताया कि रोज सुबह जल्दी उठ कर योगाभ्यास करना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभ दायक होता है। कैंप कोर्डिनेटर अभिजीत झा ने कहा कि योग की गुरुता एवं महत्ता को दशार्ने तथा आर्ट एवं क्राफ़्ट के माध्यम से सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए इस कैम्प का आयोजन किया गया। योग शिविर के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने आइसक्रीम का भी लुत्फ उठाया एवं वे इस शिविर से काफी प्रसन्न नजर आए। कैंप को सफल बनाने में सुपरवाइजरी हेड पी के मोहंती, शिक्षक एस के पटनायक, मिथलेश कुमार दुबे, अक्षय कुमार पाठक समेत शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विधायक के प्रयासों से नावाडीह को मिली शैक्षणिक सौगात

## ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, नावाडीह स्कूल में हाई स्कूल नामांकन की शुरूआत

- मुंडू और मंडल विद्यालय को भी मिलेगा हाई स्कूल का दर्जा : रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए लातेहार जिले के सुदूरवर्ती और नक्सल प्रभावित क्षेत्र चुंगरू पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय नावाडीह में शनिवार को हाई स्कूल स्तर की पढ़ाई के लिए नामांकन प्रक्रिया की विधिवत शुरूआत हुई। इस ऐतिहासिक क्षण का उद्घाटन मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने स्वयं आठवीं उत्तीर्ण बच्चियों का नामांकन कर विद्यालय में नए अध्याय की शुरूआत की। छात्र-छात्राओं के चेहरों पर उम्मीद और उल्लास साफ झलक रहा था।

### विधायक ने की कई बड़ी घोषणाएं

शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक ने ऐलान किया कि जल्द ही विद्यालय में नया भवन और चहारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही 9वीं-10वीं की कक्षाओं के संचालन हेतु अतिरिक्त शिक्षकों की पदस्थापना भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।



दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक।



संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह।

### जहां पोस्टिंग हुई वहां हाई स्कूल बने : प्रधानाध्यापक

विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हाई राम ने बताया कि उनकी सेवा यात्रा में सरईडीह, मंगरा और अब नावाडीह स्कूल तीनों को विधायक रामचंद्र सिंह ने हाई स्कूल में तब्दील कराया। उन्होंने विधायक को शिक्षा क्षेत्र का सच्चा हितैषी करार देते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों के भवन और सुविधाएं उन्हीं की कोशिशों से साकार हुई हैं।

### हर बच्चा पढ़े, हर गांव बढ़े : विधायक

विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षा का उजियारा हर घर तक पहुंचे, इसके लिए वे लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नावाडीह स्कूल को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही मुंडू और मंडल विद्यालय को भी हाई स्कूल का दर्जा दिलाया जाएगा।

### वर्षों पुरानी मांग आज बन गई हकीकत

कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ नेता अनिल सिंह ने कहा कि नावाडीह में हाई स्कूल की पढ़ाई की मांग वर्षों से की जा रही थी। खासकर लड़कियों को पढ़ाई के लिए बाहर भेजना कठिन था। अब गांव में ही नामांकन और पढ़ाई की सुविधा मिलने से शैक्षणिक क्रांति की नींव पड़ चुकी है।

### कार्यक्रम में रही बड़ी भागीदारी

कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, युवा नेता विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, शिवानंद तिवारी, कृष्णा यादव, बीआरपी अशोक यादव, सुरेश मिश्रा, शिक्षक रामनाथ राम, सुजीत कुमार, अखिलेश प्रजापति, व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज, सुदामा प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, गौतम प्रजापति, मिथिलेश प्रजापति, राजू परहिया, श्याम बिहारी प्रसाद, आनंद यादव, धर्मेंद्र सिंह, आलम अंसारी, दिलीप प्रजापति सहित सैकड़ों ग्रामीण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शिक्षा के क्षेत्र में दिख रहा बदलाव : मुखिया

मुखिया बलदेव परहिया ने कहा कि यह सिर्फ एक नामांकन प्रक्रिया नहीं, बल्कि ग्रामीण शिक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विधायक के प्रयासों से बरवाडीह क्षेत्र में शिक्षा को लेकर सकारात्मक बदलाव की लहर दिख रही है।

## चंदवा में सामूहिक नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन



**लातेहार।** झारखंड सरकार द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के अंतर्गत, मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर, चंदवा में 14 जून को एक सामूहिक नशा मुक्ति प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन पर्यटन विभाग, लातेहार द्वारा किया गया, जिसमें लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में जिला नोडल पर्यटन पदाधिकारी, लातेहार संजीत कुमार, पर्यटन विशेषज्ञ अभिजीत कुमार, तथा जिला खेल समन्वयक लखेश्वर मंडल ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंतर्गत मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसानों पर एक सार्वजनिक प्रश्नावली का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर के श्रद्धालुओं एवं डे बोर्डिंग केंद्र के फुटबॉल कोच सुमित कुमार के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम जन-जागरूकता और स्वस्थ समाज की दिशा में एक सार्थक प्रयास साबित होगा।

## कार व बाइक के बीच भिड़ंत, बाइक सवार गंभीर



**चंदवा।** एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत थाना क्षेत्र के भूषाढ़ नदी के समीप शनिवार की शाम बेकाबू यमाहा बाइक जेएच 01 एफवाई 9152 व कार जेएच 07 जी 1626 के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी बाइक व कार के परखच्चे उड़ गए व बाइक सवार युवक मो. हमजा पिता मुस्लिम मियां (चकला) गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची व स्थानीय लोगों की मदद से घायल हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉ प्रकाश बड़ाइक की देखरेख में प्राथमिक प्राथमिक उपचार के बाद हमजा की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि घायल मो. हमजा के सर पर काफी गंभीर चोट गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हमजा चंदवा थाना में पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए आया था, जिसके बाद चकला अपने घर लौट रहा था, जबकि कार नगर से चंदवा की ओर आ रही थी, इसी दौरान भूषाढ़ नदी के समीप तीखे मोड़ पर उक्त हादसा हुआ।

## नामांकन को लेकर चयन समिति की बैठक



बैठक करते पदाधिकारीगण।

**चंदवा।** जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निदेशानुसार चंदवा स्थित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में वर्ष 2025-26 में वर्ग 6 नामांकन को लेकर शनिवार को चयन समिति की बैठक आहूत की गई। चयन समिति में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमरेंद्र नाथ पाठक, शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज, चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी व प्रतीक सिन्हा शामिल थे। चयन समिति निगरानी में अनुसूचित जनजाति कोटे से 25, अनुसूचित जाति से 15, ओबीसी कोटे से 12, बीपीएल कोटे से 19 व अल्पसंख्यक कोटे से 4 कुल 75 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। विदित हो कि पूर्व में हुई चयन समिति की बैठक के बाद भेजी गई सूची को उपायुक्त ने निरस्त कर दिया था, जिसके बाद पुन: बैठक आयोजित की गई। मौके पर कस्तूरबा विद्यालय प्रबंधन से जुड़े लोग मौजूद थे।

## नगर पंचायत ने शिक्षण संस्थानों के आस- पास चलाया मादक पदार्थ जांच अभियान, दी हिदायत

खबर मन्त्र संवाददाता



जांच करते नगर पंचायत अधिकारी।

**लातेहार।** शनिवार को सभी विद्यालय, महाविद्यालयो के बाह्य परिसर एवं 200 के परिधि में आने सभी दुकानदारों, बाजारों एवं व्यवसायिक स्थलों का मादक पदार्थों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने हेतु सघन जांच अभियान नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के उपस्थिति में चलाया गया। उक्त जांच अभियान में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में रोड लातेहार, सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर के पास, कन्या मध्य विद्यालय मेन रोड लातेहार, एवं डी ए भी स्कूल, बजारटाड़ के आस पास के दुकानों में सघन जांच अभियान किया गया। जांच के क्रम में संबंधित दुकानों में बिक्री किए जाने वाले सभी प्रकार के मादक पदार्थ जैसे सिगरेट, गुटखा बिड़ी इत्यादि को जब्त कर लिया गया। साथ ही साथ सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालय परिसर एवं 200 मीटर के परिधि तक मादक पदार्थों का बिक्री प्रतिबंधित रहेगा। उक्त जांच अभियान में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी अमित कुमार, नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, रेवेन्यू इंस्पेक्टर ओमप्रकाश प्रजापति, एवं पिंटू कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## पोस्ट ऑफिस की बाउंड्री तोड़ बालू का भंडारण

- डाक विभाग मौन ।
- डाक विभाग का कार्यालय हुवा असुरक्षित।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना से सटे डाक बिभाग का पोस्ट ऑफिस का बाउंड्री लगभग 30 फीट तोड़कर अवैध बालू का भंडारण धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिस पर डाक विभाग मौन रहने के कारण कई सवालों को जन्म दे रहा है। इससे डाक बिभाग का कार्यालय असुरक्षित हो गया है। बताया जाता है कि डाक विभाग के बगल में रहने वाले दिलीप कुमार एवं उसका पुत्र प्रियांशु कुमार ने अपने घर की ढलाई के लिए घर के सामने बालू गिरा रहा था। जिसका जगह कम पड़ गया उसके बाद बिना आदेश के ही वह डाक विभाग का बाउंड्री लगभग 30 फीट तोड़ दिया और उसके अंदर अवैध बालू का भंडारण कर दिया। यही नहीं घर बनाने के लिए मजदूर बाउंड्री के अंदर जाकर सरिया का काम धड़ल्ले से कर रहा है। जबकि सरकार का प्रावधान है कि किसी भी सरकारी संपत्ति को बिना आदेश के कभी भी नुकसान नहीं पहुंचा जा सकता है। इसके बावजूद दिलीप कुमार एवं उसके पुत्र द्वारा दादागिरी दिखाते हुए दिनदहाड़े बाउंड्री को तोड़ दिया। इस संबंध में पोस्ट मास्टर संदीप कुमार से पूछे जाने पर कहा कि यह सही बात है कि दिलीप कुमार बिना इजाजत के बाउंड्री तोड़कर बालू का भंडारण कर रहा है। तथा उसका सारा लेबर बाउंड्री के अंदर आकर काम कर रहा है मैं इसकी सूचना आज वरीय पदाधिकारी को दे दिया हूं। यह पूछे जाने पर की बाउंड्री एक सप्ताह पहले टूटा है तो आज सूचना क्यों दे रहे हैं तो उन्होंने कहा कि हमारे इंस्पेक्टर साहब थाना जाने से मना किए हैं और कुछ भी बोलने से मना किए हैं।

वही इस संबंध में डाक अधीक्षक पलामू से पूछे जाने पर कहां की यह एक गंभीर विषय है बिना इजाजत के सरकारी संपत्ति को कोई तोड़ नहीं कर सकता है। इस पर थाने पर मैं प्राथमिक दर्ज कराई जाएगी। मैं अपने कर्मियों को उचित दिशा निर्देश दे रहा हूं। वही ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि सरकारी संपत्ति को ध्वस्त करने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। एवं शीघ्र थोड़ा गया बाउंड्री को जोड़ा जाए। ताकि डाक विभाग का कार्यालय सुरक्षित हो सके।



मजदूर बाउंड्री के अंदर काम करते हुए।

## कृषि की तैयारी को लेकर किया गया बैठक



कृषि को लेकर बैठक करते हुए।

**बारियातू।** लातेहार उपायुक्त के निदेर्शानुसार धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान योजना कार्यक्रम के तहत अनुसुचित जनजाति के विकास हेतु 15-18 जुन तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान ने बताया कि उपर्युक्त विषय को लेकर लातेहार उपायुक्त के निदेर्शानुसार प्रखंड के बालुभांग पंचायत अंतर्गत डाकादीरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 15 जुन को गोनिया पंचायत के विश्रामपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 16 जुन डाढा पंचायत के पुकचु आंगनबाड़ी केन्द्र में 17 जुन को डाढ़ा मे 18 जून को साल्वे बारिखाप उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसके लिए सभी शिविर में पदाधिकारी कर्मी नियुक्त किया गया है। इस शिविर में आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान, जनधन खाता, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, पीएम विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजना का लाभ मुहैया कराया जाएगा।

## नेतरहाट विद्यालय न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश में शिक्षा का आदर्श केंद्र : शिक्षा मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता




शिक्षा मंत्री का स्वागत करते हुए।

**लातेहार।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय परिसर में आधुनिक शिक्षा, शिक्षक और वर्तमान चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय शैक्षणिक कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने दीप प्रज्वलन और पौधरोपण के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के अष्टम आश्रम वर्ग का भी लोकार्पण एवं नामकरण नीलाम्बर-पिताम्बर, सिद्धू-कान्हू और वीर बुधु भगत करते हुए शहीदों को नमन किया। शिक्षा मंत्री सोरेन ने कहा कि नेतरहाट विद्यालय न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश में शिक्षा का आदर्श केंद्र माना जाता है। यहां का अनुशासित वातावरण और शैक्षणिक गुणवत्ता छात्रों को उत्कृष्ट नागरिक बनने में सहायक हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि शिक्षा व्यवस्था को समावेशी, तकनीकी और मूल्यनिष्ठ बनाया जाए। शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों की निहित प्रतिभा पहचान कर उन्हें सही दिशा दें, क्योंकि सशक्त समाज का निर्माण मजबूत शिक्षा से ही संभव है। कार्यशाला में केंद्रीय विद्यालय संगठन, रांची के उपायुक्त डी.पी. पटेल, संयुक्त सचिव कुंवर सिंह पाहन, रांची विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. कामिनी कुमार, शैक्षणिक काउंसलर डॉ. मनुकूल, पूर्व प्राचार्य विंध्याचल पांडेय तथा विद्यालय सभापति संतोष उराँव सहित राज्य एवं केंद्र के अनेक शिक्षाविद् व पदाधिकारी उपस्थित थे। वक्ताओं ने नई शिक्षा नीति, डिजिटल तकनीक के उपयोग, नैतिक मूल्य, और शिक्षण में भावनात्मक जुड़ाव जैसे मुद्दों पर विचार साझा किये। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि नेतरहाट विद्यालय राज्य का गौरव है, जहां से निकलकर छात्र देश-विदेश में संस्थान का नाम रोशन करते हैं। इसकी पारंपरिक गरिमा और अनुशासन को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षा क्षेत्र में हो रहे नवाचार प्रेरणादायक हैं और हमें इन्हें बढ़ावा देना चाहिए। पूरे आयोजन का संचालन शिक्षक रवि प्रकाश सिंह ने किया, जबकि अंत में विद्यालय की ओर से आभार ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला से प्राप्त सिफारिशों को राज्य शिक्षा विभाग को भेजे जाने का निर्णय लिया गया, ताकि स्कूलों में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

### चंदवाः विश्व रक्तदाता दिवस पर 38 रक्तवीरो ने किया रक्तदान

## सीएचसी में लगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता




रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

**चंदवा।** विश्व रक्तदाता दिवस पर शनिवार को चंदवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीयो चंदन प्रसाद व सीओ जयशंकर पाठक ने आयुक्त रूप से फीता काटकर कर किया। शिविर में लातेहार से आई मेडिकल टीम की देखरेख में कुल 38 यूनिट रक्त संग्रहित की गई। शिविर में रक्तदान की महता पर प्रकाश डालते हुए डॉ.मनोज कुमार ने युवाओं को रक्तदान प्रति प्रेरित किया। कहा कि रक्तदानना महादान है, रक्तदान करने न सिर्फ किसी को जीवन दान मिलता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। इससे शरीर में नया रक्त बनता है और प्रतिरोधक क्षमता भी बेहतर होती है। हिंडालको चकला कोल माइंस के प्रकाश कुमार ने कहा कि रक्तदान से किसी की जिदंगी बचाई जा सकती है। ये बात अब आमजन समझ चुका है। इसी कारण से लोग स्वप्रेरणा से रक्तदान करने आ रहे हैं। जबकि डॉ तरुण जोश लकड़ा ने कहा कि समाज में रक्तदान को लेकर समाज में कुछ लोगों में भ्रांतियां भी है, जिस कारण ब्लड बैंक में रक्त की कमी हमेशा देखने को मिलती है। समाज में फैली भ्रांति को दूर कर लोगो को रक्तदान के लिए प्रेरित करने जरूरत है।

### 38 रक्त वीरों ने किया रक्तदान

रक्तदाता शिविर में आशीष कुमार, राज कुमार साहू, सतीश सिंह, सुशील कुमार, कुमार नवनीत, विकास रंजन, विष्णु कुमार, दिवाकर सिंह मुंडा, नवीन कुमार, मनोज भुईया, सुमंत रावत, वैभव देशमुख, अंकित कुमार, अनुराग कुमार, मोहनीश कुमार विकी, अंजर कैशर, पवन वैध, पारस नाथ कुमार महतो, प्रदीप कुमार महतो, कृष्णकांत कुमार, बजरंगी यादव, रजनीश देव, अनिमेष कुमार झा, अनुजदिन तिवारी, मो शाहिद अख्तर, विकास कुमार, रूपेश मुंडा, सूरज मुंडा, राहुल कुमार, वीरेंद्र कुजूर, राजेंद्र कुमार, नगीना देवी, संदीप प्रसाद, रुपेश कुमार, निखिल सिंह, कृष कुमार, आदर्श कुमार, पीयूष अग्रवाल शामिल है। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने हिंडालको चकला कोल माइंस के अधिकारी व कमरी, लैब टेक्नीशियन चंदन कुमार, शोएब अख्तर, डाटा एंट्री ऑपरेटर जुनैद अली, काउंसलर प्रमिला कुमारी, रक्त वाहन चालक मो. गालिब एवं चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य प्रवीण कुमार बोला, रमेश राम, सुमित कुमार व कर्मियों ने अहम योगदान दिया।

## फरार चार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बारियातू।** पुलिस ने 14 जून को बरियातू थाना कांड संख्या -71/24 दिनांक 17.11.24, धारा -111(4) बीएनएस 25,(1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट के फरार अभियुक्त गणेश गंझु,पिता जगन गंझु, राहुल गंझु, पिता नारायण गंझु परमेश्वर गंझु पिता ठाकुरदयाल गंझु प्रवीण राम सभी ग्राम भगिया (बरवाटोला) ,थाना बालूमाथ, जिला लातेहार के घर पर विधिवत इश्तेहार का तामिला किया गया। तथा अविलंब माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया।

## नीट यूजी 2025 की परीक्षा में चंदवा के पीयूष गुप्ता ने लाया 12308 रैंक



पीयूष गुप्ता।

**चंदवा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी 2025 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार चंदवा से विनय कुमार के पुत्र पीयूष गुप्ता ने 550 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया में 12308 वां रैंक व ओबीसी कैटिगरी में 5268 रैंक हासिल किया है। पीयूष कुमार ने कड़ी मेहनत और लगन से पूरे लातेहार जिले में नाम रौशन किया है। विदित हो कि नीट यूजी की परीक्षा देशभर में सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा है। जिसमें इस बार कुल 20 लाख से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया था। नीट के जरिए देशभर के मेडिकल कॉलेजों में एक लाख से अधिक एमबीबीएस सीटों पर दाखिला होता है। सरकारी कॉलेजों, प्राइवेट संस्थानों के अलावा बीडीएस, आयुर्वेद, यूनानी और सिद्धा कोर्स में भी नीट स्कोर से दाखिला होता है। बता दे कि पियूष गुप्ता वर्ष 2023 में मैट्रिक की परीक्षा में टॉपर रहा था, जबकि इसी वर्ष जैक बोर्ड इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय की परीक्षा में जिला टॉपर रहा है।

## विधायक ने छात्र की हत्या पर जताया खेद मुआवजा की मांग को लेकर शीघ्र मिलेंगे जीएम से



विधायक प्रकाश राम छात्र की हत्या पर किया शोक प्रकट।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के आरा ग्राम में चार दिन पूर्व छात्र विजयपथ 17 वर्ष पिता बसंत आनंद की हत्या अपराधियों द्वारा किए जाने के बाद लातेहार विधायक प्रकाश राम ने शनिवार को आरा ग्राम पहुंचे। जहां परिजनों से मिलकर गहरा शोक संवेदना प्रकट किया। व कहा कि इस दुख की घड़ी में हम परिवार के साथ हैं। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि हत्या के बाद ग्रामीणों ने 24 घंटे के अंदर अपराधियों को गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम किया था। पुलिस ने अपना कार्य करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन सीसीएल द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार का मुआवजा की घोषणा नहीं की गई है। यह क्षेत्र सीसीएल के अंतर्गत आता है और यहां के ग्रामीण अपना सारा जमीन देकर सीसीएल पर आश्रित हो गए हैं और इस परिस्थिति में सीसीएल को मुआवजा देना चाहिए। उन्होंने आरा मंदिर के समीप ग्रामीणों के साथ एक बैठक किया। जहां 41 सदस्यीय एक कमेटी का गठन किया। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि कमेटी के सदस्यों के साथ मिलकर शीघ्र ही मगध कोलयरी के जीएम से मिलकर मृतक के परिजनों को मुआवजा की मांग की जाएगी।

### उपायुक्त ने सरयू प्रखण्ड अंतर्गत सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय का निमार्णाधीन भवन का किया निरीक्षण

# सरयू बाजार में नशा मुक्ति अभियान रैली का किया शुभारंभ

- शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार के साथ लोगों की समस्याओं को दूर करना पहली प्राथमिकताः उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा शनिवार को सरयू प्रखण्ड का दौरा किया गया इसी क्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय सरयू, का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पीएम जनमन योजना एवं डीएमएफटी मद द्वारा निमार्णाधीन भवन का निरीक्षण किया। इसी क्रम में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता विद्यालय में उपस्थित बच्चों से मुखातिब हुये उन्होंने सभी क्लास रूम में भ्रमण कर छात्र छात्राओं से उनके पठन पाठन में आने वाले किसी भी तरह के समस्याओं को जानना चाहा। विद्यालय के किचन में जाके बनने वाले भोजन को देखा, आईसीटी लैब, साइंस लैब रूम, कंप्यूटर रूम, लाइब्रेरी, पेयजल एवं शौचालय का निरीक्षण किया। विद्यालय में प्रत्येक वर्ग के समय सारणी नही होने पर नाराजगी जताई, उपायुक्त के द्वारा बच्चों के अनुपस्थिति पंजी देखी गई बहुत दिनों से अनुपस्थित छात्र छात्रओं का टोला-टैगिंग नही होने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अनीस कुमार सिंह से कारण पूछा जिसका उनके द्वारा सन्तोषप्रद जवाब नही दिया गया, शिक्षा विभाग के एमआईएस समन्वयक से ई-विधा वाहिनी के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति निकालने का निर्देश दिया गया, विद्यालय के एसएलसी रजिस्टर में आय व्यय से संबंधित वित्तीय अनियमितता देखी गई जिसके बाद उपायुक्त के द्वारा नाराजगी जताते हुए विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया। साथ ही साथ विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए स्कूल प्रबंधन व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा निमार्णाधीन प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का निरीक्षण किया गया जहाँ उन्होंने भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता से मूलभूत जानकारियां ली। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा नशा मुक्ति एवं मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु राज्य सरकार द्वारा 10 जून से 26 जून तक व्यापक रूप से मादक पदार्थों के दुष्परिणाम एवं रोकथाम के लिए नशा मुक्ति अभियान रैली का शुभारंभ किया। एवं मादक द्रव्यों के रोकथाम के लिए सरयू बाजार में शपथ दिलवाया। इस दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, सहित अन्य उपस्थित थे।




उपायुक्त द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाते हुए।

### बोकारो डीसी ने पीड़ित युवती की सुनी फरियाद, कार्रवाई का दिया आदेश

## बेटियां खुद को कमजोर न समझें : अजयनाथ झा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बेटियां खुद को कमजोर न समझें। वे अपने अंदर आत्मविश्वास को बढ़ाएं। सफलता के लिए जीवन में तीन बातों का ध्यान रखें- गलत का विरोध करें एवं किसी भी काम को समर्पण के साथ करें और अनुशासित रहें। उक्त बातें डीसी अजय नाथ झा ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में न्याय को पहुंची एक बेटी का हौसला बढ़ाते हुए बोल रहे थे। उन्होंने बेटियों-महिलाओं को देश के नवनिर्माण में अपना योगदान देने की बात कहीं। उल्लेखनीय है कि जनता दरबार में पिंड्राजोरा थाना निवासी एक बेटी ने बरमसिया थाना निवासी एक युवक पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने और वर्तमान में शादी से इंकार करने को लेकर मामले में न्याय के लिए पहुंची थी। डीसी ने मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए चास एसडीपीओ को मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करने एवं बाल संरक्षण इकाई को बेटी को संरक्षित करने व कौशल विकास के माध्यम से उसे किसी ट्रेड में प्रशिक्षित करने तथा आगे की पढ़ाई को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। कसमार प्रखंड के क्षेत्रनाथ प्लस टू उच्च विद्यालय हरनाद की व्यावसायिक शिक्षिका उर्मिला कुमारी ने जनता दरबार में अपनी बात रखीं। डीसी ने संज्ञान लेते हुए डीपीएलआर मेनका अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा को एक तिथि निर्धारित कर दोनों पक्षों की बात सुनने और प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। आयोजित जनता दरबार में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने डीसी से मुलाकात की।मौके पर डीपीएलआर मेनका अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, डीटीओ वंदना शेजवलकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक पीयूष, डीइओ जगरनाथ लोहरा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# वीडियो कॉल से जांची जायेगी शिक्षकों की उपस्थिति : डीसी दुमका

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** डीसी अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की बैठक की गई। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान की मासिक समीक्षा करते हुए के ई विद्यावाहिनी में उपस्थिति नहीं बनाने वाले शिक्षकों के भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीईओ को निर्देश दिया कि वे संबंधित विद्यालय में स्वयं जाकर उसकी वास्तविक स्थिति का प्रतिवेदन तैयार करेंगे। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि एक शेल का गठन कर प्रतिदिन विद्यालयों को एट रैंडम वीडियो कॉल कर शिक्षकों की वास्तविक उपस्थिति की जांच करवाएं। जो शिक्षक फोन नहीं उठाते या विद्यालय से अनुपस्थित पाए जाते हैं उन पर तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने मासिक पाठ्यक्रम मध्याह्न भोजन योजना पाठ्य पुस्तक साइकिल वितरण कार्यक्रम की वास्तविक स्थिति विद्यार्थियों को फोन कर जांच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निदेश दिया कि विद्यालय विकास मद में बहुत बड़ी राशि बिना उपयोग पड़ी हुई है इसके लिए आवश्यक बैठक कर बेंच डेस्क चारदीवारी आदि मूलभूत सुविधाओं के निर्माण में इसका व्यय किया जाए ।स्थानीय विधायक चूंकि विद्यालय विकास समिति के सदस्य होते हैं अतः माननीय विधायकों से इस संबंध में पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि संबंधित कनीय अभियंता इस संबंध में प्राक्कलन तैयार कर लेंगे। तथा विकास कोष की राशि किस कार्य में व्यय किया गया है उसके पूर्व एवं बाद की स्थिति का फोटो सहित आवश्यक दस्तावेज समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है इसलिए वे विद्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे। कार्यालयों में भी सभी आवश्यक दस्तावेज व्यवस्थित रूप से पाया जाना चाहिए। यदि किसी विद्यालय या कार्यालय में निरीक्षण के दौरान कोई गड़बड़ी पकड़ी गई तो वे तत्काल कार्रवाई करेंगे।

स्पीड न्यूज

### पोडैयाहाट मे महिला ने की आत्महत्या



गोड्डा। पोडैयाहाट थाना क्षेत्र के लत्ता संथाली टोला मे बीते शुक्रवार रात्रि बहामय किस्कू (26) वर्ष गांव निवासी महिला ने गमछा का फंदा बनाकर दादी के घर में ही आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस शनिवार सुबह घटनास्थल पहुंची जहां देखा कि मृत महिला गमछा का फंदा बनाकर घर के धारण से लटकी हुई है जो कि मृतिका का दोनों पैर का गुठना जमीन से सटा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने शव को उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या की घटना पर गांव के ग्रामीण ने आशंका जताया हैं कि महिला की हत्या कर फंदे से लटकाया गया है। मृतका की शादी राजाभीठा थाना क्षेत्र के बासजोरी गांव निवासी संजय मुर्मू के साथ लव मैरिज मंदिर में हुई थी। जिससे (8) वर्ष गोलू मुर्मू पुत्र है। मृतिका फिलहाल सरौनी बजार स्थित रानीडीह मे रहा करती थी। मृतका के पति मजदूरी करने के लिए बाहर गुजरात गए हुए है।

### बोकारो : नशीले पदार्थो के धंधेबाजों का गुर्गा चढ़ा पुलिस के हत्थे



बोकारो। बोकारो जिलान्तर्गत आर्या बिहार राजेन्द्र नगर क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर बोकारो पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को अवैध रूप से हेरोइन बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक-मुख्यालय अनिमेष गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। गिरफ्तार युवक की पहचान मो सलीम अंसारी-पिता दिल मोहम्मद अंसारी निवासी-गौस नगर मखदुमपुर थाना बालीडीह बोकारो के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह मोटरसाइकिल से गौस नगर राजेन्द्र नगर आर्या बिहार मखदुमपुर हैसाबातु सिवनडीह आदि क्षेत्रों में स्थानीय युवकों को हेरोइन बेचता है। अभियुक्त के पास से 13 पुड़िया हेरोइन बरामद हुई। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच जारी है। छापामारी दल में डीएसपी-मु. अनिमेष गुप्ता पुनि नवीन कुमार सिंह थाना प्रभारी बालीडीह सहित थाना बालीडीह के कई पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशा कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। हालांकि जिला के विभिन्न क्षेत्रों में नशे के विभिन्न उत्पादों के बिक्री की चर्चा है।

### एसवीएम-3सी में श्याम सुंदर जैन के निधन पर श्रद्धांजलि-सभा



बोकारो। सरस्वती विद्या मंदिर 3 सी के विशाल सभागार में स्व श्याम सुंदर जैन के निधन पर श्रद्धांजलि व शोक सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बोकारो महानगर के संघ चालक रंजीत बर्णवाल भारतीय संस्कृति ज्ञान मंदिर के अध्यक्ष अमोल लच्छीरामका सचिव सिद्धेश नारायण दास जी सरस्वती विद्या मंदिर 9 के अध्यक्ष अभय कुमार श्रीवास्तव 2ए सशिविमं के सचिव विपिन कुमार ठाकुर निरंजन कुमार सिंह सुधीर कुमार जीपी सिंह एवं 3सी विद्या मंदिर के प्राचार्य संजीव कुमार ने समाजसेवी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गोड्डा डीसी ने आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

# राशन वितरण में कम वजन, अधिक रेट लेने की सूचना पर होगी कड़ी करवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** समाहरणालय सभागार में डीसी अंजली यादव की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।

उक्त बैठक में डीसी के द्वारा आपूर्ति विभाग से संबंधित विभिन्न एजेंडों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान डीसी ने एनएफएसए, ग्रीन कार्ड, आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना, किरासन, चीनी, नमक वितरण इत्यादि का प्रखंडवार समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीलरों के द्वारा राशन वितरण के दौरान कम वजन, कही अधिक रेट लेने तथा आमजनों के साथ दुर्व्यवहार करने की सूचना मिलेगी तो ऐसे डीलरों



आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक में डीसी अंजली यादव

के खिलाफ त्वरित करवाई की जाएगी। सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेना लाभार्थियों का हक है और लाभ प्रदान करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

आधार सिडिंग के सभी कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए। डीसी ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि बिना स्लिप का कोई भी डीलर राशन वितरण ना करें। ऐसा करते हुए कोई डीलर मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिए गए कि प्राथमिकता के तहत पीवीटीजी परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित किए जाए साथ ही इसका ऑनलाइन करना भी सुनिश्चित करें। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि कि गोड्डा जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र संचालित हैं।

जिनका लाभ लाभुकों को मिल रहा है। डीसी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि दाल भात केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए जांच की जाए की केंद्रों का संचालन एवं साफ-सफाई सही तरीके से किया जा रहा है या नहीं। यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो ऐसे केंद्र पर कार्रवाई करना सुनिश्चित किए जाएं। बैठक के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता गोड्डा, श्रवण राम जिले के सभी एमओ, एजीएम, डीएसडी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे।

### मिथिला एकेडमी में पुस्तक लोकार्पण सह साहित्यिक समारोह आज

**बोकारो।** साहित्यलोक व मिथिला सांस्कृतिक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार दिन में 10:30 बजे से मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल सेक्टर 4 के विद्यापति सभागार में आयोजित साहित्यिक समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार विजय शंकर मल्लिक सुधापति की तीन मैथिली पुस्तकों- कौटिल्यक अर्थशास्त्र- आचार्य चाणक्यक अवदान व प्रहरी पुरुष का लोकार्पण किया जायेगा साथ ही पुस्तकों की समीक्षा व कविता पाठ कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा व मिथिला सांस्कृतिक परिषद के सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक ने बताया कि इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय वन सेवा के अवकाश प्राप्त वरिष्ठ अधिकारी व साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार कुमार मनीष अरविंद (रांची) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार हितनाथ झा (हजारीबाग) उपस्थित रहेंगे।

## नागरिक अधिकार मंच ने केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** नागरिक अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा मुकुल ने बोकारो हवाई अड्डा के अधूरे रह गए कार्यों को शीघ्र पूरा करा यहां से व्यवसायिक हवाई उड़ान जल्द प्रारंभ करने को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा एवं केंद्रीय राज्य मंत्री सह सांसद रांची संजय सेठ से रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालयों में मिलकर एक ज्ञापन दिया और आग्रह किया कि इस हवाई अड्डा का शिलान्यास उड़ान योजना के तहत वर्ष 2018 में किया गया था जिसे वर्ष 2022 तक बनकर तैयार होजाना था और हवाई उड़ान प्रारंभ हो जानी थी मगर राजनीतिक कुचक्र का शिकार होकर आजतक भी यह चालू नहीं हो पाया है । राज्य सरकार द्वारा कुछ छोटे छोटे कार्य आज भी अधूरे पड़े हुए हैं। साथही पर्यावरणीय प्रमाण पत्र भी प्रदान करना है जिसे वह वर्षों से जानबूझकर लटकाकर रखा है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा बने दसों वाचिंग टावरों को अब बदल कर बुलेट प्रूफ बनाना है पर आश्चर्य इस बात का है कि देश में किसी भी हवाई अड्डे में अभी तक कहीं भी बुलेट प्रूफ वाचिंग टावर नहीं बना है फिर बोकारो हवाई अड्डा को इसके लिए क्यों लटकाया जा रहा है-यह समझ से परे है। उपरोक्त विषयों पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि बोकारो हवाई अड्डा के विषय में केंद्रीय उड्डयन मंत्री और एयर पोर्ट अथॉरिटी से बातें कर यहां से विमान परिचालन में आरही रुकावटों को जल्द दूर करने का आग्रह करेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री संजय सेठ ने ज्ञापन को अच्छी तरह पढ़ने के बाद वहीं से फोन कर निदेशक विमानपत्तन से बात कर सारी विषयों की जानकारी लिया तथा निर्देश दिया।

### नवगठित बोकारो एवं करगली क्षेत्रीय समिति का कथारा में हुआ सम्मान

## श्रमिकों के हितों की रक्षा होगी : दिगंबर महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** पिछले दिनों लंबे अंतराल के बाद बोकारो एवं करगली क्षेत्र का राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। जिसमें अध्यक्ष पद पर दिगंबर महतो और सचिव पद पर सुबोध सिंह पवार का चयन किया गया है। नई समिति की सूची जारी होने पर बेरमो कोयलांचल में मजदूरों के बीच हर्ष व्याप्त है। इसके आलोक में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कथारा क्षेत्रीय कार्यालय सह मजदूर मसीहा स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति भवन में अभिनंदन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने किया। नवनिर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष दिगंबर महतो ने कहा मजदूरों के सुख दुख का साथी बनेगा मजदूरों के अधिकार की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करने के लिए टीम भावना के साथ आगे बढ़ेंगे। अत्यधिक मजदूरों को संगठन से जोड़कर संगठन को मजबूत करने का प्रयास करूंगा। निर्वाचित क्षेत्रीय सचिव सुबोध सिंह पवार ने कहा यूनियन को तभी मजबूत किया जा सकता है जब मजदूरों का विश्वास जीता जा सके। अजय कुमार सिंह ने कहा कि पूरे देश के कोयला मजदूरों का भविष्य अनुप बाबू के नेतृत्व में सुरक्षित है संगठन द्वारा हमेशा श्रमिकों के अधिकार की रक्षा के लिए संगठन संघर्षरत है। नवगठित क्षेत्रीय समिति में कार्यकारी अध्यक्ष जयनाथ ताती प्रताप सिंह सहायक सचिव रोशन सिंह शिवनारायण गोप सुकुमारन अरूननजय सिंह अविनाश सिन्हा लाखन सिंह लोगों का पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सीसीएल रीजनल कमेटी के संगठन सचिव वेदव्यास चौबे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश शर्मा चंद्रशेखर प्रसाद सहसचिव आशीष चक्रवर्ती विजय यादव शिवपूजन सिंह महाप्रबंधक कार्यालय के सचिव मिश्रा, रणजीत सिंह कमलकांत सिंह शकील अहमद शब्बीर अंसारी बलराम गोप भीमसेंट लुईस तुलसी राय आनंद मांझी अरुण सिंह अमनदीप सिंह मंसूर खान श्रवन भीखम नसीम अख्तर गोपाल राम देवाशीष आश संतोष सिन्हा भुनेश्वर रवानी नरेश रविदास सुजीत मिश्रा बिंदु चंद हेमराम रामकुमार मिश्र संतोष राम गोड सहित दर्जनों लोग शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय सहायक सचिव विजय यादव ने किया।

## गोमिया का एक और व्यक्ति चढ़ा पलायन की भेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोमिया।** थाना क्षेत्र के स्वांग महावीर स्थान निवासी 45 वर्षीय रिजवान हुसैन की मलेशिया में संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई थी। 14 दिन बाद शनिवार को उनका शव पैतृक गांव पहुंचा। शव के पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी खुसीर्दा बानो और पुत्र अरबाज हुसैन दहाड़ मारकर रोने लगे। मोहल्ले के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंचे और शोकसंतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। शव को शुक्रवार की रात मलेशिया से फ्लाइट द्वारा कोलकाता लाया गया, जहां से सड़क मार्ग से एम्बुलेंस द्वारा शव को गोमिया स्थित उनके आवास लाया गया। शनिवार शाम को पुराना माइनस के कब्रिस्तान में मृतक को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। परिजनों ने बताया कि मंत्री सह गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद के प्रयास से ही शव को भारत लाना संभव हो सका। मृतक की पत्नी ने मंत्री को पत्र लिखकर सहायता की अपील की थी। मंत्री ने विदेश मंत्रालय से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करवाई। परिजनों ने उनके प्रति आभार जताया। गौरतलब है कि परिवार को 2 जून की सुबह सूचना मिली कि रिजवान हुसैन का शव मलेशिया में एक पेड़ से लटका हुआ मिला है। परिजनों ने इसे संदेहास्पद बताते हुए भारत सरकार से मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। रिजवान पिछले आठ वर्षों से मलेशिया में काम कर रहे थे और परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। शव पहुंचने पर भारी भीड़, मुआवजे की मांग किया है। रिजवान के अंतिम दर्शन को भारी संख्या में लोग उमड़े। मौके पर मुखिया विनोद विश्वकर्मा, मो मुमताज, अरविंद सिन्हा, मो जसीम, मो साबिर, मो शहजादा, हसनैन गनी, हाजी फजले गनी, मो कल्लू, मो मजहर, मो मुस्तकीम, मौलाना हसमत रजा, मो मुबारक, पूर्व उप मुखिया मो इम्तियाज, मो असलम, मो जालिम सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## गोड्डा : विश्व रक्तदान दिवस पर 31 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** विश्व रक्तदान दिवस पर जिला मुख्यालय सहित विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 31 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। वहीं सुंदरपहाड़ी के टेरी मिशन की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में 19 दाताओं ने रक्तदान किए। सदर अस्पताल स्थित रक्त अधिकोष में इंडियन रेड क्रास सोसाइटी की जिला इकाई की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि एसडीओ बैद्यनाथ उरांव ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे बढ़कर कोई दान नहीं होता है। रक्तदाता के एक यूनिट रक्त से किसी गंभीर मरीज की जान बचाई जा सकती है। आज रक्तदान दिवस पर इसकी सार्थकता बढ़ जाती है। रेडक्रास की ओर से सतत इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने इस पुनित कार्यों में बढ चढ़कर भाग लेने व जागरुकता पैदा करने का आह्वान किया। मौके पर रेड क्रास सोसाइटी के मुकेश गाड़िया, संजीव टेकरीवाल, शूरू इरफानी, राजेश कुमार झा सहित 12 गणमान्यों ने रक्तदान किया। रक्तदान प्रक्रिया में मिलन नाग, राजेश सहित अन्य सहयोगी का योगदान रहा।

एक नजर में

### 36 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य को सभी के सहयोग से पूरा करना है : पीओ



बेरमो। सीसीएल के ढोरी प्रक्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना मे शनिवार को खनन क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए डंपर और शावेल ऑपरेटरो ने परियोजना पदाधिकारी राजीव कुमार सिंह और मैनेजर मुनीनाथ सिंह को बुके देकर सम्मानित किया है। यह सम्मान कामगारों द्वारा अपने पदाधिकारी के उत्कृष्ट नेतृत्व और मार्गदर्शन को मान्यता देने के लिए दिया गया है, जिसके कारण खदान में काम सुचारू रूप चल रहा है। पीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 मे 36 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य को सभी के सहयोग से पूरा करना है। जिसमे आउटसोर्सिंग पैच 23 लाख टन, डिपार्टमेंटल 10 लाख टन और हाईवाल माइनिंग के तहत नई तृकनीक से इस वर्ष 3 लाख टन कोयला उत्पादन किया जाएगा। कहा कि लक्ष्य के अनुसार कोयले काउत्पादन और सम्प्रेषण करना है। कहा कि डीजीएमएस से हमें निरंतर सुरक्षा संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त होता रहता है, सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और हम 'सुरक्षा प्रथम' के सिद्धांत के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कहा कि विकसित भारत के लिए खनन क्षेत्र का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार स्तंभ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, उत्पादन, स्वास्थ्य एवं कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। सम्मानित करने वाले मे राम प्रवेश, अजय नोनिया, मनोज पाणिग्रही, राजेश, फूली गोरा, मो अकबर, भुनेश्वर, भिखारी, रोहन, छोटन, युगेश, केदार, मेघलाल, बीरबल, सुधीर शामिल थे।

### अहमदाबाद विमान हादसे पर युवा व्यवसायी संघ फुसरो ने दी श्रद्धांजलि



फुसरो। अहमदाबाद में 12 जून को हुए भीषण विमान हादसे में घटना के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए युवा व्यवसायी संघ फुसरो के प्रधान कार्यालय में शनिवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में संघ के सदस्यों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। साथ ही, हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गयी। संघ के अध्यक्ष बैभव चौरसिया व कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार ने कहा कि यह घटना हम सभी के लिए अत्यंत दुखद है। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति दें। मौके पर फुसरो नप के पूर्व पार्षद भरत बर्मा, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह, संतोष भगत, गुडडू जैन, बिनय बरनवाल, कामता प्रसाद, मिथलेश कुमार, नारायण ठक्कर, बजरंगी गुप्ता, मुकेश पंडित, धमेंद्र बर्मा, रविंद्र कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### पोडैयाहाट मे दो बच्चों की मां ने प्रेमी से की शादी



गोड्डा। पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के अमगाछी गांव मे जनार्दन यादव के पुत्र श्रवण यादव को छोड़कर आकाशी गांव निवासी हारू यादव की बेटी बालमुखी देवी पति के दो बच्चे मोहन कुमार यादव (10) वर्ष रेखा कुमारी (6) वर्ष को छोड़कर जिला के निपनियां गांव निवासी मगोडी यादव के पुत्र दिलीप यादव प्रेमी के साथ शादी कर ली है। इसके पुर्व ससुलाल के परिजनों एंव मायके के परिजनों ने प्रेमिका महिला को काफी देर तक थाना परिसर मे समझाया बुझाया लेकिन दो बच्चे की मां बालमुखी देवी एक ना सुनी और बार बार प्रेमी दिलीप यादव के साथ जिन्दगी बिताने का फैसला लिया और दोनों पक्ष से आए हुए लोगों के बनाये गये कागजात पर अपना हस्ताक्षर कर अंतिम निर्णय प्रेमी दिलीप यादव के साथ रहने का लिया। थाना परिसर मे दोनो बच्चे के साथ पति ससुराल के परिजन एंव मायके के माता पिता परिजन को छोडकर दिलीप यादव के साथ चली गई। जानकारी के अनुसार बालमुखी देवी के पति श्रवण यादव ने बीते दिन थाना मे आवेदन देकर आरोप लगाया था कि पत्नी दोनो बच्चे को छोडकर घर मे बीना बताये चार दिन से गायब है। जिसके बाद पुलिस कार्यवाही करते हुए दोनो प्रेमी जोड़े को निपनियां गांव से पकड़ कर लाया। जानकारी दोनों पक्ष के लोगों को दी गई। जानकारी मिलते ही दोनों पक्ष के लोग पंचायत मुखिया प्रतिनिधि के साथ ग्रामीणों को लेकर थाना पहुंचे। जहां प्रेमी जोड़े ने साथ में रहने का निर्णय लिया और चले गए। पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ मामला है। प्रेमी जोड़े बालिक है। दोनों ने साथ में रहने का निर्णय लेकर चले गए है।

### देहव्यापार मामले में होटल संचालक 72 घंटे बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर

दुमका। देहव्यापार करने का मामला शहर के होटलों में छापेमारी कर जिला प्रशासन ने मामले का उजागर किया। मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में पुलिस प्रशासन के पांच फूल रहे है। मामले में नगर थाना पुलिस 72 घंटे बाद भी मामला दर्ज कर आरोपी होटल संचालक को जेल नहीं भेज सकी है। शनिवार को देर शाम तक आरोपियों को पुलिस हिरासत में नगर थाना में रखी है। गुरूवार की देर शाम जिला प्रशासन ने होटलों में छापेमारी कर दो होटल संचालक समेत छह से सात देहव्यापार करने वाली युवतियों को हिरासत में लिया था। प्रशासन नगर पालिका चौक स्थित होटल मत्स्यगंधा एवं साकेत होटल में देह व्यापार के मामले में कार्रवाई करते हुए हिरासत में ली थी। प्रशासन एसडीओ कौशल कुमार के नेतृत्व में गठित प्रशासनिक टीम ने होटल में छापेमारी की। जिसमें प्रशासन होटल के कमरों में चार युवतियां को हिरासत में ली थी। साथ ही होटल रजिस्टर में केवल दो लोगों की एंट्री दर्ज थी। होटल के एक कमरे से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई। छापेमारी को लेकर एसडीओ कौशल कुमार के अनुसार, यह कार्रवाई 15 जून को आयोजित एक परीक्षा से जुड़े पेपर लीक गिरोह की सूचना पर की गई। सूचना मिली थी कि यह गिरोह शहर के होटलों में ठहरा हुआ है। यहां बता दें कि छापेमारी व कार्रवाई के 72 घंटे बाद भी होटल संचालाको के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकी। हलांकि युवतियां को पुलिस पहले ही छोड़ चुकी है। पुलिस होटल संचालक को हिरासत में लिए है। हिरासत में लिए होटल संचालक को 72 घंटे बाद भी जेल नहीं भेजने पर सवाल खड़ा कर रही है। मामले में थाना प्रभारी नंदकिशोर प्रसाद ने कुछ भी स्पष्ट बताने से इंकार करते हुए मामले में कार्रवाई की जा रही की बात कह टाल दिया है।

### विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मियों ने किया रक्तदान



दुमका। विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य पर बाल संरक्षण के विभिन्न कर्मियों ने कुम्हारपाड़ा स्थित ग्लोकल ब्लड सेंटर में शनिवार को रक्तदान किया। ग्लोकल ब्लड सेंटर के संचालक मो वाजिद अंसारी ने सभी रक्तवीरों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अपने जीवन में सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है। ज्यादा आयरन जमा होने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है। साथ ही इससे ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी कंट्रोल में रहता है। जिससे हार्ट हेल्थ बेहतर होती है। रक्तदान करने वाले संप्रेक्षण गृह के अब्दुल गफ्फार, सुमित कुमार, संदीप कुमार, सुबोध कुमार सुमन, चाइल्ड हेल्पलाइन से मो शमीम अंसारी, मो इब्नुल हसन, पवन कुमार मंडल, बाल गृह (बालक) से संजू कुमार, दिनेश कुमार पासवान रक्तवीरों ने रक्तदान किया।

### किशोरियों को दी गयी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



बोकारो/कसमार। सरकारी कल्याणकारी योजना से जुड़ाव तथा जेंडर समानता को लेकर के सहयोगिनी द्वारा कसमार प्रखंड के पोंडा पंचायत भवन में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान रिसोर्स पर्सन प्रकाश कुमार झा ने बताया कि किशोरियों तथा महिलाओं के लिए सरकार की बहुत सारी योजनाएं हैं जिसकी जानकारी सभी के पास होना चाहिए। सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ाव हेतु सभी दस्तावेजों को हमेशा अपडेट रखने की जरूरत है तथा ऑनलाइन तथा ऑफलाइन के माध्यम से आवेदन किया जाना है। इस दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना मुख्यमंत्री कन्यादान योजना स्कूली छात्रवृत्ति साइकिल वितरण योजना मैया सम्मान योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना गुरुजी क्रेडिट कार्ड मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी गई तथा सभी योग्य लाभुकों को आवेदन की प्रक्रिया समझाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने कहा कि लड़के-लड़कियों के बीच व्याप्त जेंडर विभेद को दूर करने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाएं हैं जिस पर चरणबद्ध तरीके से लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान सहयोगिनी की मंजू देवी सीमा रजवार नीतू मुर्मू आदि उपस्थित थी।

# तबाह हो जायेगा तेहरान

## ईरान के हमले में तीन इजरायली की मौत, रक्षा मंत्री ने दी चेतावनी

**एजेंसी**

**दुबई।** ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष की लपटें भयानक रूप ले रहीं हैं। ईरान ने शनिवार सुबह इजरायल पर जवाबी मिसाइल हमले किए, जिसमें तीन लोग मारे गए और दर्जनों जख्मी हुए। इससे पहले इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकाने और ईरानी सेना पर हमले किए थे। इजरायल का दावा है कि उसने ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए ऐसा कदम उठाया था। दोनों मुल्कों के बीच इस संघर्ष ने दुनिया भर में चिंता बढ़ा दी है। इजरायल ने अपने हमलों में जंगी जहाजों और पहले से तैनात ड्रोनों का इस्तेमाल किया। उसने ईरान के बड़े जनरलों और नेताओं को निशाना बनाया। दूसरी तरफ, ईरान ने इजरायल पर करीब 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें से ज्यादातर को इजरायल की एयर डिफेंस ने रोक लिया। इसके बावजूद, कुछ मिसाइलें तेल अवीव और यरूशलम में गिरीं, जिससे नुकसान हुआ। इजराइल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने हमलों के बीच ईरान को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, अगर ईरान ने इजरायल पर मिसाइलें दागीं तो तेहरान आग में जलेगा। ईरान का




तानाशाह अपने लोगों को बंधक बना रहा, खासकर तेहरान के बाशिंदों को भारी कीमत चुकानी होगी। काट्ज ने यह बयान आइडीएफ चीफ ऑफ स्टाफ, मोसाद के निदेशक और दूसरे बड़े अफसरों के साथ बैठक के बाद दिया। तेल अवीव के बेलिन्सन अस्पताल के मुताबिक, ईरान की मिसाइल से एक महिला की मौत हो गई। इसके बाद इस हमले में मरने वालों की संख्या तीन हो गई। अस्पताल ने सात जख्मी लोगों का इलाज भी किया। इजरायल की फायर सर्विस ने बताया कि एक मिसाइल ने तेल अवीव में इमारत को नुकसान पहुंचाया। मगन डेविड एडम पैरामेडिक सर्विस ने कहा कि मध्य इजरायल में एक मिसाइल हमले में दो लोग मारे गए और 19 जख्मी हुए।

### ईरान के परमाणु संयंत्र को नुकसान

**तेहरान।** ईरान ने स्वीकार किया है कि इजरायल के हाल ही में हुए हमले में उसके फोर्डो परमाणु संयंत्र को नुकसान पहुंचा है। ईरान की अर्द्धसरकारी समाचार एजेंसी आइएसएनए ने देश के परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रवक्ता के हवाले से यह जानकारी दी है। ईरान के सरकारी मीडिया के अनुसार, आईडीएफ ने शुक्रवार शाम को कोम के उत्तर-पूर्व में स्थित ईरान को फोर्डो परमामु संयंत्र को निशाना बनाया था। इजरायल ने अपने हमले में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े 9 वरिष्ठ वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों को मार दिया है। आइडीएफ ने शनिवार दोपहर को इसकी पुष्टि की है। मारे गए वैज्ञानिकों में परमाणु इंजीनियरिंग के विशेषज्ञ फेरेदून अब्बासी और अहमद रजा जोलफागरी दरयानी, रासायनिक इंजीनियरिंग के एक्सपर्ट मोटालेबी जादेह, सईद बरजी, भौतिकी विशेषज्ञ मो. महदी तेहरानसी, मंसूरी असगरी और अमीर हसन फखाही के साथ ही भौतिकी एक्सपर्ट अब्द अल-हामिद मिनौशहर और मैकेनिक एक्सपर्ट अली बखौई कटिरीमी शामिल हैं।

### हतामी बने ईरान की सेना का मुख्य कमांडर

**तेहरान।** ईरान के कमांडर-इन-चीफ अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई ने देश के सैन्य नेतृत्व के पुनर्गठन के लिए प्रमुख नियुक्तियों की घोषणा की है। मेजर जनरल आमिर हतामी को इस्लामी गणतंत्र ईरान की सेना का मुख्य कमांडर नियुक्त किया गया है। हातमी इससे पहले 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री भी रह चुके हैं। इरना ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि अपने आधिकारिक आदेश में खामेनेई ने हातमी के समर्पण, क्षमता और अनुभव की प्रशंसा की और उनके नेतृत्व में परिवर्तनकारी और क्रांतिकारी दृष्टिकोण का आह्वान किया। ईरान के पूर्व सशस्त्र सेना प्रमुखजनरल मोहम्मद हुसैन बाघेरी की हत्या के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई ने मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को उनका उत्तराधिकारी नियुक्त किया है। एक्स पर एक पोस्ट में खामेनेई ने लिखा, ₹इजरायल के हाथों लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद हुसैन बाघेरी की शहादत को देखते हुए और मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी की सराहनीय सेवाओं और मूल्यवान अनुभव के मद्देनजर, मैं उन्हें सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में नियुक्त करता हूं।




## स्पीड न्यूज

### भविष्य के युद्ध की तैयारी में जुटी सेना

**जैसलमेर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना भविष्य के युद्ध की तैयारी में जुट गयी है, इसी क्रम में सेना अपनी मारक क्षमता को और मजबूत करने एवं भविष्य की चुनौतियों के मद्देनजर छोटे-छोटे महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास कर रही है। सैन्य सूत्रों ने शनिवार को बताया कि भारतीय सेना के बेटल एक्स डिवीजन ने राजस्थान के तपते रेगिस्तान में फ्यूचर रेडी विषय पर आधारित एक बेहद अहम सैन्य अभ्यास किया। इसमें अभियानोन्मुखी प्रशिक्षण, अत्याधुनिक हथियारों और तकनीकी प्रणालियों का समावेश करके रेगिस्तानी युद्ध की संभावनाओं पर गंभीरता से काम किया गया।

### इजरायल में एयर रेड अलर्ट घोषित

यरुशलम। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि ईरानी ड्रोन हमले के कारण देश के कई क्षेत्रों में एयर रेड अलर्ट घोषित किया गया है। आईडीएफ ने शनिवार को कहा कि ईरान से इजराइल की ओर भेजे गये मानव रहित ड्रोन (यूएवी) की पहचान के बाद इजरायल के कई क्षेत्रों में सायरन बजने लगे। देश की वायु सेना ड्रोन हमले को रोकने और खतरे को टालने के लिए काम कर रही है। लोगों को होम फ्रंट कमांड के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा गया है।

### मणिपुर के हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में एक ऑपरेशन चलाया और इस दौरान 328 हथियार बरामद किये। पुलिस ने शनिवार को बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस, सीएपीएफ और सेना की संयुक्त टीमों ने गुरुवार और शुक्रवार को पांच जिलों के बाहरी इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। उस दौरान, एसएलआर और इंसास राइफलें, पांच कार्बाइन बंदूकें, पांच एमपी5 बंदूकें, दो एलएमजी और 12 एके राइफलें बरामद की गयीं।

### देश में कोरोना से नौ मरीजों की मौत

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से नौ और मरीजों की मौत होने से इस वायरस से मरने वालों की कुल संख्या 87 हो गयी और 269 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ कुल सक्रिय मामले 7400 हो गये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में महाराष्ट्र में कोराना से चार, केरल में तीन और राजस्थान और तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत हो गयी है।

# कार्तिकेय शर्मा बने पटना के एसएसपी

### बिहार में डेढ़ दर्जन आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार ने डेढ़ दर्जन आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। पटना के साथ जहानाबाद, जमुई, समस्तीपुर, पूर्णिया और सुपौल जिले के एसपी बदल दिए गए हैं। मुजफ्फरपुर को भी नया नगर और ग्रामीण एसपी मिला है। अवकाश कुमार को पटना एसएसपी के पद से हटाते हुए बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-1, पटना का समादेष्टा बनाया गया है। पूर्णिया के एसपी रहे कार्तिकेय के शर्मा को पटना का नया एसएसपी बनाया गया है। गृह विभाग ने शनिवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। विशेष शाखा के एसपी विनीत कुमार को जहानाबाद का नया एसपी बनाया गया है। मुजफ्फरपुर के सिटी एसपी रहे विश्वजीत दयाल को जमुई, जहानाबाद के एसपी अरविंद प्रताप सिंह को समस्तीपुर, पटना मध्य की एसपी स्वीटी सहरावत को पूर्णिया और पटना पश्चिम के एसपी सरथ आरएस को सुपौल का नया एसपी बनाया गया है। सीआईडी के एसपी चंद्रशेखर प्रसाद को पटना के विधि-व्यवस्था एसपी की जिम्मेदारी मिली है। अभी तक समस्तीपुर के एसपी रहे अशोक मिश्रा को विशेष शाखा, सुपौल एसपी रहे शैशव यादव को एआईजी आधुनिकीकरण, मुजफ्फरपुर के ग्रामीण एसपी विद्या सागर को ईआरएसएस (डायल-112) के एसपी का कार्यभार मिला है।

### एसबीआई का होम लोन 0.50 फीसदी हुआ सस्ता

**नयी दिल्ली।** आरबीआई के नीतिगत दर रेपो रेट में संशोधन के करने के बाद कई बैंकों ने अपने लेंडिंग रेट में कटौती की है। इसी कड़ी में देश एवं सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, एसबीआई ने अपनी प्रमुख लोन दरों में 0.50 फीसदी तक की कटौती की है। नई दरें 15 जून से लागू होंगी। स्टेट बैंक ने शनिवार को बताया कि लोन की ब्याज दरों में 0.50 फीसदी तक की कटौती की गई है। इस कटौती के बाद एसबीआई से सभी तरह के लोन लेना अब सस्ता हो जाएगा।

# सेना को मिले 419 जांबाज अफसर

## देहरादून आईएमए में 451 कैडेटों ने अंतिम पग किया पार

**एजेंसी**

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में गहन प्रशिक्षण लेने वाले 451 जांबाज कैडेट शनिवार को पास आउट हो गए। पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग पार करते ही 419 अफसर भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। इसके साथ ही 32 विदेशी कैडेट भी पास आउट हुए।

समारोह के मुख्य अतिथि श्रीलंका सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लसंथा रोड्रिगो ने बतौर रिव्यूइंग अफसर परेड की सलामी ली। आईएमए के चेटवुड बिल्डिंग के ड्रिल स्क्वॉयर में सुबह 156वीं पासिंग में आर्मी बैंड की



धुन पर एडवांस कॉल के साथ ही छाती ताने देश के भावी कर्णधार हौसले के साथ 156 नियमित पाठ्यक्रम, 45 तकनीकी प्रवेश योजना और 139 तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम, विशेष कमीशन अधिकारी (एससीओ-54) के कुल 452 कैडेट कदमताल के साथ परेड के लिए पहुंचे। कंपनी सार्जेंट मेजर ने ड्रिल स्क्वायर पर अपनी-अपनी जगह ली। इसके बाद परेड कमांडर ने ड्रिल स्क्वायर पर जगह ली। मार्कर्स कॉल के साथ परेड का आगाज हुआ। कैडेट्स के शानदार मार्चपास्ट से दर्शक दीर्घा में बैठा हर एक शख्स मंत्रमुग्ध हो गया। एक साथ उठते कदम और गर्व से तने सीने दर्शक दीर्घा में बैठे हरेक शख्स के भीतर ऊर्जा का संचार कर रहे थे।

परेड के उपरांत आयोजित पीपिंग व ओथ सेरेमनी के बाद 451 जेंटलमैन कैडेट्स बतौर लेफ्टिनेंट देश-विदेश की सेना का अभिन्न अंग बन गए। इनमें 419 युवा सैन्य अधिकारी भारतीय थल सेना को मिले। नौ मित्र राष्ट्र के 32 कैडेट्स भी पास आउट हुए। इस मौके पर सेना के हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।







